


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 श्रेयस अय्यर में कप्तानी के स्वाभाविक गुणः रवि शास्त्री

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया 12



वर्ष : 12 | अंक : 338 | नई दिल्ली, मंगलवार, 19 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, तृतीया, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 40.0°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

बुधवार और गुरुवार को राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश होने के आसार जताए गए हैं।

**पोल**

**बढ़ती मंहगाई पर दिल्ली में ओला उबर व ऑटो ड्राइवरों का हड़ताल करना क्या सही है?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 20% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 55,300 |
| चांदी | 69,900 |
| सेंसेक्स | 57,166 |
| निफ्टी | 17,173 |

हड़तालः ड्राइवरों की हड़ताल के चलते यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

# ओला-उबर का चक्का जाम, ऑटो भी ऑफरोड

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में सोमवार को टैक्सी, ऑटो और ओला, उबर के कैब ड्राइवरों ने हड़ताल का ऐलान किया है। ऐसे में टैक्सी, ऑटो, मिनी बस, ओला और उबर कैब के पहिए राजधानी में थमे नजर आ रहे हैं। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, देशभर में पिछले दिनों पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है, ऐसे में कैब ड्राइवर टैक्सी के किराए को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली में ऑटो टैक्सी यूनियन की हड़ताल के दौरान ड्राइवर हाथों में मांगों के पोस्टर लिए नजर आए। ड्राइवरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इतना ही नहीं ड्राइवरों ने कहा, हम परेशानी झेल रहे यात्रियों से माफी मांग रहे हैं, मगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा गुजर-बसर मुश्किल हो जाएगा। वहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर देश के अलग हिस्सों से यात्री पहुंच रहे हैं, मगर स्टेशन के बाहर उन्हें कोई ऑटो टैक्सी नही मिल रही है। उन्हें दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में जाना है। परिवार और बच्चे साथ हैं। मगर काफी देर इंतजार करने के बावजूद कोई गाड़ी इन्हें नहीं मिल रही है। ऑटो, टैक्सी और कैब ड्राइवर्स एसोसिएशन ने दिल्ली में सोमवार से दो दिन की हड़ताल बुलाई है। दरअसल, कई ऑटो, कैब ड्राइवर मांग कर रहे हैं कि कैब के दामों में इजाफा किया जाए और ईंधन की कीमतें घटाई जाएं। हालांकि, दिल्ली सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद ड्राइवरों ने हड़ताल बुलाने का फैसला किया है। इस मामले में दिल्ली सरकार ने कमेटी बनाकर ड्राइवर्स की मांगों पर चर्चा करने की बात कही है।

एसोसिएशन का दावा है कि दो दिन की हड़ताल में ज्यादातर कैब और ऑटो ड्राइवर्स हिस्सा लेंगे। इतना ही नहीं दिल्ली में ऑटो, टैक्सी और मिनी बस ड्राइवरों के तमाम संगठनों ने भी हड़ताल का ऐलान किया है। उधर, सर्वोदय ड्राइवर एसोसिएशन के चीफ कमलजीत गिल ने कहा, सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने और किराया बढ़ाने की दिशा में कोई काम नहीं कर रही है। ऐसे में हमने सोमवार से अनिश्चित काल के लिए हड़ताल बुलाई है। दिल्ली ऑटो रिक्शा एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा, CNG के दामों में इजाफे से ड्राइवरों को परेशानी उठानी पड़ रही है।




**मांग**

- आज से दो दिन की हड़ताल पर कैब ड्राइवर

**कई संगठन आए साथ**

दिल्ली ही नहीं पूरे देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में ओला और उबर के कैब ड्राइवर एसोसिएशन ने टैक्सी किराया बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार से हड़ताल का ऐलान किया है। उधर, दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ की तरफ से भी सीएनजी पर सब्सिडी की मांग की गई है। संघ का कहना है कि सरकार अगर उनकी मांग नहीं सुनती, तो वे हड़ताल करेंगे।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना का दावा

# नहीं मिला मस्जिद में भगवा झंडा फहराने का कोई साक्ष्य

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार शाम को जहांगीरपुरी में हिंसा के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए दिल्ली पुलिस कमिश्वर राकेश अस्थाना ने माहौल बिगाड़ने वालों को कड़ा संदेश दिया है। सोमवार दोपहर में पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने कहा कि कुछ लोग इंटरनेट मीडिया के जरिए शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता अफवाहों पर ध्यान न दें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया है कि दिल्ली पुलिस की जांच के दौरान जहांगीरपुरी में शनिवार को हुई हिंसा मामले में मस्जिद में भगवा झंडा फहराने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि शनिवार को जहांगीरपुरी में हिंसा के दौरान 9 लोग घायल हुए, जिनमें 8 पुलिस अधिकारी हैं। राकेश अस्थाना ने बताया कि मामले में अबतक 23 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इंटरनेट मीडिया की वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। मस्जिद में भगवा झंडा फहराने का कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। गिरफ्तारी दोनों पक्ष से की गई हैं। क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी गई। इंटरनेट मिडिया एनालिसिस किया जा रहा है, जो लोग गलत जानकारी दे रहे हैं, उनके खिलाफ उचित कानूनी

**जहांगीरपुरी हिंसा**

- पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की
- हमारी टीम ने की हालात संभालने की हर संभव कोशिशः पुलिस कमिश्नर
- झड़प में आठ पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें लगी

**बजरंग दल और विहिप पर एफआइआर, प्रेम शर्मा गिरफ्तार**

दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के दिन जहांगीरपुरी में हुई हिंसा के संबंध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करते हुए विहिप के एक सेवा प्रमुख प्रेम शर्मा को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच कर रही है। हिंसा के मामले में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने आज एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया था कि हनुमान जयंती पर जहांगीरपुरी में निकाली गई शोभायात्रा के लिए पुलिस से इजाजत नहीं ली गई थी।

**राम नवमी और हनुमान जयंती पर दिल्ली समेत 7 राज्यों में हुई हिंसा का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, दाखिल हुईं कई याचिकाएं**

एडवोकेट विशाल तिवारी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में ज्यूडिशियल कमीशन के जरिए इन राज्यों में हुई हिंसा की जांच कराए जाने की मांग की है। राजस्थान के करौली, गुजरात के साबरकांठा, आणंद और द्वारका में एवं मध्य प्रदेश के खरगौन में रामनवमी के दिन निकाली गई शोभा यात्रा पर कथित पथराव के बाद हिंसा भड़क गई थी।

## संक्षिप्त खबर

### देश के नए आर्मी चीफ होंगे लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे भारत के अगले थलसेनाध्यक्ष होंगे। पांडे सेना के वर्तमान उप-प्रमुख हैं और वह जनरल एम.एम. नरवणे की जगह लेंगे जो इस महीने के अंत तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं। बता दें कि लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे पहले इंजीनियर होंगे, जो भारतीय सेना की कमान संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने अपनी 37 साल की सेवा में ऑपरेशन विजय और ऑपरेशन पराक्रम में सक्रिय भाग लिया है। केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा, "सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को अगले सेनाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है।" 30 अप्रैल को लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को भारतीय सेना की कमान सौंपी जाएगी।

### मोदी करेंगे दुनिया के पहले वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात के जामगनगर में मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगन्नाथ तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयसस की उपस्थिति में दुनिया के पहले डब्ल्यूएचओ वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र (डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन) का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर तीनों नेता केंद्र के भवन का शिलान्यास भी करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा है कि वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर से पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना है। यह पहल भारत के साथ-साथ वैश्विक समुदाय के लिए सस्ती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने में मदद करेगी।

# कोरोना के बढ़ते मामलों पर योगी सरकार गंभीर

लखनऊ, एजेंसी

- लखनऊ, नोएडा सहित कई शहरों में मास्क अनिवार्य

उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-09 को अलर्ट मोड पर आने के निर्देश दिया है। इसके साथ ही तत्काल प्रभाव से एनसीआर क्षेत्र के प्रदेश के जिलों गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद तथा हापुड़ के साथ ही राजधानी लखनऊ में अब सार्वजनिक स्थल पर सभी के लिए मास्क पहनना अनिवार्य पर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कछ राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण के केस में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसका एनसीआर के जिलों हापुड़, गौतमबुद्ध नगर तथा गाजियाबाद में भी प्रभाव बढ़ा है। बीते कुछ दिनों से यहां पर लगातार केस बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 65 तथा गाजियाबाद में 20 नए संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही लखनऊ में 10 भी दस नए पाजिटिव की पुष्टि हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि इन सभी क्षेत्रों में स्थिति पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही साथ निर्देश दिया है कि एनसीआर के जनपदों गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर तथा बागपत के साथ राजधानी लखनऊ में सभी सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। इन जनपदों में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए। इसके साथ ही सभी जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए।

## राहुल का यूपीएससी के नये अध्यक्ष को लेकर सरकार पर हमला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मनोज सोनी को संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी का नया अध्यक्ष बनाने को लेकर सोमवार को सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एक-एक कर संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है। सोनी की नियुक्ति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राहुल गांधी ने यूपीएससी को नया नाम देते हुए इसे यूनियन प्रचारक संघ कमीशन करार दिया और कहा कि सरकार संस्थाओं को खत्म कर रही है। उन्होंने ट्विटर कर तंज करते हुए कहा यूनियन प्रचारक संघ आयोग। एक एक कर संस्थाओं को खत्म कर संविधान को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक समाचार एजेंसी से जारी खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है कि यूपीएससी का नया अध्यक्ष मनोज सोनी को बनाया गया है।

# मौसम विभाग ने जारी किया दिल्ली में आंधी-बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में पिछले कई दिनों से गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। मार्च महीने से शुरू हुई गर्मी की तपिश में दिनों दिन इजाफा हो रहा है। हालांकि, आने वाले दिनों में दिल्लीवासियों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

दो दिनों तक जहां बारिश की संभावना जताई गई है तो 21 अप्रैल को आंधी चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से दो दिनों तक बारिश होने वाली है।

हालांकि, तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगी, लेकिन बारिश की वजह से धूप से राहत मिलने की संभावना है। दिल्ली के इस हफ्ते के आगामी दिनों के तापमान की बात करें तो सोमवार को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहेगा। सोमवार और मंगलवार, दोनों दिन तेज धूप के साथ हीट वेव का कहर जारी रहेगा। मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहेगा। बुधवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

इसके अगले दिन गुरुवार को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। बुधवार और गुरुवार को राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश होने के आसार जताए गए हैं।

उधर, शुक्रवार को राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस दिन आसमान में बादल छाए रहने के आसार हैं।



- हीट वेव से मिलेगी राहत

**अगले हफ्ते शनिवार से मौसम में आएगा बदलाव**

शनिवार और रविवार को दिल्ली के मौसम में बदलाव आने की उम्मीद है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इसके अलावा, रविवार को अधिकतम तापमान में हल्का बदलाव आएगा और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शनिवार और रविवार, दिल्ली में दिन के समय तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की आशीष मिश्रा की जमानत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत खारिज कर दी है। उनको एक हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार अप्रैल को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दी थी, जिसको अब सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित पक्ष का ध्यान नहीं रखा। पीड़ित पक्ष की सुनी नहीं गई। कोर्ट ने फैसला सुनाने के बाद मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट को वापस भेज दिया है। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने पर किसान नेता राकेश टिकैत ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद दिया है। टिकैत ने कहा कि कोर्ट ने महसूस किया कि यूपी सरकार ने तथ्य प्रस्तुत नहीं किए, इसलिए जमानत याचिका रद्द कर दी। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है और उम्मीद है कि आने वाले समय में किसानों को न्याय मिलेगा। हालांकि कोर्ट के फैसले के बाद आशीष मिश्रा को एक राहत भी मिली है। अब वे फिर से जमानत की अपील कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार वह नए सिरे से जमानत के लिए इलाहाबाद कोर्ट में एक नई याचिका डाल सकते हैं।

जमानत रद करने की याचिका पर फैसला चीफ जस्टिस एनवी रमणा, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने सुनाया है। हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों द्वारा हाईकोर्ट के जमानत देने के फैसले को चुनौती दी गई थी। वहीं जस्टिस रमणा की पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला चार अप्रैल को ही सुरक्षित रख लिया था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले पर भी आपत्ति जताई थी जिसमें आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के लिए प्राथमिकी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'अप्रासंगिक' जानकारी को आधार माना गया था।



- एक हफ्ते में करना होगा सरेंडर
- फिर से जमानत की अपील कर सकेंगे आशीष

# मार्च में 4 महीने के उच्च स्तर पर 14.55 फीसदी पहुंची थोक महंगाई दर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारत की थोक महंगाई दर मार्च में चार महीने के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई और यह 14.55 फीसद रही। भले ही हाल में सब्जियों की कीमतों में थोड़ी नरमी दिखी हो लेकिन क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें और कमोडिटी के दाम बढ़ने से थोक महंगाई दर में उछाल दर्ज किया गया। सोमवार को सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 के बाद से लगातार 12वें महीने थोक महंगाई दर दहाई अंकों में बनी हुई है।

विनिर्मित वस्तुओं की महंगाई दर मार्च में 10.71 फीसदी रही है जो फरवरी में 9.84 फीसद थी। ईंधन और पावर क्षेत्र की बात की जाए तो मार्च के दौरान इनकी कीमतों में 34.52 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मार्च में क्रूड पेट्रोलियम की महंगाई दर में 83.56 फीसद का उछाल दर्ज किया गया जो फरवरी में 55.17 फीसद था। इससे पहले थोक महंगाई दर का ऐसा स्तर नवंबर 2021 में देखा गया था जब यह 14.87 फीसद के स्तर पर पहुंच गया था।

फरवरी में थोक महंगाई दर 13.11 फीसद के स्तर पर थी। वहीं, पिछले साल के मार्च में यह 7.89 फीसद थी। मार्च 2022 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर घटकर 8.06 फीसद रही जो फरवरी में 8.19 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर भी थोड़ी नरम हुई और यह फरवरी के 26.93 फीसद के मुकाबले 19.88 फीसद रही।

वाणिज्य मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि 'मार्च में महंगाई दर में बढ़ोतरी की प्राथमिक वजह क्रूड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, मिनरल ऑयल, बेसिक मेटल्स आदि की कीमतों में बढ़ोतरी रही है। रूस-यूक्रेन विवाद की वजह से इनका सप्लाई चेन प्रभावित हुआ है।'



- विनिर्मित वस्तुओं की महंगाई दर मार्च में 10.71 फीसदी रही

**कार्यक्रम** नड्डा ने देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखकर मोदी सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों को सामने रखा

# देश को बांटने के लिए वोट बैंक व तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है विपक्षः नड्डा

नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखकर मोदी सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों को सामने रखा और विपक्षी दलों पर वोट बैंक एवं तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। नड्डा ने अंग्रेजी भाषा में लिखे गये इस तीन पृष्ठ के पत्र में लिखा है कि भारत की विकास यात्रा इस समय एक अहम मुकाम पर है। हम सब आजादी के 75वीं वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह मौका है जब हम सबको सोचना चाहिए कि वर्ष 2047 में आजादी का शताब्दी महोत्सव कैसे मनाएंगे और उस समय हमारा देश कैसा होना चाहिए। इस समय भारत पर पूरी दुनिया की निगाहें लगी हैं। एक 135 करोड़ लोगों के देश जिसके बारे में कोविड में बरबाद होने की आशंका जतायी जा रही थी, वह देश विश्व की फामेर्सी के रूप में सम्मान के साथ देखा जा रहा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बीते आठ साल में देश की राजनीति बदल गयी है। विभाजनकारी, वोट बैंक और खास लोगों पर केन्द्रित राजनीति को जनता ने ठुकरा दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र पर समान अवसरों पर आधारित सरकार ने हर नागरिक को सशक्त किया है।

उन्होंने पत्र में विपक्षी दलों के संयुक्त अपील वाले पत्र को लेकर कांग्रेस, वामदलों और तृणमूल कांग्रेस आदि पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में एक समान नीति के तहत समाज के सभी तबके का विकास हो रहा है लेकिन विपक्षी दलों को यह रास नहीं आ रहा है और वो फिर से आपस में एकजुट होकर देश को बांटने की राजनीति में जुट गये हैं। विपक्षी दलों के पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि वे देश की पहचान और मेहनती देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने राजस्थान में हुई घटना को शर्मनाक बताते हुए कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाया और श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1966 में साधुओं पर की गई गोलीबारी, श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद श्री राजीव गांधी द्वारा दिए गए बयान और सिख दंगे, 1980 के दशक में कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं के साथ किए गए अत्याचार और कांग्रेस की अन्य सरकारों के कार्यकाल में हुई गोलीबारी और दंगों की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर तीखे प्रहार किये तो वहीं पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु की घटनाओं का जिक्र करते हुए सुश्री ममता बनर्जी, वामदलों और द्रविड मुनेत्र कषगम पर भी निशाना साधा। नड्डा ने महाराष्ट्र में एक कैबिनेट मंत्री की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन की भी आलोचना की। उन्होंने अपने पत्र में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत, राज्यसभा में 100 का आंकड़ा पार करने और उत्तर प्रदेश विधानपरिषद में भी बहुमत हासिल करने का जिक्र करते हुए कहा कि बौखलाहट की वजह से विपक्षी दल फिर से देश को बांटने वाली राजनीति करने पर उतर आए है। श्री नड्डा ने देश के लोगों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए विपक्षी दलों से अपनी-अपनी राजनीति की दिशा बदल कर विकास के मुद्दे पर राजनीति करने की भी अपील की।



- हम सब आजादी के 75वीं वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैंः जेपी नड्डा

## फिश प्रोसेसिंग यूनिट में बड़ा हादसा, टैंक में गिरे मजदूर को बचाने बाकी उतरे, दम घुटने से पांच की मौत

मंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मंगलुरु में बड़ा हादसा हुआ है। फिश प्रोसेसिंग यूनिट में दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई है। हादसे के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मंगलुरु पुलिस कमिश्नर एन शशि कुमार ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ये हादसा मंगलुरु के विशेष आर्थिक क्षेत्र में उल्का एलएलपी में स्थित फिश प्रोसेसिंग यूनिट में हुआ है। हादसा बीती शाम का बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक मजदूर कचरा संग्रह टैंक के अंदर गिर गया और बेहोश हो गया। उन्होंने आगे बताया, 'टैंक में गिरे मजदूर को बचाने के लिए सात और मजदूर नीचे उतरे। नीचे उतरने पर बाकी मजदूर भी बेहोश हो गए। किसी तरह सभी मजदूरों को टैंक से बाहर निकाला और एजे अस्पताल में पहुंचाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा में आईपीएल पर सट्टा लगाने वाले नौ लोग गिरफ्तार

राउरकेला (ओडिशा)। ओडिशा के सुन्दरगढ़ जिले में आईपीएल पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों की उम्र 19 से 28 साल के बीच है और वे छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने स्थानीय निवासी से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया है। बीरमित्रपुर थाने के पुलिस अधिकारी मानस प्रधान ने बताया कि इनके पास से 18 मोबाइल फोन, दो लेपटॉप और एक टैबलेट मिला है।

### पिंपड़ी चिंचवड़ में आठ वर्षीय बच्चा मृत मिला

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में पिंपड़ी चिंचवाड़ के चिखली इलाके में आठ वर्षीय बच्चे का शव मिला है। इससे कुछ घंटे पहले वह लापता हो गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि बच्चा रविवार दोपहर से लापता था और उसके पिता की किराने की दुकान है। उन्होंने बताया कि बच्चे का शव शाम में मिला और उसके सिर पर चोट लगी थी जो किसी भारी चीज से मारने की वजह से लगी है।

# समाज में बदलाव लाने के लिए सभी का साथ जरूरी : पुष्कर सिंह धामी

काशीपुर, एजेंसी



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने कॉमन सिविल कोड, पर्यटन, शिक्षा सहित राज्य के विकास का खाका खींचा। काशीपुर के बासखेड़ा में प्राथमिक स्कूल के रूपांतरण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार सरलीकरण के मंत्र पर काम करेगी। सरलीकरण, समाधान और निस्तारीकरण पर ध्यान देना है। उत्तराखंड को एक मॉडल प्रदेश में कैसे विकसित करना, सरकारी कामकाज में सरलीकरण व भ्रष्टाचार पर लगाम जैसी बातों से धामी पर दिल्ली बैठक का असर साफ तौर पर नजर आ रहा था।

सीएम ने एक बार फिर यूनिफार्म सिविल कोड के लागू होने को लेकर कहा कि कैबिनेट मीटिंग बड़ा फैसला लिया है वादे को निभाते ही अपने पहली बैठक में इसे लागू करने का फैसला किया है। इसी के अंतर्गत एक कमेटी बनाई है जो कॉमन सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अपने कमेटी जो बना रहे हैं उसमें विधि के जानकार होंगे और यह ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इस ड्राफ्ट को विधि विभाग द्वारा जांच की जाएगी। मेरा अन्य राज्यों से भी निवेदन है कि वह भी इस कानून को अपने-अपने राज्यों में लाए। सरकारी जटिल प्रक्रियाओं को आसान करने के लिए सरकार काम करेगी। इसमें भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म करेंगे। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता व इस पर अंकुश के लिए 1064 का नंबर शुरू किया है। इसके लांच होते ही कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसमें शिकायत करने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

शिक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि जिले के 256 प्राथमिक विद्यालयों का रूपांतरण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आप लोगों से अलग नहीं है कंधे से कंधा मिलाकर ही हम बदलाव ला सकते हैं। काशीपुर में बहल पेपर मिल की तरफ से सात विद्यालयों का रूपांतरण किया गया है। काशीपुर के रूपांतरण कार्यक्रम के तहत बने स्कूल मॉडल के रूप में काम करेगा। इससे प्रेरणा लेकर जिले में अन्य स्कूलों को बेहतर किया जाएगा।

**कार्यक्रम**

- काशीपुर जिले के 256 प्राथमिक विद्यालयों का रूपांतरण किया जाएगा: धामी

धामी ने कहा-यह आप लोग की सरकार है समाज में बदलाव लाने के लिए सभी का साथ जरूरी है। सरकार एक सीमा तक काम कर सकती है लेकिन समाज जब मिलकर काम करेगा तो बेहतर परिणाम आएंगे। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड में पढ़ने वाले सभी बच्चों को हर मूलभूत सुविधाएं मिल सके। शिक्षा को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी कितने संवेदनशील है परीक्षा संवाद के दौरान देखने को मिला। जिस सरलता से उन्होंने बच्चों से परीक्षा पर उससे बच्चों के मन से परीक्षा का डर निकल गया। शिक्षा मूल्य समय से पहचानना होगा और एक बार समय निकल जाए तो वक्त दुबारा नहीं लौटता। हमारा लक्ष्य है तो बच्चों का यह स्वर्णीम समय में हम बेहतर से बेहतर सुविधा दे सके। हमने बच्चों के लिए खेल नीति के लेकर आए है युवाओं को बेहतर अवसर बन सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है इसमें बच्चों में अगर योग्यता है और किसी खेल में जाता है तो उसे पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। उनके रहने, खाने और आने जाने का व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार पर्यटन के लिहाज से नए कीर्तिमान हासिल होने वाले हैं। चारधाम यात्रा मई के पहले सप्ताह से शुरू हो रहे हैं।

आलम यह है कि कई पर्यटक स्थलों पर होटलों की बुकिंग अगले दो माह तक फुल हो चुका है। दो साल कोविड के चलते यह उद्योग प्रभावित रहा है लेकिन इस बार कोई व्यवधान नहीं है सरकार की तरफ से सभी प्रकार से पानी, सड़क और बिजली की निर्बाध आपूर्ति पर फोकस करेंगे। यूपी से आने वाली मुरादाबाद सड़क को बेहतर बनाने के लिए भी बात की जाएगी।

# भाजपा गुंडों, दंगाइयों का समर्थन करती है: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर हमले करने वाले गुंडों को दो दिन पहले सम्मानित किया था। इससे संदेश गया कि भाजपा गुंडों, दंगाइयों का समर्थन करती है। इसके तुरंत बाद दिल्ली में दंगे हो गए। भाजपा की ओर से गुंडों को सम्मानित किए, जाने से उत्साहित होकर इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया। इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। यह कहना है आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी का। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपना नाम भारतीय जनता पार्टी से बदलकर भारतीय गुंडा पार्टी कर लेना चाहिए। यह पार्टी सिर्फ गुंडों को बढ़ावा देती है।

उधर, आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ से निकाली गई शोभायात्रा में कहीं पर कोई घटना नहीं हुई। जहां पर भाजपा ने कार्यक्रम किया वहीं पर इस तरह की घटना हुई। इससे स्पष्ट है कि भाजपा दंगे करवा रही है, जब जांच

**हमला**

- भाजपा की ओर से गुंडों को सम्मानित किए जाने से उत्साहित होकर दंगाइयों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया:आतिशी

होगी तो स्पष्ट हो जाएगा कि दंगे में पकड़े जाने वाले सभी भाजपा से जुड़े हैं। भारतीय जनता पार्टी ने कई राज्यों में दंगे कराने के बाद अब दिल्ली में दंगे करवाए हैं। भाजपा के पास दंगे कराने की विशेषज्ञता है। बीजेपी को हमेशा से दंगों का फायदा होता है।

भाजपा दंगे करा कर राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है। भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, झारखंड, कर्नाटक के बाद दिल्ली में दंगे कराए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस जैसा हाल दिल्ली पुलिस का है। इनको राजनीति के जरिए कठपुतली की तरह नचाया जाता है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

# पुलिसकर्मियों ने जान पर खेलकर बचाया युवक, समिति ने किया सम्मान




रुड़की, प्रात : किरण संवाददाता

बंदा रोड पर रविवार रात अपनी जान पर खेलकर युवक अनस की जान बचाने वाले कांस्टेबल विकास त्यागी व सुनील कुमार को सोमवार को कोतवाली रुड़की में उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह चैहान ने कहा कि रुड़की में जो वातावरण आपसी भाईचारे का पाया जाता है वह किसी शहर में देखने को नहीं मिलता। समिति के संरक्षक ईश्वर लाल शास्त्री ने कहा कि किसी की जान बचाना सबसे बड़ी इंसानियत और महानता है। रुड़की पुलिस इसमें हमेशा आगे रही है। चाहे नहर में डूबने वालों को बचाना हो या अन्य लोगों को पुलिस के जवान सदैव इस कार्य में तत्पर रहते हैं, जो बधाई के पात्र हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप के सहयोग से नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी सद्भाव बनाने में स्थानीय पुलिस का बहुत योगदान रहता है। इस अवसर समिति के अध्यक्ष अफजल मंगलौरी, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सुंद्रियाल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह, संजीव ग्रोवर, प्रेस सचिव मेयर इमरान देशभक्त, महिला नेत्री रश्मि चौधरी, सलमान फरीदी समाजसेवी, भाजपा नेता अनीस अहमद, चौधरी सुभाष नंबरदार किसान नेता सुभाष चौधरी नंबरदार, सपना चैहान, परवेज फिरोज आदि मौजूद रहे।

# इंदौर को स्वच्छता, कल्चर, नवाचार सहित अनेक थीम में मिले छह अवार्ड

भोपाल, एजेंसी

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को सूरत (गुजरात) में इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कांटेस्ट-2020 में विभिन्न थीम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्मार्ट सिटीज को अवार्ड वितरित किये। इंदौर को विभिन्न केटेगरी में छह अवार्ड मिले। स्टेट अवार्ड में मध्यप्रदेश को दूसरा स्थान मिला। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अवार्ड प्राप्त करने वाली स्मार्ट सिटीज को बधाई दी है।

कल्चर थीम में इंदौर और चंडीगढ़ को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इसी थीम पर डिजिटल म्यूजियम बनवाने पर ग्वालियर को तीसरा स्थान मिला है। इंदौर को हेरिटेज के बेहतर संरक्षण पर यह आवर्ड मिला। साथ ही इंदौर को स्वच्छता थीम पर म्युनिसिपल बेस्ट मेनेजमेंट सिस्टम के लिए तिरूपति के साथ संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इंदौर को इकोनॉमी थीम पर कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म के लिए, बिल्ट एनवायरमेंट थीम पर छप्पन दुकान के लिए, इनोवेशन अवार्ड में कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म और सिटी अवार्ड में इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से ओवरआल विनर का अवार्ड दिया गया।



**अवार्ड**

- केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी ने दिये अवार्ड
- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने दी बधाई

अर्बन एनवायरमेंट थीम में संयुक्त रूप से भोपाल और चेन्नई विजेता घोषित हुए। भोपाल को क्लीन एनर्जी में उल्लेखनीय कार्य करने पर यह अवार्ड मिला। सिटी अवार्ड में राउण्ड-एक में जबलपुर को तीसरा एवं राउण्ड-तीन में सागर को दूसरा स्थान मिला है।

# तुलसी का पौधा भेंटकर दिया दुल्हे-दुल्हन को आशीर्वाद

देहरादून, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी पहाड़ के साथ ही मैदान में भी वृक्षारोपण की अलख जगाए हैं। ग्राम पट्टी विधोली प्रेमनगर में अंकित पंवार व राखी के विवाह समारोह में पहुचे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने दूल्हा दुल्हन को शगुन में तुलसी का पौधा उपहार में देकर सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी कहते हैं शादी जीवन के हर पल साथ निभाने का अटूट बंधन हैं जहां सात फेरे इस बंधन को विश्वास की डोर से विश्वशनीय बनाती हैं वही जीवन का सफर खुशियों से महकते हुए कटता है शादी जीवन का वह पल होता हैं जिसकी यादें जीवन भर आती रहती हैं ऐसे यादगार पलो को फोटो में कैद करने के साथ इस धरा को मित्र व दोस्त रूप में एक पौधा लगाना चाहिए ताकि ये पौधा पेड़ बनकर पक्षियों के लिए आश्रम व जानवरों, राहगीरों के लिए छाव दे सके। शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहे युगल जोड़े से डॉ सोनी ने अपील की, शादी के इस दिन को यादगार बनाते हुए एक पौधा अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरणीय संतुलन बन सके। दुल्हा अंकित पंवार ने कहा शादी का पल जीवन में खुशियां लेकर आता हैं वही दुल्हन राखी कहती हैं सात फेरों की रस्म जीवन का अटूट विश्वास है जो जीवन के सफर का एहसास ही नही होने देती है। विवाह समारोह में गीता देवी, गजेंद्र सिंह पंवार, श्याम सिंह पंवार, जगदीश सिंह, बिजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, जीत सिंह, मुकेश सिंह, खुशहाल सिंह आदि थे।



### ध्वज पूजन कर निकाली शोभा यात्रा, विहिप ने किया प्रसाद वितरण

**रुड़की।** श्री बालाजी जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद की ओर से राहगीरों को मीठा शरबत वितरण किया गया। इस दौरान संगठन की ओर से हनुमानजी की शोभायात्रा का भी स्वागत किया गया। अम्बर तालाब में विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष देशबंधु गुप्ता के कार्यालय पर आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम के दौरान भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन ने कहा कि हनुमानजी कलियुग में भी अमर है। बजरंगबली को पूजने वाले भक्तों पर कभी संकट नहीं आता। विश्व हिंदू परिषद हमेशा से धर्म और समाज के कार्यों में आगे रहा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष देशबंधु गुप्ता ने बताया कि श्री बालाजी जयंती के उपलक्ष में राहगीरों के लिए मीठे शरबत का वितरण किया गया है। इससे लोगों को गर्मी से भी काफी राहत मिली है। इस अवसर पर ब्रजमोहन मौर्य जिला कोषाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, दीपांकर जिला सेवा प्रमुख, दलीप मेंहदीरत्ता जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख, प्रवीण राणा, बीएल अग्रवाल आदि मौजुद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास की किस्त में विलंब हुआ तो मैं समझूंगा दाल में कुछ काला है : शिवराज

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना के हितग्राही को किस्त मिलने में विलंब नहीं होना चाहिए। विलंब होता है तो गड़बड़ी की संभावना बनती है। यदि ऐसा हुआ तो मैं समझूंगा कि दाला में कुछ काला है और हम भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से नगरीय निकायों के खातों में 931 करोड़ रुपये अंतरित करते हुए कही। 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार दस लाख की आबादी वाले निकायों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर) को 432 करोड़ रुपये वायु की गुणवत्ता में सुधार, पेयजल योजनाओं, सीवरेज, स्वच्छता और स्थानीय विकास के कार्यों के लिए आवंटित किए गए हैं।



शेष 499 करोड़ रुपये अन्य निकायों को विकास कार्य के लिए आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहरी विकास के काम तेजी से चल रहा है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर को वायु की गुणवत्ता में सुधार, सिटी एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के लिए 131 करोड़ 50 लाख का अनुदान दिया जा रहा है। पेयजल और स्वच्छता के लिए 301 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। 10 लाख से कम आबादी शहरों को 499 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। इस राशि का उपयोग वेतन-भत्ते को छोड़कर विकास कार्यों में किया जाना है। योजना बनाकर समयसीमा में लक्ष्य की पूर्ति के लिए काम करें। पेयजल की आपूर्ति के काम को प्राथमिकता में करना है। स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। इसमें कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। हमें देश में नंबर एक पर रहना है। मानसून के पहले शहरी क्षेत्र की सड़कें के रखरखाव का काम पूरा कर लें। प्रधानमंत्री आवास के लिए पर्याप्त राशि है। समय से किस्त हितग्राही के खाते में जमा करें।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास, पथ विक्रेता को ऋण दिलाने सहित अन्य क्षेत्रों में लगातार पुरस्कार प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री के प्रयास से प्रधानमंत्री आवास योजना में एक लाख 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। माफिया के विरुद्ध बुलडोजर चलाने का काम चल रहा है।

# आश्रम, बैंकों में पहुंच फायर सर्विस की टीम ने किया जागरूक



रुड़की, प्रात : किरण संवाददाता

सेवा सुरक्षा जागरूकता (अग्निशमन सेवा सप्ताह) अभियान के अंतर्गत 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार के आदेश के अनुपालन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुड़की के दिशा निर्देशन में फायर यूनिट रुड़की की टीम द्वारा सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जीवनदीप आश्रम एवं ट्रस्ट सेवा केंद्र रामनगर रुड़की ट्रेंड्स रिलायंस मॉल रामनगर एवं ईशान सोसायटी हरिद्वार रोड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया डमडमम चैक, पंजाब नेशनल बैंक जादूगर रोड आदि संस्थानों एवं स्वयंसेवी संस्थाओ मे अग्निशमन उपकरणों एवं अग्नि दुर्घटना होने पर चलाने आदि की विधि के बारे में बताया। साथ ही पंपलेट आदि बांट कर आम जनता को इस बाबत जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा चालक प्रदीप लाल आदि मौजूद रहे।

# भोपाल: डीआरएम ने लोगों को पुराने रेल इंजन कोच व उपकरणों से रूबरू कराया

भोपाल, एजेंसी

विश्व विरासत दिवस और विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। भोपाल रेलवे स्टेशन पर रेलवे की तरफ से विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें पुराने रेल इंजन, पुराने रेल कोच, पुराने उपकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय दोपहर में उक्त प्रदर्शन का अवलोकन करने पहुंचें। वहां मौजूद यात्रियों और इच्छुक युवाओं को रेल इंजन, पुराने कोच और उपकरणों की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया है।

रेल मंडल ने भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-छह की ओर विश्व धरोहर व विश्व विरासत दिवस पर रेलवे ने आम लोगों के लिए विशेष प्रदर्शनी लगाई है। बता दें कि देश में पहली ट्रेन 16 अप्रैल 1853 में चली थी जिसका 169वां वर्ष चल रहा हैं।

- राष्ट्र सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं : शैलेश वर्मा

भोपाल से इटारसी के बीच 1882 में पहली ट्रेन दौड़ी थी। प्रदर्शनी में रेलवे के इन प्राचीण संस्मरणों को सचित्र शामिल किया गया है। इतना ही नहीं भोपाल के बोट क्लब में प्रदर्शनी के लिए रखा गया रेल स्टेलियान, भोपाल रेल मंडल कार्यालय व गुना के भाप इंजन को भी सचित्र प्रदर्शित किया जा रहा है। डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय ने प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों बताया कि मंडल ने पुराने इंजन, कोच, उपकरणों को सहेजकर रखा है। हाल ही में नागपुर मंडल से एक नैरोगेज कोच मंगवाया है।वह इसी स्टेशन परिसर में खड़ा है। उसके आकर्षक अंदाज में पेश करने की योजनाओं पर काम कर रहे हैं। विश्व धरोहर दिवस व विश्व विरासत दिवस पर इन ऐतिहासिक इंजनों, रेल कोचों व उपकरणों से लोगों को जुड़ने का दे रहे हैं।आगे भी इस तरह की पहल करते रहेंगे। डीआरएम ने कहा कि इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की संपत्तियों के संरक्षण के प्रति रेलवे सजग है और नई पीढ़ी को इनसे अवगत कराने के प्रयास कर रहा है।

डीआरएम ने बताया कि भोपाल रेल मंडल के पास संरक्षित धरोहर में सांची, नर्मदापुरम, शिवपुरी जैसे स्टेशनों के भवन भी हैं। इनकी तस्वीरें और इनसे जुड़े इतिहास को इस प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। तत्कालीन समय में उपयोग किए जाने वाले रेलवे से जुड़े उपकरण भी मौजूद हैं। बता दें 1868 तक उत्तर भारत में आगरा तक रेलवे ट्रैक था तो दक्षिण की तरफ खंडवा तक रेल लाइन थी। तब भोपाल की नवाब शाहजहां बेगम ने पहल की थी और उस समय 34 लाख रुपये अपनी ओर से खर्च कर ब्रिटिश अधिकारी हेनरी डेली की मदद से भोपाल व इटारसी के बीच ट्रेन चलवाई थी।

### त्रिपुरा की महिला को पति एवं अन्य ने पीटा, प्रेमी से जबरन कराया विवाह

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवई जिले में विवाहेतर संबंध रखने के संदेह में अधेड़ उम्र की एक महिला को कथित तौर पर पीटा गया और उसे उसके कथित प्रेमी से विवाह करने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कथित घटना शनिवार रात तेलियामुरा थाना क्षेत्र के मध्य कृष्णापुर में हुई, जिसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तेलियामुरा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सोनाचरण जमातिया ने पीटीआई भाषा से कहा, हम यह जानने के लिए एक दल को पीड़िता से मिलने भेजेंगे कि वास्तव में क्या हुआ था। पुलिस को अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन कथित घटना की जांच की जाएगी। महिला ने शनिवार रात संवाददाताओं से कहा कि उसके विवाहेतर संबंध के शक में उसके पति की अगुवाई में 15 लोग उसे धान के खेत में ले गए और उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिसके बाद वह बेहोश हो गई।

# लद्दाख से अरुणाचल तक घुसपैठ की ताक में चीन, सेना और आईटीबीपी हाई अलर्ट पर

नई दिल्ली, एजेंसी

चीन की सेना (पीएलए) लद्दाख से अरुणाचल तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ कई संवेदनशील स्थानों पर नए सिरे से घुसपैठ की साजिश रच रही है। इन्हीं स्थानों पर अतीत में भी चीन के सैनिक घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। ताजा खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और आईटीबीपी को अलर्ट कर दिया गया है। इसी तरह चीन ने विवादित क्षेत्र हॉट स्प्रिंग्स में चार नए मोबाइल टॉवर लगाए हैं और एलएसी के करीब उपग्रह संचार प्रणाली का परीक्षण कर रहा है।

खुफिया इनपुट से पता चलता है कि चीन की सेना लद्दाख से अरुणाचल तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ कई संवेदनशील स्थानों पर नए सिरे से घुसपैठ की योजना बना रही है। सेना को अपनी परिचालन और बुनियादी ढांचा क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही




इन संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कहा गया है। अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों को एलएसी पर चीनी सेना की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा समय में एलएसी के साथ दोनों सेनाओं के 14 हजार फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर लगभग 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं। भारत और चीन के बीच अब तक 15 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी हैं लेकिन पीएलए ने हॉट स्प्रिंग्स और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देप्सांग मैदान से पीछे हटने को तैयार नहीं है। हालांकि, चीन आंशिक रूप से गलवान घाटी, गोगरा

- भारतीय सेना को अलर्ट करके चीनी सेना की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश
- अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों पर यूएवी नेटवर्क का विस्तार कर रही है चीन की सेना

और पैन्गोंग झील के दोनों किनारों से पीछे हट गया है। अचिह्नित एलएसी को लेकर भारत और चीन की धारणाएं भिन्न हैं, इसीलिए दोनों सेनाएं अक्सर एक दूसरे पर घुसपैठ का आरोप लगाती हैं।

दोनों देश मई, 2020 से लद्दाख में कई बिंदुओं पर सीमा गतिरोध में बंद हैं। एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने भारत के दावे वाले क्षेत्र के करीब 1,000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया है। इस साल जनवरी में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कहा था कि चीन की सीमा पर खतरे का स्तर कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा था कि भारत की सेना दृढ़ और शांतिपूर्ण तरीके से पीएलए का मुकाबला कर रही है क्योंकि सीमा पर यथास्थिति को एकतरफा रूप से चीनी सेना ने बदलने के प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा था कि उत्तरी सीमाओं पर हमारी क्षमता कई गुना बढ़ गई है।

हम डेढ़ साल पहले की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में हैं और अब किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। चीन को विवादित क्षेत्रों से तनाव कम करने के लिए सैनिकों, हथियारों और उपकरणों को हटाने की तीन-चरणीय प्रक्रिया का सुझाव दिया गया है, इसलिए हमें इन कदमों के पूरा होने तक वहां (एलएसी) रहना होगा। एक अन्य खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब के क्षेत्रों में अपने मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) नेटवर्क का विस्तार कर रहा है।

# कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने किया विधायक का सम्मान

रुड़की, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष सुशील कुमार कश्यप ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नदीम खान को उपाध्यक्ष, डॉ. नईम अहमद, जिशान कुरैशी को महासचिव तथा जावेद अब्बासी को सदस्य मनोनीत किया गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सुशील कुमार कश्यप ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार सैनी की सहमति पर सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

विधायक हाजी फुरकान अहमद ने सभी पदाधिकारियों को मनोयन पत्र सौंपे। इस दौरान मोर्चा की ओर से विधानसभा चुनाव में जीत पर विधायक को बधाई दी गई और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। विधायक ने तमाम कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया। साथ ही आपसी भाईचारे को बढ़ाने की मुहिम चलाए जाने की भी बात कही। कहा कि आज देश में हालात बदले हुए हैं। कुछ लोग अपने सियासी फायदे को कई तरह के प्रोपगैंडे अपना रहे हैं, लेकिन इससे देश का भाईचारे टूटने वाला नही है।



हिंदुस्तान दुनिया में भाईचारे की मिसाल बना है। यहां सभी धर्मो के लोग एक-दूसरे के कार्यस्मों में शामिल होकर भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं। एक-दूसरे के त्यौहारों को मनवाते हैं। इस अवसर पर रईस अहमद भी मौजुद रहे।

### बकाया बिल का भुगतान न होने के कारण 2019 से बंद है अजंता गुफाओं की जलापूर्ति

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में अजंता गुफा परिसर के विश्व धरोहर स्थल पर सौंदर्यीकरण और बागवानी का काम प्रभावित हुआ है क्योंकि बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण 2019 में बंद की गई जलापूर्ति अभी तक बहाल नहीं हुई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक अधिकारी ने बताया कि गुफाओं के प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से पीने के पानी का प्रबंधन किया जा रहा है, लेकिन बागवानी कार्य में बाधा बनी हुई है। जनवरी में राज्य के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे के अजंता गुफाओं के दौरे के बाद भी यह मुद्दा सुलझ नहीं पाया है। अधिकारी ने कहा कि अजंता गुफा स्थल को पानी की आपूर्ति महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा की जाती है। लेकिन महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा एमजेपी को बकाया भुगतान नहीं किये जाने के कारण 2019 में आपूर्ति बंद कर दी गई थी। एएसआई अधीक्षक (औरंगाबाद सर्कल) मिलन कुमार चौले ने कहा कि बकाया राशि 3.2 करोड़ रुपये है, जिसका भुगतान एमटीडीसी द्वारा एमजेपी को किया जाना है।

# मोदी और योगी सरकार पर किसानों के कातिल को बचाने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि किसानों की हत्या करने वाले कातिल को बचाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय समेत पूरी भाजपा उतर आयी है। कोर्ट में कातिल की बेल को डिफेंड करने के लिए आशीष मिश्रा की तरफ से मोदी सरकार में सॉलिसिटर जनरल रहे वकील रंजीत कुमार और उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से भाजपा के सांसद महेश जेठमलानी पेश हुए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष टेनी को बचाने के लिए भाजपा की योगी सरकार और पुलिस मामले को कमजोर करने में लगी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस और उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि आप अपनी पार्टी के केंद्रीय गृह मंत्री और उसके बेटे को बचाने के लिए खुल्लमखुल्ला जांच में गड़बड़ी कर रहे हैं। एसआईटी जांच कर रहे हरियाणा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज ने एफिडेविट में कहा कि मैंने उत्तर प्रदेश सरकार को इसके खिलाफ अपील करने के लिए कहा, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार अपील करने नहीं गई। भाजपा की सरकार के अंदर गुंडे और लफंगो को संरक्षण दिया जाता है। गुंडा, कातिल और बलात्कारी यदि भाजपा में चला जाए तो उनको बचाने के लिए तिरंगा यात्रा निकलती है आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में भाजपा के सिटिंग मिनिस्टर अजय मिश्रा उर्फ टेनी की गाडी से उनके बेटे आशीष मिश्रा ने 2021 में लखीमपुरी खीरी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर, करीब 4 किसानों की हत्या कर दी। यह मामला वीडियो के अंदर कैद हुआ। जिसके अंदर देखा जा सकता था की भाजपा के केंद्र सरकार के मंत्री की गाड़ी में मंत्री के बेटे ने निहत्थे किसानों पर गाड़ी चढ़ा दी। उस घटना से एक हफ्ते पहले केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने किसानों को धमकी दी थी कि मैं तुम्हे देख लूंगा और एक हफ्ते बाद उनके पुत्र ने अपने भाजपा के कार्यकताओं के साथ हत्या की। उन्होंने कहा कि उसके



बाद पुलिस एफआईआर नहीं दर्ज कर रही थी। एफआईआर के अंदर मंत्री के बेटे का नाम नहीं डाल रही थी। बड़े दवाब के बाद नाम डाला गया। इसके बाद हत्या के आरोप में दफा 302, 120बी, 338, 304, 142, 149 लगने के बावजूद केंद्रीय मंत्री के बेटे को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस से पूछा कि ऐसा कोई और उदाहरण है कि 302 के मुकदमे के आरोपी को आप गिरफ्तार ही नहीं कर पा रहे हैं। आप उसको समन भेज रहे हैं और वह आ नहीं रहा है। अबतक आप उसको गिरफ्तार नहीं कर पा रहे। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर मंत्री के बेटे गिरफ्तार किए गए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उसके बाद बार-बार पीड़ितों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। यह सामने आया की पूरी की पूरी भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार और भाजपा की केंद्र सरकार एक हत्यारे को बचाने के लिए लगी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपके लोग जो आईपीएस अधिकारी जांच कर रहे हैं उनको बदलो। कोर्ट ने और अफसरों को जांच में लगाया। एसआईटी के अंदर अफसरों को बदला गया। एसआईटी कि जांच कर रहे सेवानिवृत्त हाई कोर्ट के जज तक को सुप्रीम कोर्ट ने बदला और कहा कि क्योंकि यह उत्तर प्रदेश से आते हैं, ऐसे में आप पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज को लगाइए। उनको लगा कर जांच कराई गई। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि यहां तक उत्तर प्रदेश पुलिस की खिंचाई इस बात पर भी की गई आपने इतने सारे गवाह होने के बावजूद उनके एविडेंस रिकॉर्ड क्यों नहीं किए? 164 के बयान आप मजिस्ट्रेट के सामने क्यों नहीं करा रहे हैं? अभी तक मीडिया और लोगों के पास जो वीडियो आए हैं, उनकी फॉरेंसिक जांच तक उत्तर प्रदेश पुलिस ने करना जरूरी नहीं समझा।

# दिल्ली में महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज दिल्ली में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (डीएसईयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत की उपस्थिति में डब्ल्यूसीडी निदेशक और डीएसईयू रजिस्ट्रार द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव, डीएसईयू और डब्ल्यूसीडी के प्रो कुलपति और डीएसईयू के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। डब्ल्यूसीडी की समृद्धि परियोजना में संलग्न, समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दिल्ली में मौजूदा और नई महिला उद्यमियों को महिला एवं बाल विकास विभाग के सहेली समन्वय केंद्र (एसएसके) आंगनवाड़ी हब के मंच का उपयोग करके अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू करना है।



**मुख्य विशेषताएं**

- महिला उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण सह व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र के रूप में 120 आंगनवाड़ी हब केंद्र का उपयोग
- महिला माइक्रो उद्यमिता कार्यक्रम के लिए दिल्ली में आंगनवाड़ी हब केंद्र विकसित करना
- कार्यक्रम के तहत 100 महिला माइक्रो उद्यमशीलता उद्यमों का सपोर्ट किया जाएगा
- आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए 2500 से ज्यादा महिलाओं की आंगनबाड़ियों में कैपेसिटी बिल्डिंग
- 50 युवा फेलो की भर्ती

इस समझौता ज्ञापन के तहत आंगनवाड़ी हब के सहेली समन्वय केंद्र मंच का उपयोग करके महिला उद्यमियों को ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी जिसमें कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना, बाजार से जुड़ाव स्थापित करना, विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाना, प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए उन्हें सशक्त बनाना, संसाधनों तक पहुंच के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना आदि शामिल है। इस साझेदारी से दिल्ली में महिला उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप के एक मजबूत पारिस्थितिक तंत्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा आज हम न केवल महिलाओं को अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए, बल्कि उन्हें खुद को और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लुटेरा गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

नई दिल्ली। बाबा हरिदास नगर थाने की पुलिस टीम ने एक शख्स की पिटाई कर बाइक लूट के मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। इसकी पहचान फैजान यरफ पेल्लु के रूप में हुई है। ये नजफगढ़ के हीरा पार्क का रहने वाला है। इसके पास से एक बटनदार चाकू और लूटी गई बाइक बरामद की गई है। डीसीपी शंकर चौधरी के अनुसार, पीसीआर कॉल से बाबा हरिदास नगर थाने की पुलिस को एक शख्स से मोटरसाइकिल लूट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को शिकायतकर्ता ने बताया कि फैजान नाम के बदमाश ने उसकी पिटाई कर उसकी बाइक लूट ली, और फिर मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। एसएचओ बाबा हरिदास नगर की देखरेख में एसआई मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल नरेश और कॉन्स्टेबल कृष्ण की टीम का गठन कर आरोपी की पकड़ के लिए लगाया गया। आरोपी बदमाश की जांच में पुलिस को उसके थेफ्ट, बर्गलरी, रॉबरी और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में शामिल रहने का पता चला। इसके बारे में जानकारियों को इकट्ठा कर पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के साथ सूत्रों को सक्रिय किया। जिसकी सहायता से मिली जानकारी के आधार पर झरोंदा रोड पर जाट भवन के पास पुलिस टीम ने ट्रैप लगा कर इसे दबोच लिया। इसके पास से बाइक और एक बटनदार चाकू भी बरामद किया गया। पूछताछ में उसने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकारी। इस मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच में जुट गई है।

### गोली लगने से घायल एसआई के घर पहुंचे कमिश्नर, बहादुरी को किया सलाम

नई दिल्ली। शुक्रवार को हनुमान जयंती के दौरान हुए दंगे में घायल हुए सब इंस्पेक्टर मेदालाल के घर पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना पहुंचे। उन्होंने सब इंस्पेक्टर से उसका हालचाल पूछा और उसकी बहादुरी को सलाम किया। उन्होंने पुलिस विभाग की तरफ से उसे हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को हनुमान जयंती की शोभायात्रा जहांगीर पुरी में निकाली जा रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने शोभायात्रा पर हमला कर दिया था। वहां पर पथराव होने के साथ ही गोली भी चलाई गई थी जिसमें गोली लगने से एसआई मेदा लाल घायल हुआ था। उसे अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया था जहां से बाद में उसे छुट्टी दे दी गई। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना बीते 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक छुट्टी पर थे। वहां से लौटते ही वह सबसे पहले दंगे में घायल हुए सब इंस्पेक्टर मेदा लाल के घर पहुंचे और उसका हालचाल जाना। पुलिस कमिश्नर ने सब इंस्पेक्टर मेदा लाल को बताया कि पूरी दिल्ली पुलिस की फोर्स को उसके साहस और सूझबूझ पर नाज है। उसकी सूझबूझ के चलते दंगों को जल्दी रोकने में पुलिस कामयाब रही। उन्होंने मेदा लाल की प्रशंसा करने के साथ ही उसे हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में दिल्ली पुलिस उसके साथ खड़ी है।

# दिल्ली में दिन के दौरान लू चलने के आसार



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को दिन के समय लू चलने के आसार हैं और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने एक बुलेटिन जारी कर कहा, पंजाब, हरियाणा-दिल्ली, दक्षिणी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, ओडिशा और झारखंड के अलग-अलग इलाकों में 18 और 19 अप्रैल को लू चलने की प्रबल संभावना है। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 52 प्रतिशत दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली के मुताबिक दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी (252) दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीरै माना जाता है।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले आप ने गुजरात के स्कूलों पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले गुजरात के स्कूलों पर सवाल उठाया और इस कबाड़खाना बताया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र के मॉडर्न सेंटर में बैठने के लिए डेस्क नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गुजरात के इसी स्कूल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गांधीनगर में स्कूलों के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री सोमवार से 20 अप्रैल तक गुजरात दौरे पर रहेंगे। इसी बीच मनीष सिसोदिया ने बीजेपी सरकार पर सवाल उठाते हुए ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री जी! विद्या समीक्षा केंद्र के मॉडर्न सेंटर से शायद इन स्कूलों की तस्वीर आपको न दिखे जहां बैठने के लिए डेस्क नहीं है, मकड़ी के जाले ऐसे लगे हैं जैसे बंद कबाड़खानों में होते हैं, टॉयलट टूटे पड़े हैं। मैंने खुद गुजरात के शिक्षामंत्री



के क्षेत्र में ऐसे स्कूल देखे हैं। इससे पहले एक अन्य ट्वीट में सिसोदिया ने कहा, पिछले 27 साल से गुजरात में भाजपा सरकार चला रही है। भाजपा ने गुजरात के लोगों को कैसे सरकारी स्कूल दिए हैं, उसकी एक झलक देखिए। गुजरात के शिक्षा मंत्री की विधानसभा भावनगर में मैंने दो स्कूलों का दौरा किया। गुजरात के शिक्षा मंत्री की अपनी विधानसभा के स्कूलों के कमरों में मकड़ी के जाले लगे हुए हैं। स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए डेस्क तो छोड़िए, फर्श भी किसी किसी कमरे में ही है। ये है गुजरात में बीजेपी का शिक्षा मॉडल। जो बीजेपी ने 27 साल में गुजरात में डेवलप किया है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे से पहले जानकारी देते हुए ट्वीट कर कहा था, सोमवार को गुजरात पहुंचकर मैं विद्या समीक्षा केंद्र का दौरा करूंगा। यह आधुनिक केंद्र सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाता है। मैं उन लोगों से भी बातचीत करूंगा जो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। पंजाब चुनावों में जीत के बाद आप पार्टी ने आगामी चुनावों को देखते हुए गुजरात में गतिविधियां बढ़ा दी है। गुजरात चुनाव से ठीक पहले दिल्ली के डिप्टी सीएम गुजरात की शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार हमलावार हैं। वहीं 13 अप्रैल को सिसोदिया ने गुजरात के सीएम और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस और सरकारी स्कूल देखने के लिए आमंत्रित भी किया था।

# सिंधी समाज ने दुनिया में भारतीय संस्कृति एवं धर्म को एक नई पहचान दी है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग रहते हैं जिनका जुड़ाव भारतीय जनता पार्टी के साथ शुरू से रहा है। सिंधी समाज ने दुनिया में भारतीय संस्कृति और धर्म को एक नई पहचान दी है और आज वह दुनिया के किसी भी क्षेत्र में रहते हों, कभी अपनी संस्कृति के साथ समझौता नहीं किया है। आज प्रदेश कार्यालय में सिंधी समाज द्वारा आयोजित चेटी चण्ड महोत्सव को सम्बोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि देश बंटवारे के वक्त बाकी लोगों की तरह सिंधी समाज ने भी जो दर्द झेला है उससे सभी वाकिफ हैं। लेकिन उस दर्द को कभी भूलना नही चाहिए क्योंकि वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को भी पता होना चाहिए कि आखिर किस दर्द को सहकर हमने आजादी पाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि हमारी एकता



एवं अखण्डता की सबसे बड़ी ताकत वह दर्द है जो आजाद भारत के लिए सहना पड़ा था इसलिए विभाजन की उस विभीषिका को हमे नहीं भूलना चाहिए। आज भगवान झुलेलाल जी की कृपा से पूरे देश में खुशहाली का माहौल है। आज इस मौके पर सांसद श्री शंकर लालवानी एवं श्री हंसराज हंस, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, सिंधी प्रकोष्ठ के संयोजक श्री भरत वातवानी, साई ओमीराम, साई जगदीश राम सहित अन्य सिंधी प्रकोष्ठ के पदधिकारी उपस्थित थे।

# जहांगीरपुरी हिंसा मामले की जांच करेगी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में सांप्रदायिक झड़प के मामले की जांच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा था कि उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस और अपराध शाखा की टीमें संयुक्त रूप से मामले पर काम कर रही हैं, इसके ठीक एक दिन बाद यह फैसला लिया गया है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों के दो समूहों के बीच भीषण झड़प हो गई थी। पुलिस ने अब तक कुल 21 लोगों और 2 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलीम उर्फ चिकना (36), जाहिद (20), अंसार (35), शाहजाद (33), मुख्तयार अली (28), मो. अली (18), आमिर



(19), अक्सर (26), नूर आलम (28), मोहम्मद असलम (21), जाकिर (22), अकरम (22), इम्तियाज (29), मो. अली (27), अहीर (37), शेख सौरभ (42), सूरज (21), नीरज (19), सुकेन (45), सुरेश (43) और सुजीत सरकार (38) हैं। सभी जहांगीरपुरी के रहने वाले हैं। आरोपियों में से कई पूर्व में आपराधिक मामलों में संलिप्त पाए गए। पुलिस के अनुसार, हिंसा के

- दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों के दो समूहों के बीच भीषण झड़प हो गई थी

मुख्य साजिशकर्ता अंसार को पहले हुए हमले के दो मामलों में शामिल पाया गया है, और उसे निवारक धाराओं के तहत बार-बार गिरफ्तार किया गया है, साथ ही उस पर जुआ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत पांच बार मामला दर्ज किया जा चुका है। घटना की जांच के लिए अपराध शाखा की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है जिसमें पांच सहायक पुलिस आयुक्त और 10 निरीक्षक शामिल होंगे। इस बीच, अपराध शाखा के अधिकारियों ने पहले ही जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के अलावा आठ सदस्यीय फोरेंसिक टीम भी मौके पर सैंपल और सबूत जुटाने के लिए मौजूद है। टीम एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है।

### एएसआई की पत्नी ने पड़ोसन का पर्स चुराया

नई दिल्ली। मानसरोवर पार्क इलाके में रविवार को एक एएसआई की पत्नी ने पड़ोसन का पर्स चोरी कर लिया। वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पीड़िता फुटेज के आधार पर अपना पर्स मांगने पहुंची तो एएसआई वर्दी का रौब दिखाने लगा। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को सूचना दे दी। मानसरोवर पार्क थाने की पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता 56 वर्षीय संतोष शर्मा मानसरोवर पार्क में लोनी रोड पर रहती हैं। वह गृहणी हैं। उनका अशोक नगर की गली नंबर-10 में भी एक मकान हैं, जिसमें किरायेदार रहते हैं। रविवार को संतोष अपने बेटे के साथ स्कूटी से अशोक नगर वाले मकान पर पहुंची और पर्स स्कूटी पर ही टंगा छोड़कर अंदर चली गईं। डेढ़ घंटे के बाद बाहर आईं तो पर्स नहीं था। पर्स में 10 हजार रुपये व कागजात थे। संतोष शर्मा ने सामने एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो पड़ोस में रहने वाले एएसआई की पत्नी पर्स चोरी करते हुए दिखी। एएसआई की तैनाती न्यू उस्मानपुर थाने में है। पीड़िता अपना पर्स मांगने के लिए एएसआई के घर पहुंची तो वह भड़क गया और कहने लगा कि उसकी पत्नी ने चोरी नहीं की है।


# 20 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

स्पेशल सेल की टीम ने ड्रग तस्करी के एक इंटरेस्ट रेट रैकेट का पदार्फाश किया है। जिसका बेस्ट मणिपुर और वेस्ट बंगाल था। पुलिस टीम ने 5 किलो फाइल क्वालिटी का हीरोइन बरामद किया है। जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत दो करोड़ बताई जा रही है।

डीसीपी राजीव रंजन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए ड्रग तस्कर की पहचान कलीमुद्दीन के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 53 साल है। यह वेस्ट बंगाल का रहने वाला है। जबकि इसके साथी की पहचान वसीम खान के रूप में हुई है, यह मणिपुर का रहने वाला है।

एसीपी साउथ वेस्ट रेंज के एसीपी संजय दत्त की देखरेख में पुलिस टीम को इस ड्रग तस्करी के आरोपियों के बारे मंन सूचना मिली थी। उसी सूचना पर पुलिस टीम ने धौलाकुआं इलाके में ट्रैप लगाकर पहले एक को दबोचा और दूसरे को उसके ठिकाने से। इनके पास से 5 किलो फाइन क्वालिटी का हीरोइन बरामद किया गया। इसके खिलाफ स्पेशल सेल थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत



मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में पता चला कि कलीमुद्दीन गरीब फैमिली से बिलॉन्ग करता है। इसके पिता किसान हैं, यह 16 साल की उम्र में स्कूटर मैकेनिक के रूप में वेस्ट बंगाल के नादिया इलाके में काम शुरू किया था, लेकिन 2010 में यह एक ड्रग सिंडिकेट के संपर्क में आ गया। उसके बाद यह ड्रग की खेप की सप्लाई मणिपुर और वेस्ट बंगाल से करने लगा। शुरूआत में यह आसाम और वेस्ट बंगाल से ड्रग की खेप लाकर बंगाल के नदिया तक पहुंचाता था।

इसे शुरूआत के प्रति खेप 5 से 20000 पर कंसाइनमेंट दिया जाता था। बाद में ड्रग सिंडिकेट के मास्टरमाइंड के संपर्क में आ गया

- जबकि इसके साथी की पहचान वसीम खान के रूप में हुई है, यह मणिपुर का रहने वाला है
- यह 16 साल की उम्र में स्कूटर मैकेनिक के रूप में वेस्ट बंगाल के नादिया इलाके में काम शुरू किया था

और उसके बाद यह डायरेक्ट ड्रग्स की कंसाइनमेंट नॉर्थ ईस्टर्न इंडिया में डिलीवर करने लगा। यह वेस्ट बंगाल से लेकर बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक पहुंचने लगा। जो खेप लेकर यह दिल्ली आया था, उसके लिए इसे एक लाख रुपये मिले थे। यह ड्रग की खेप मणिपुर के रहने वाले वसीम से लेकर आया था, जो वहां का किंगपिन माना जाता है। उसके बाद पुलिस टीम ने वसीम को भी उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया।

सूचना — टीम अपनी रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर सौंप सकती है

# जहांगीरपुरी हिंसा : एफएसएल टीम जुटा रही सबूत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हनुमान जयंती पर हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच करने आठ सदस्यीय फोरेंसिक टीम सोमवार को जहांगीरपुरी पहुंची। टीम ने पथराव वाली इमारतों की तस्वीरें लेने के अलावा जमीन से फोरेंसिक सैंपल्स भी इकट्ठे किए। टीम अपनी रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर सौंप सकती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन में तैनात कर्मचारी टीम का साथ दे रहे हैं। सबूत जुटाने में मदद करने के अलावा जरूरी जानकारी भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के विशेष अनुरोध पर एफएसएल टीम को बुलाया गया है, इससे पहले भी टीम ने कई मामलों को सुलझाने में पुलिस की मदद की है। बताया जा रहा है कि टीम को हिंसा प्रभावित जगहों पर जांच पूरी करने में पांच से छह घंटे का समय लग सकता है। रविवार को शोभा यात्रा कुसल सिनेमा हॉल के बराबर वाली सड़क



से गुजर रही थी, इस दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई। जहांगीरपुरी थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, शोभा यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से गुजर रही थी, लेकिन शाम करीब छह बजे जब यात्रा एक मस्जिद के बाहर पहुंची तो आरोपी अंसार अपने 4-5 साथियों के साथ वहां आया और यात्रा में शामिल लोगों से बहस करने लगा। जल्द ही दोनों गुट हिंसक हो गए और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिए। एफआईआर में लिखा है, मैंने, इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह, ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की और दो समूहों को अलग कर दिया, हालांकि, कुछ समय के भीतर, उन्होंने फिर से पथराव करना शुरू कर दिया, जिसके बाद मैंने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। इसके तुरंत बाद, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ और अधिक पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, हालांकि, तब तक भीड़ पूरी तरह से हिंसक हो चुकी थी। भीड़ ने पुलिस बल पर पथराव किया और उन पर गोलियां भी चलाईं। इस हिंसा में कम से कम 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति पर काबू पाने के लिए और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने 40-50 आंसू गैस के गोले दागे। हंगामे के बीच एक स्कूटी को आग के हवाले कर दिया गया और 5-6 कारों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की मदद से रात करीब आठ बजे स्थिति सामान्य हुई। बाद में, इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। जहां हिंसक झड़पें हुईं, वहां चारों ओर से बड़े पैमाने पर बैरिकेड्स लगाए गए।पुलिस ने कहा कि लोगों को आश्वस्त करने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में वर्चस्व, पैदल गश्त और गहरी तैनाती सुनिश्चित की गई है। विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा कि दिल्ली पुलिस सक्रि य है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हमारी प्राथमिकता अफवाहों पर अंकुश लगाना है। दिल्ली पुलिस अमन कमेटी के सदस्यों से भी बातचीत कर रही है।

### दिल्ली पुलिस दंगों को रोकने में विफल : सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि राजधानी के जहांगीरपुरी में हुई हिंसा को पुलिस नियंत्रण करने में विफल रही है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। जैन ने सोमवार को भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस भाजपा के अधीन है। ऐसे में भाजपा को चाहिए कि वह पुलिस को ठीक से नियंत्रित करे और कानून-व्यवस्था ठीक करे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली दंगे को भाजपा ने ही हवा दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान जनता से अनुरोध किया कि लोग शांति बनाए रखें। उल्लेखनीय है कि हनुमान जयंती के मौके पर 16 अप्रैल को राजधानी के जहांगीरपुरी इलाके में शोभा यात्रा पर पथराव का मामला सामने आया था। जिसके बाद जहांगीरपुर में दंगे भड़क गए थे। इस मुद्दे पर सभी राजनीति दलों ने शांति बनाए रखने की अपील की है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सहित दूसरे दलों के नेताओं ने लोगों को शांति बनाए रखने की अपील की है।

### सफाई कर्मियों का सम्मान

नई दिल्ली। उत्तरी निगम के पूर्व महापौर जयप्रकाश और भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने डिप्टी गंज सदर बाजार क्षेत्र में 250 सफाई कर्मचारियों को शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी निगम की रीढ़ की हड्डी हैं।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल कॉमर्शियल कॉम्लेक्स, पी–2 ग्रेटर नोएडा जनपद– गौतमबुद्धनगर 201308 (उ.प्र).

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम खेरलीभाव में उप जिलाधिकारी, दादरी से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम | खसरा | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खेरलीभाव | 733,306 | स्व. श्री वेगराज सिंह | श्री वीर सिंह चौहान | पुत्र | 58 वर्ष |
| | | 307,322 | निवासी ग्राम बरौला | श्री बिल्लू उर्फ भगीरथ | पुत्र | 53 वर्ष |
| | | 329,318 | सैक्टर–49 नोएडा | श्री बिजेन्द्र सिंह उर्फ | पुत्र | 48 वर्ष |
| | | 140,142 | परगना व तहसील | बिजेन्द्र पाल | | |
| | | 143,145 | दादरी, जनपद | श्री राजपाल सिंह | पुत्र | 46 वर्ष |
| | | 314,553 | गौतमबुद्धनगर | | | |
| | | 554,555 | | | | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण।

## संक्षिप्त खबरें

### वैशाली एक्सप्रेस का मार्ग चार दिनों तक बदला रहेगा

नई दिल्ली। रेलगाड़ी संख्या 12554 नई दिल्ली-सहरसा वैशाली एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया गया है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक इस रेलगाड़ी का 20, 22, 24 और 28 अप्रैल को मार्ग बदला गया है। इन दिनों यह ट्रेन हाजीपुर, शाहपुर पटोरी और बछवाड़ा रेलवे स्टेशन होकर बदले हुए मार्ग से चलेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक सोनपुर में मरम्मत कार्य के चलते अगले चार फेरों के दौरान रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तित रहेगा। रेलवे यात्रियों को सलाह है कि वह अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

### देश भर में 265 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगेगा

नई दिल्ली। बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस के मौके पर संत निरंकारी मिशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। देशभर के 265 स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। इस वर्ष सतगुरु माता सुदीक्षा की अध्यक्षता में 24 अप्रैल को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में मिशन के श्रद्धालुओं की ओर से रक्तदान किया जाएगा। रक्त एकत्रित करने के लिए एम्स, गुरु तेग बहादुर अस्पताल से डॉक्टरों की टीम भी वहां उपस्थित रहेगी।

### केजरीवाल सरकार ने रोजगार बजट में घोषित नीतियों पर अमल किया शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली में रोजगार के अवसर पैदा करने और रोजगार बजट के माध्यम से आर्थिक विकास की अपनी प्राथमिकताओं को निर्धारित करने के बाद, केजरीवाल सरकार ने बजट में घोषित योजनाओं पर जोर-शोर से काम करना शुरू कर दिया है उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को वित्त विभाग और डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन, दिल्ली के अधिकारियों के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक की ज्ञात हो कि इस महीने की शुरूआत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी समीक्षा बैठक की थी इसके बाद सोमवार की बैठक में उपमुख्यमंत्री ने भी अधिकारियों से अपडेट लिया व संबंधित विभागों को परियोजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए रिटेल के क्षेत्र में सरकार ने दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल की योजना शुरू की है जिसमें 21 अप्रैल, 2022 को योजनाबद्ध ढंग से रिटेल मार्किट एसोसिएशन के प्रमुख सदस्यों के साथ एक स्टेकहोल्डर्स कंसल्टिंग आयोजित करना शामिल है। केजरीवाल सरकार का इरादा इसे पूरी तरह से सहयोगात्मक प्रक्रिया बनाने और रिटेल बाजारों के विकास के हर चरण में और दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल की योजना बनाने के लिए रिटेल मार्किट एसोसिएशन से सुझाव और राय लेने का है साथ ही बस डिपो और टर्मिनलों पर ग्रेड ए रिटेल और फूड हब विकसित करने पर ध्यान देने के साथ, परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एक एक्शन प्लान तैयार करने के लिए परिवहन विभाग के साथ चर्चा की जानी है।

### निगमों में डेंगू के अब तक 74 मामले सामने आए

नई दिल्ली। राजधानी की तीनों निगमों में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। 16 मार्च तक डेंगू के 74 मामले सामने आए हैं, जबकि वर्ष 2021 में 16 अप्रैल तक डेंगू के 13 मामले सामने आए थे। दक्षिण दिल्ली नगर निगम की तरफ से सोमवार को जारी की गई डेंगू रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इन आकंड़ों से पता चलता है कि डेंगू के मामले लगातार कई गुना बढ़ते जा रहे हैं। तीनों निगमों के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डेंगू के मामलों की रोकथाम के लिए विभिन्न इलाकों में मच्छरमार दवा का छिड़काव किया जा रहा है। दक्षिण दिल्ली नगर निगम की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि एक जनवरी से 16 अप्रैल तक डेंगू के 74 मामले अबतक सामने आ चुके हैं। जबकि, चिकनगुनिया के आठ और मलेरिया के नौ मामले आए हैं। वर्ष 2021 में 16 अप्रैल तक डेंगू के 13 मामले, चिकनगुनिया के तीन तथा मलेरिया के चार मामले सामने आए थे। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस साल जनवरी से मध्य अप्रैल तक डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। याद रहे कि वर्ष 2021 में डेंगू के 9613 मामले सामने आए थे और 23 लोगों की मौत हुई थी। मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के लिए भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक 800 कर्मचारियों ने राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी दवा छिड़काव का कार्य किया।

# ऑटो-टैक्सी यूनियन की दो दिवसीय हड़ताल से यात्रियों को हो रही भारी परेशानी: चौ.अनिल

## मोदी-अरविंद सरकारें जहांगीरपुरी में हिंसा भड़काने के बजाय शांति सुनिश्चित करें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि ऑटो टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधि आज भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए उनके निवास पर धरना देकर बैठे
- 2 सप्ताह से मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांग रहे है परंतु केजरीवाल दिल्लीवालों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की लापरवाही के कारण बेलगाम तेल कम्पनियां द्वारा पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के दामों में अनियंत्रित वृद्धि के विरोध में ऑटो टैक्सी केब चालक यूनियनों की दो दिवसीय हड़ताल में कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली में 9500 ऑटो, 10 हजार काली पीली टैक्सी और 70 हजार से ज्यादा ऐप बेस्ड टैक्सियां चलती है, हड़ताल के कारण अगले दो दिनों तक नही चलेंगी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि ऑटो टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधि आज भी मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मिलने के लिए उनके निवास पर धरना देकर बैठे है, परंतु केजरीवाल के पास उनसे मिलने का समय नही है जबकि ऑटो-टैक्सी, ऐप बेस्ड टैक्सियों की हड़ताल के कारण दिल्लीवालों को ऑफिस व अपने कामों के लिए बाहर जाने में काफी समस्याऐं हुई जबकि रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और एयरपोर्ट पर लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि पिछले एक महीनें में 30-32 रुपये सीएनजी की दरों में वृद्धि के कारण ऑटो टैक्सी कैब चालक सीएनजी पर सब्सिडी की मांग कर रहे हैं कि अरविन्द केजरीवाल सरकार उन्हें सीएनजी पर सब्सिडी दें। ऑटो टैक्सी कैब चालक दिल्ली में किराया वृद्धि के पक्ष में नही है जिसके लिए वे पिछले 2 सप्ताह से मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांग रहे है परंतु केजरीवाल दिल्लीवालों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि मोदी केजरीवाल दोनों सरकारें मिलकर गरीबों के अधिकारों का हनन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा सीएनजी की दरों वृद्धि करने विरोध करती है और केजरीवाल सरकार से ऑटो टैक्सी यूनियनों की सीएनजी पर सब्सिडी की मांग समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल, सीएनजी, पीएनजी और रसोई गैस की दरों में वृद्धि के कारण गरीब लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है जिससे गरीबों का जीना दूभर हो गया है। मोदी-अरविंद सरकारें जहांगीरपुरी में हिंसा भड़काने के बजाय शांति सुनिश्चित करें चौ0 अनिल कुमार ने भाजपा की मोदी सरकार और केजरीवाल की दिल्ली सरकार से मांग की कि दोनो हिंसाग्रस्त जहांगीरपुरी क्षेत्र में हिंसा भड़काने की बजाय वहां शांति स्थापित करने के लिए काम करें, क्योंकि अरविंद सरकार की ओर से अभी तक किसी ने भी हिंसा प्रभावित क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए कोई दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जहांगीरपुरी का दौरा करके वहां सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए अपने भरपूर प्रयास कर रहे हैं क्योंकि लोग हिंसा नहीं बल्कि शांतिपूर्ण समझौता चाहते हैं। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांप्रदायिक हिंसा के दंगों से खुद को अलग रखा था और जहांगीरपुरी हिंसा क्षेत्र का दौरा नहीं करके फिर वही प्रक्रिया दोहरा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक दबाव के कारण किसी भी निर्दोष व्यक्ति को सांप्रदायिक दंगों के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए, और निष्पक्ष जांच करके केवल हिंसा भड़काने वालों को दंडित किया जाना चाहिए।

## एकतरफा जांच के आरोपों पर दिल्ली पुलिस प्रमुख ने कहा, किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



जहांगीरपुरी सांप्रदायिक हिंसा की जांच एकतरफा होने और केवल एक विशेष समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाए जाने के सभी आरोपों का खंडन करते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने सोमवार को कहा कि पुलिस किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है। आयुक्त ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, जांच के दौरान, अगर हमें किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सबूत मिलते हैं, तो हम कार्रवाई करेंगे और उन्हें गिरफ्तार करेंगे, चाहे वे किसी भी वर्ग, पंथ, समुदाय और धर्म के हों। हम किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रहे हैं। अब तक गिरफ्तार किए गए 23 लोग दोनों समुदायों के हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हुई सांप्रदायिक हिंसा की हर संभव कोण से जांच की जाएगी। आयुक्त ने कहा, मामले की सभी कोणों से जांच की जाएगी और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हिंसा में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट को सभी डिजिटल सबूतों का विस्तृत विश्लेषण करने और इसमें शामिल संदिग्धों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का काम दिया गया है। विशेष रूप से, मामला औपचारिक रूप से दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने कहा, अपराध शाखा ने लगभग 14 टीमों का गठन किया है जो सभी कोणों से घटना की जांच करेंगी। उन्होंने कल से जांच शुरू कर दी है और हम जांच के दौरान नियमित रूप से अपडेट साझा करेंगे। एक विशेष राजनीतिक दल के साथ आरोपी अंसार के संबंध पर बोलते हुए, आयुक्त ने कहा कि पुलिस सबूतों से चलती है। अस्थाना ने कहा, हम उस लिंक को भी देखेंगे, उस पार्टी से जुड़े वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ उचित और प्रभावी कानूनी कार्रवाई करेंगे और हमारी जांच अदालत की जांच के अधीन है, इसलिए, कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया के जरिए कुछ लोग स्थिति को सामान्य होने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। आयुक्त ने कहा, हम सोशल मीडिया पर लगातार नजर रख रहे हैं और यदि आवश्यक हुआ तो गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों के टीजीटी अध्यापकों के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के दृष्टिकोण और मिशन को समझने के उद्देश्य से, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अटल आदर्श विद्यालयों और नवयुग विद्यालयों के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टीजीटी) के लिए 2 समूहों में 2 दिनों के लिए 4 दिवसीय कार्यशालाओं का शुभारंभ एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड नई दिल्ली में आज से किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए श्री धर्मेंद्र ने कहा कि यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विजन, मिशन और विभिन्न पहलुओं की समझ प्रदान करेगी। उन्होंने एनडीएमसी के सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशा और भावना को जानें और उसे आत्मसात करें जिससे 100% परिणाम प्राप्त करने के लिए इसे लागू किया जा सकें। उन्होंने कोविड महामारी की अवधि को याद किया और छात्रों को ऑन-लाइन मोड द्वारा उनकी सतत शिक्षा सेवाओं के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उस दौरान एनडीएमसी ने शिक्षा संबंधित दो यूट्यूब चैनल लॉन्च किए हैं और शिक्षकों ने इन यूट्यूब चैनलों पर अपने शैक्षिक वीडियो लगातार छात्रों के सीखने के लिए अपलोड किए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एनडीएमसी ने 10वीं और 12वीं कक्षा के कुछ छात्रों को टैबलेट पहले ही उपलब्ध करा दिए हैं और यह इन 2 कक्षाओं के अन्य छात्रों के साथ-साथ सभी एनडीएमसी / नवयुग स्कूलों के शिक्षकों को भी उपलब्ध कराए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर इस कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर पालिका परिषद के वित्तीय सलाहकार - श्री पुष्कल उपाध्याय ने शिक्षकों को एनडीएमसी स्कूलों में कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को जानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कार्यशाला छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए एनडीएमसी शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस शैक्षिक कार्यशाला के उद्घाटन से पहले, पालिका परिषद के अध्यक्ष ने वित्तीय सलाहकार, निदेशक (शिक्षा) और निदेशक (पीआर/इवेंट मैनेजमेंट) के साथ शिक्षण और शिक्षण सहायक सामग्री की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। इस प्रदर्शनी को एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों द्वारा तैयार किया गया था और इसमें शिक्षण को रोचक, आनंदमय और प्रयोगात्मक बनाने के लिए बनाये गए मॉडल्स / चार्ट्स इत्यादि के साथ लगाया गया है।

## डीटीसी बस में मोबाइल चोरी कर भाग रहा बदमाश पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सीमापुरी में बदमाश ने डीटीसी बस में बैठे एक नाबालिग का मोबाइल फोन चुरा लिया और बस से कूदकर भागने लगा। पीड़ित ने पता चलते ही शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया। इस दौरान गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी 23 वर्षीय नाजिम से ब्लेड का टुकड़ा भी बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी निजाम साहिबाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। पीड़ित 17 वर्षीय आरिफ नंद नगरी में रहता है। वह शनिवार को डीएलएफ से डीटीसी बस में सवार होकर अरविंद अस्पताल जा रहा था। जब वह सीमापुरी गोलचक्कर के पास पहुंचा तभी एक बदमाश ने जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया और बस से कूदकर भागने लगा। आरिफ ने शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया। तभी आगे गश्त करने वाले पुलिसकर्मियों ने बदमाश को पकड़ लिया।

# डॉ. हंसराज सुमन को वर्ष 2022 का डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवार्ड दिए जाने की घोषणा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवार्ड दिसंबर -2022 में दिया जाएगा

डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 131 वीं जयंती के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने वर्ष 2022 के डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवार्ड की घोषणा की है। अकादमी ने दिल्ली विश्वविद्यालय में डॉ. हंसराज सुमन को वर्ष 2022 का डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवार्ड दिए जाने की घोषणा की है। यह अवार्ड उन्हें साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में 11दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में दिया जाएगा। यह अवार्ड समाज में अत्यंत पिछड़े, दलित समुदाय के उनके अधिकारों को दिलाने तथा उनको राजनैतिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास करने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों को दिया जाता है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा भारत के बहुजनों के लिए देखें गए सपनों की नक्शे कदम पर चलते हुए समाज में कुछ महत्वपूर्ण व्यक्ति इन प्रयासों में लगे हुए है जिनमें डॉ. हंसराज सुमन भी एक महत्वपूर्ण नाम है। डॉ. हंसराज सुमन दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज में हिंदी साहित्य तथा मीडिया के एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। आप की टीचर विंग के अध्यक्ष व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेजिज एससी/एसटी ओबीसी टीचर्स एसोसिएशन के भी नेशनल चेयरमैन है। ये पांच साल नॉन कॉलेजिएट सेंटर के प्रभारी रहे है। वर्ष 2015-2017 और 2017-2019 तक दिल्ली विश्वविद्यालय की सर्वोच्च संस्था एकेडेमिक काउंसिल में सदस्य भी रह चुके हैं। इसके अलावा ये दिल्ली विश्वविद्यालय की अनेक कमेटियों में रहकर डॉ. सुमन ने अपने दायित्व का निर्वाह किया है-एडमिशन कमेटी, अपॉइंटमेंट्स और प्रमोशन कमेटी, मेडिकल कमेटी, फंक्शन कमेटी, सलेब्स कमेटी के अलावा डॉ. सुमन डीयू की टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य रहे है। इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक सम्मान व अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इन्हें दिल्ली सरकार का डॉक्टर अम्बेडकर अवार्ड के अलावा लगभग100 संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा डॉ. सुमन ने 10 पुस्तकों का सम्पादन तथा 100 से अधिक विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेख प्रकाशित हो चुके है। साथ ही इन्होंने न्यू मीडिया विषय पर पीएचडी की है । डॉ. हंसराज सुमन ने डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवार्ड मिलने की घोषणा पर अपने संबोधन में कहा कि वे मानते है कि आने वाला समय चुनौतियों से भरा है किंतु दलितों का समय है और मुख्यधारा के लोगों द्वारा उन्हें अपनाएं जाने का भी समय है ।उन्होंने कहा कि आज हम देखते है कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर के विचार और उनके द्वारा सुझाएं गए कानूनों की राह पर चलते हुए यह समाज आगे अवश्य बढ़ा है।

## ईवीएम से चुनाव चिह्न हटाने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य चुनाव आयोग से राष्ट्रीय राजधानी में नगरपालिका चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की इकाई सहित मतपत्र से चुनाव चिह्न हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इससे पहले उच्च न्यायालय ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया था। न्यायमूर्ति विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने सोमवार को याचिका खारिज करने का फैसला लिया। याचिका में कहा गया था कि उम्मीदवार की तस्वीरों की उपस्थिति में चुनाव चिह्न की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ता, अलका गहलोत 2017 में हुए पिछले नगरपालिका चुनाव की पूर्व उम्मीदवार थीं। उन्होंने पहले भी 2019 में दिल्ली एचसी का दरवाजा खटखटाया था।

# दिल्ली : स्कूल आने के लिए कोरोना टेस्ट जरूरी नहीं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के स्कूल 4 दिन की छुट्टियों के उपरांत सोमवार को खुले। हालांकि दिल्ली के वह दो स्कूलों में जिनमें कोरोना पॉजिटिव मामले पाए गए थे, वो सोमवार को भी बंद रहे। स्कूलों का कहना है कि सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया के कारण स्कूल को बंद रखा गया है। स्कूल ने बाकायदा सभी छात्रों के अभिभावकों को संदेश भेजकर कहा कि अपने बच्चों को सोमवार को स्कूल न भेजें। हालांकि दिल्ली सरकार का कहना है कि स्कूल के जिस हिस्से या विंग में कोरोनावायरस के मामले पाए जाएं उसे ही बंद किया जाए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोनोवायरस के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसे कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों की संख्या काफी कम है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता पड़ी है। वहीं, कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर नए निर्णय लेने के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन की बैठक 20 अप्रैल को बुलाई गई है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय का कहना है कि स्कूलों के लिए ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया जिसके तहत छात्रों को कोविड-19 टेस्ट करवाना अनिवार्य हो। ऐसे में किसी भी स्कूल के सभी छात्रों को कोविड-19 टेस्ट अनिवार्य तौर पर करवाने की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा निदेशालय के मुताबिक फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है, छात्रों एवं शिक्षकों के सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। अभी तक दिल्ली के दो प्राइवेट स्कूलों में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इस बीच अच्छी बात यह है कि स्कूल के किसी भी छात्र या शिक्षक की हालत चिंताजनक नहीं है। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद के भी कई स्कूलों में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि रविवार को दिल्ली में 517 नए कोविड मामले सामने आए थे। गौरतलब है कि 4 अप्रैल से ही दिल्ली के अधिकांश स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हुई हैं। लगभग 2 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद नियमित तौर पर शुरू हुए स्कूलों में इस प्रकार कोरोनावायरस के मामले मिलने से अब स्कूलों के साथ-साथ छात्रों के परिजन भी चिंतित हैं। उधर सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं भी 26 अप्रैल से शुरू होने जा रही हैं। हालांकि कोरोना के कारण कई राज्यों में स्कूल अभी भी कुछ दिन पहले खुले हैं। स्वयं राजधानी दिल्ली में भी 15 दिन पहले ही 10वीं एवं 12वीं समेत अन्य कक्षाएं शुरू की गई हैं।

# दिल्ली : मुठभेड़ में नीरज बवानिया गैंग का खूंखार गैंगस्टर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने नीरज बवानिया गिरोह के 26 वर्षीय खूंखार गैंगस्टर को राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी उत्तरी जिले में कुछ देर के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। राहुल उर्फ पांडा के रूप में पहचाने जाने वाला आरोपी 2016 में दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की हत्या में शामिल था। पांडा पहले से ही जेल में बंद था, लेकिन उसे पैरोल मिली थी। 15 मार्च को उसकी पैरोल अवधि समाप्त होने वाली थी और तब से वह फरार था। कांस्टेबल की हत्या के एकमात्र चश्मदीद को खत्म करने के लिए आरोपी पैरोल की अवधि के बाद फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त बी.के. यादव ने बताया कि बाहरी उत्तर क्षेत्र में आरोपी राहुल की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-5 औद्योगिक क्षेत्र बवाना में जाल बिछाया गया। डीसीपी यादव ने कहा, जब आरोपी वहां पहुंचा और पुलिस पार्टी को देखते ही उसने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। उसने अपनी पिस्तौल से छह राउंड फायर किए और पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए छह गोलियां दागीं, जिनमें से एक आरोपी के दाहिने पैर में लगी। इसके बाद आरोपी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**जांच** | हिमाचल के सरकारी सिस्टम से तंग आकर आप में शामिल हुए युवाओं को कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिलाई सदस्यता

# विश्वस्तरीय खिलाड़ी सुनील शर्मा समेत 106 युवाओं ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। केजरीवाल सरकार की ओर से स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को हिमाचल में आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव प्रभारी एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मौजूदगी में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले से ताल्लुक रखने वाले अल्ट्रामैरॉथन एथलीट सुनील शर्मा समेत 106 युवाओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने दि ग्रेट इंडिया रन के हीरो व धावक सुनील शर्मा का स्वागत किया और आम आदमी पार्टी के कार्यालय में उनके साथ उनके समर्थकों के साथ आप की सदस्यता दिलाई। हिमाचल में आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव प्रभारी सत्येंद्र जैन ने सैंकड़ों लोगों की मौजुदगी में सुनील शर्मा के उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनपर आम आदमी पार्टी में सच्ची निष्ठा व लग्न से कार्य करने का विश्वास जताया। वहीं, सुनिल शर्मा ने आम आदमी पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी को दिन दुनी रात चौगुनी सफलता की ओर अग्रसर करने का मंत्री सत्येंद्र जैन को विश्वास दिलाया। सत्येंद्र जैन ने कहा, सुनील शर्मा एक विश्वस्तरीय धावक है। उन्होंने 2016 में द ग्रेट इंडिया रन में दिल्ली से मुंबई तक 1480 किमी तक दौड़ लगाई थी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए चंडीगढ़ से दिल्ली 250 किलोमीटर दौड़ 38 घंटे 25 मिनट में पूरी की। पहलगाम से बाबा अमरनाथ का अप-डाउन मात्र 18 घंटे में पूरा किया, जबकि आम आदमी को यहां पर तीन दिन लगते हैं। सुनील नियमित रूप से विभिन्न राज्यों में होने वाले मैराथन कार्यक्रमों में हिस्सा लेते है। वह 2018 में सिरमौर रन-2 में 24 घंटे में 214.73 किलोमीटर की दूरी तय कर एशियाई रिकॉर्ड धारक बनें थे। सुनील सोशल मीडिया पर हजारों युवा एथलीटों के प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। सुनील और उनके साथी अरविंद केजरीवाल सरकार के गवर्नेंस मॉडेल से बेहद प्रभावित है, और इसी वजह से उन्हें आम आदमी पार्टी मे जोड़ रहे है। वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने कहा, जिस तरह आम आदमी पार्टी दिल्ली में युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही है उसी तरह हिमाचल में भी इंटरनेशनल लेवल की सुविधाएं खिलाड़ियों को दी जाएगी। युवाओं को 100- 200 किमी दूर जाकर अभ्यास करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भविष्य में हिमाचल में कई सारे सुनील शर्मा होंगे, जो सुविधाओं के अभाव में भटकेंगें नहीं, बल्कि देश के लिए मेडल जीतकर लाएंगे। उन्होंने कहा, अभी तक भापजा के नेता और कार्यकर्ता कहते थे कि अरविंद केजरीवाल सरकार लोगों को सुविधाएं फ्री में बांट रही है लेकिन अब भाजपा खुद ही हमारी नकल कर रही है, लेकिन फिर भी पूरी तरह नकल करने मे नाकाम है।

# प्रथम दृष्टया सहमति से संबंध, आरोपी को मिली जमानत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दुष्कर्म के एक आरोपी को अदालत ने सशर्त जमानत दे दी है। अदालत ने कहा है कि पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध प्रथमदृष्टया जबरन नहीं बनाए बल्कि शादी के साथ कई अन्य वादों के आधार पर बनाए थे। यहां तक की पीड़िता ने एक बार अपनी शिकायत इस आधार पर वापस ले ली थी कि आरोपी के परिवार ने उसे इलाके में झुग्गी देने का वादा किया था। पटियाला हाउस अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल अंतिल की अदालत ने आरोपी को 30 हजार रुपये के निजी मुचलके एवं इतने ही रुपये मूल्य के जमानती के आधार पर जमानत दी है। अदालत ने कहा है कि बलात्कार के इस मामले में सुनवाई के बाद ही अंतिम निर्णय होगा। लेकिन पुलिस द्वारा पेश रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी 55 साल का है जबकि पीड़िता की उम्र महज 28 साल है। दोनों एक ही इलाके में रहते हैं। पीड़िता घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती है। पुलिस ने अदालत को बताया कि पीड़िता ने अपने मोबाइल फोन से वह सारे मैसेज डिलीट कर दिए हैं जोकि आरोपी व पीड़िता के बीच हुए थे। हालांकि अदालतकक्ष में मौजूद पीड़िता ने कहा कि उसका मोबाइल गुम हो गया है। परन्तु अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि उसने खोए मोबाइल की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने इसका जवाब ना में दिया। अदातल ने तमाम तथ्यों व साक्ष्यों के मद्देनजर आरोपी को जमानत दे दी है। साथ ही हिदायत दी है कि वह पीड़िता से संपर्क की कोशिश नहीं करेगा। साक्ष्यों व गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा। इसके अलावा अदालत की प्रत्येक सुनवाई पर अदालत में हाजिर होगा। साथ ही अपना मोबाइल नम्बर व घर का पता स्थानीय पुलिस के थानाध्यक्ष को देगा। मोबाइल को उसे 24 घंटे सातों दिन चालू रखना होगा।


# क्लासिफाइड

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुव्किल महेन्द्र पुत्र श्री जगपाल निवासी म. नं. 104 ग्राम गढी चौखण्डी एस.के इण्टर कॉलेज के पास सेक्टर–68 नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर अपने पुत्र गौरव को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में मेरे मुव्किल व उनके परिवार का कोई वास्ता ताल्लुक नहीं होगा।

विकास सिंह एडवोकेट
जनपद न्यायालय
गौतमबुद्धनगर।

**नाम परिवर्तन**

मैं, दीपक चौधरी, पिता-श्री रामू चौधरी, निवासी-टी-30/3 ए 11, रोड नंबर-20, शक्ति मंदिर के निकट, बलजीत नगर, नई दिल्ली-110008 घोषणा करता हूं कि मैंने दीपक से अपना नाम बदलकर दीपक चौधरी रख लिया है। आज से सभी कार्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# पंजाबी बिरादरी महा संगठन के बैनर तले आयोजित मिलन समारोह में दिखाई दी पंजाबियों की एकता

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



न्यू कालोनी स्थित दशहरा ग्राउण्ड में बीती देर रात्रि तक पंजाबी बिरादरी महासंगठन के बैनर तले मनाए गए बैसाखी मिलन समारोह के दौरान जहां एक ओर पंजाबी बिरादरी की एकता दिखाई दी, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि आयोजन में बिरादरी से पक्ष-विपक्ष के नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारी भीड़ को देखकर गदगद हुए नेताओं ने महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की पीठ थपथपाते हुए बधाई दी।

सांसद से लेकर सभी विधायकों ने कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को देखकर बोधराज सीकरी की पीठ थपथपाई। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव द्वारा आए हुए लोगों को आशीर्वाद दिया गया तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के द्वारा फोन के माध्यम से दी गई बधाई को माइक पर सुनाया गया। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा कार्यक्रम के आयोजक बोधराज सीकरी को बिरादरी द्वारा बड़े स्तर पर बैसाखी मिलन समारोह मनाए जाने पर बधाई देते हुए उनकी पीठ थपथपाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर करीब आधा दर्जन ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान करनाल के सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पानीपत के विधायक प्रमोद विज, जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा, हांसी के विधायक विनोद भयाना, फरीदाबाद की विधायक सीमा त्रिखा, महिला आयोग हरियाणा की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, हरियाणा बिजली बोर्ड के निदेशक अतुल मुखी, केशवपुरम नई दिल्ली से भाजपा अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्वमंत्री धर्मवीर गाबा, राजेश सूटा आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में शिरकत की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध पंजाबी गायक एवं सांसद हंसराज हंस के पुत्र नवराज हंस द्वारा गाए गए गीतों ने समां बांध दिया। उनके द्वारा गीतों पर महिला, बच्चे, बुजुर्ग तथा संस्था के पदाधिकारी भी अपने आपको झूमने से रोक नहीं पाए। विधायक कृष्ण मिड्ढा, सुभाष सुधा, मनीष ग्रोवर, संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी आदि द्वारा जमकर डांस किया गया। बिरादरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे यह जानकर खुशी है कि गुडगांव के पंजाबी बिरादरी के 15 संगठनों को एकजुट कर एक महासंगठन बनाया गया है। यह खुशी की बात है जिसके लिए महासंगठन के उसकी टीम बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जो कौम अपने महापुरुषों, उनके इतिहास को भूल जाती है, वह कभी इतिहास नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों में संस्कार भी पैदा करो। नहीं तो देश, समाज से पहले हमारे परिवारों में दिक्कतें आएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभीपंजाबी आपसी मतभेद भुलाकर आगे बढ़ें। दूसरे को आगे बढ़ाने की सोच रखेंगे तो हम खुद भी आगे बढ़ेंगे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि जब तक संगठित नहीं होंगे, तब तक राजनीति में सफल नहीं होंगे। विधायक कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश को हर तरह से मजबूत बनाने में पंजाबियों का अहम योगदान है।

पंजाबियों को रिफ्यूजी कहना गलत है। उन्होंने मांग की कि पंजाबियों को रिफ्यूजी कहने पर प्रतिबंध लगे। इस पर एससी/एसटी की तरह एक्ट बनाया जाए। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि हम सनातनी वैदिक भगवा में विश्वास रखते हैं। हमें जाति-धर्म में बांटा गया। पिछले 7-8 साल में सनातन और वैदिक धर्म मजबूत हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि राजनीति में चाहे किसी भी दल में जाओ, लेकिन रेल के इंजन के साथ लगना। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन और वैदिक धर्म की आज जय-जयकार हो रही है। बोधराज सीकरी ने कहा कि हम पंजाबी कर्म प्रधान हैं। बुजुर्गों ने हमें सिखाया है। हमने कभी आरक्षण नहीं मांगा।

**कार्यक्रम**
- कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ देखकर सांसद व विधायकों ने थपथपाई बोधराज सीकरी की पीठ

# गुरुग्राम: दिन-दहाड़े 1 करोड़ की लूट

## आंखों में मिर्ची पाउडर डाला फिर पिस्टल दिखा कैश लेकर भागे

गुरुग्राम, एजेंसी



राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक कैश वैन से 1 करोड़ रुपये की लूट की वारदात सामने आई है। यहां 4 से 5 हथियारबंद बदमाशों ने कैश वैन से लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कैश वैन के ड्राइवर और कर्मचारी की आंखों में पहले मिर्ची पाउडर डाला, फिर पिस्टल की नोंक पर पूरी वारदात को अंजाम दिया।

साइबर सिटी गुरुग्राम में हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में खौफ का माहौल है। लोगों को डर सता है कि जब हथियार बंद बदमाश कैश वैन से करोड़ों रुपयों की लूट को अंजाम दे सकते हैं तो राह चलने वालों का क्या होगा। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ियों के नंबर खंगालने की कोशिश कर रही है, ताकि कैश वैन से 1 करोड़ रुपये की लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ा जा सके। गुरुग्राम में बढ़ रहे हैं इस तरह के मामले पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो गुरुग्राम में क्राइम का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दिनों हरियाणा के गुरुग्राम में बाइक सवार झपटमारों ने पुलिस कांस्टेबल को गोली मार दी थी। यह घटना सुशांत लोक इलाके में गैलेरिया मार्केट के पास हुई थी। पुलिस ने स्नेचर को पकड़ने के लिए नाका लगाया हुआ था। उसी दौरान अपाचे बाइक पर दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए बाइक सवार बदमाशों ने गोली चला दी। जो सिपाही गौरी शंकर के पैर में लगी। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही थी।

**घटना**
- घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है
- पिछले दिनों हरियाणा के गुरुग्राम में बाइक सवार झपटमारों ने पुलिस कांस्टेबल को गोली मार दी थी

# संक्षिप्त खबरें

## 30 अप्रैल के बाद बंद हो जाएगा विप्रो पोर्टल, डेटा सुरक्षित रखने की अपील

गुरुग्राम। गुरुग्राम आईटीआई के प्राचार्य जयदीप कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं उधमिता मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक एवं कौशल विकास एवं औधोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा पंचकुला के निदेशक के निदेर्शानुसार विप्रो पोर्टल को दिनांक 30 अप्रैल से बंद किया जा रहा है। उन्होंने गुरुग्राम जिला में स्थित सभी सरकारी एवं गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपना लेगसी डाटा, अपलोड मार्क्स तथा अखिल भारतीय शिक्षुता परीक्षा 108वीं, 109वीं, 110वीं और 111वीं के प्रमाण - पत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। 30 अप्रैल के बाद विप्रो पोर्टल से सम्बंधित कोई भी कार्य करना सम्भव नहीं होगा।

## महान आध्यात्मवादी अरविंद घोष के छोटे भाई थे क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी

गुरुग्राम। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी व पत्रकार बारींद्र नाथ घोष जो महान आद्यात्मिक अरविंद घोष के छोटे भाई थे, उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा याद किया गया। वरिष्ठ श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने घोष को याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 5 जनवरी 1880 को लंदन के पास कोरियेदन नामक कस्बे में हुआ था। उनकी स्कूली शिक्षा देवगढ़ में हुई थी। उन्होंने सेना का प्रशिक्षण भी लिया था। महान आद्यात्मवादी अरविंद घोष जो उनके बड़े भाई थे, उनसे प्रभावित होकर उनका झुकाव क्रांतिकारी आंदोलन की ओर हो गया था। देश को आजाद कराने में वह क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल रहे। क्रांति से संबंधित भवानी मंदिर नामक पहली किताब उन्होंने लिखी थी। भूपेंद्रनाथ दत्त के सहयोग से उन्होंने युगांतरनामक साप्ताहिक पत्र बांगला भाषा में प्रकाशित किया था और इसके माध्यम से देश की स्वतंत्रता के लिए आमजन को जागरुक भी किया। उन्होंने अनेक युवा क्रांतिकारियों को देश की आजादी के लिए खड़ा करने में अहम भूमिका अदा की थी।

# जिनके काम से स्वास्थ्य विभाग ने नाम कमाया, उन्हें ही बाहर का रास्ता दिखाया

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कोरोना महामारी के समय में जिन कर्मचारियों ने दिन-रात काम किया। खुद भी कोरोना संक्रमित हुए। उनके काम से ही स्वास्थ्य विभाग ने नाम कमाया। लोगों की टेस्टिंग समेत अनेक कार्यों को इन कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ किया। अब इन कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। वैसे तो ये कोरोना काल में ही ठेके पर लगाए गए थे, लेकिन अब दो साल बाद हटा दिया गया है। अब ये कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर हो गए हैं।

सेक्टर-39 में सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे इन कर्मचारियों में कई रिकॉर्ड बनाने वाले कर्मचारी भी इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए अपनी नौकरी बहाली की मांग कर रहे हैं। धरने पर बैठी दीपिका ने सबसे ज्यादा सेंपल लिए थे। दो साल में एक लाख से ज्यादा सेंपल उन्होंने लिए। उनके इस काम पर मंत्री मूलचंद शर्मा ने 26 जनवरी 2022 को सम्मानित किया था। रोहित समेत 8 लैब टेक्नीशियन ने 8 लाख 29 हजार सेंपल की जांच की। इसी तरह सोमबीर ने भी टेस्टिंग में बेहतरीन काम किया, जिन्हें वजीराबाद पीएचसी में विधायक सुधीर सिंगला द्वारा सम्मानित किया गया। धरने पर बैठी दीपिका, रोहित, मोनू, सोमबीर, विजय कुमार, सोनिया आदि ने कहा कि हरियाणा के हर जिले में कोरोना काल के दौरान हर काम में गुरुग्राम अव्वल रहा। यह सब कर्मचारियों के काम से ही संभव हो पाया है। आम आदमी पार्टी द्वारा धरनारत इन कर्मचारियों को पूरा समर्थन दिया गया है। आप नेता अभय जैन एडवोकेट, अशोक वर्मा एडवोकेट ने धरने पर बैठे इन कर्मचारियों को हर कदम पर साथ देने का आश्वासन दिया।



- गुरुग्राम के अस्पताल में ठेके पर लगे कर्मचारियों ने बनाए हैं कई रिकॉर्ड

# योर ग्रांट एप्लीकेशन एक परिप्रेक्ष्य पर विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



एसजीटी विश्वविद्यालय ने सोमवार को योर ग्रांट एप्लीकेशन एक परिप्रेक्ष्य पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। डॉ राजीव महाजन, वैज्ञानिक जी, सलाहकार विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। डॉ. महाजन ने कहा कि कैसे इन दिनों नए-नए आइडिया यानी कि इनोवेशन की मांग अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है।

पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन में डॉ. महाजन ने छात्रों को बताया कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में देश कहां खड़ा है। डॉ. महाजन ने कहा कि स्टार्ट-अप में देश का तीसरा स्थान है। डॉ. महाजन ने कहा कि एसईआरबी की कई योजनाएं हैं, खासकर महिला सशक्तिकरण के लिए। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर इस बात को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है कि रिसर्च फील्ड में महिलाओं का योगदान काफी कम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़-चढकर आगे आना होगा क्योंकि महिलाएं काफी इनोवेटिव होती हैं। डॉ. महाजन ने चिंता जताई कि शोध के क्षेत्र में पर्याप्त महिलाएं आगे नहीं आ रही हैं। एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए उन्होंने एसईआरबी के बारे में बताया कि किस प्रकार भारत सरकार रिसर्च करने वाले हर एक संस्थान की फाइनेंसियल मदद करती है। डॉक्टर महाजन ने कहा कि एसईआरबी समय-समय पर वर्कशॉप का आयोजन करते हैं और इस वर्कशॉप के माध्यम से रिसर्च के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाती है ताकि इस वर्कशॉप को अटेंड करने वाले भविष्य बन कर उभर सके। डॉ. महाजन ने छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब भी दिए। एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपी कालरा ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि कैसे अनुसंधान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और इसके बाद सम्मानित अतिथियों को पौधा भेंट किया गया।

# विश्व विरासत दिवस पर पोस्टर मेकिंग का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




सोहना रोड स्थित केआईआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने सेव आवर मॉन्यूमेंट्स पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगता का आयोजन कर विश्व विरासत दिवस मनाया गया। विश्व विरासत दिवस विश्व भर में मूल्यवान संपत्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और रक्षा हेतु लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है।

शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है की पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। उन्होंने बताया कि यूनेस्को की पहल पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि की गई, जो विश्व के सांस्कृतिक प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह संधि सन 1972 में लागू की गई। प्रारंभिक रूप से धरोहर स्थलों को शामिल किया गया। जिसमें वह धरोहर स्थल जो प्राकृतिक रूप से संबद्ध हो अर्थात प्राकृतिक धरोहर स्थल एवं दूसरे सांस्कृतिक धरोहर स्थल तथा तीसरा मिश्रित धरोहर स्थल। 1982 में ट्यूनीशिया में अंतरराष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस पर विश्व भर में विरासत दिवस मनाने की बात हुई। केआईआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की रजिस्ट्रार नीलिमा कामराह ने छात्रों को सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संरक्षित करने के लिए को प्रेरित किया।

# स्वस्थ शरीर मानव जीवन की पहली प्राथमिकता : सत्यप्रकाश जरावता

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि मानव जीवन ईश्वर का सबसे श्रेष्ठ वरदान है। इसलिए हमारे जीवन में स्वास्थ्य से बढकर कुछ नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही अच्छे विचारों का सृजन होता है ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वे सोमवार को मानेसर(खंड पटौदी) में आयोजित प्रथम खंड स्तरीय हेल्थ मेले में बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित थे। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत उपरोक्त कार्यक्रम सेक्टर एक स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन हर व्यक्ति का अधिकार है और यह तभी संभव है जब हम एक निरंतर प्रक्रिया के तहत अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहे। उन्होंने कहा कि देश में हर साल काफी संख्या में लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त होकर अपना जीवन त्याग देते है। अगर ऐसे लोग समय रहते अपने स्वास्थ्य की जांच करा लें तो उनके जीवन को बचाया जा सकता है। कई बार शरीर मे महसूस होने वाले गैर जरूरी लक्षणो को हम जाने अनजाने में नजरअंदाज कर देते है। कुछ समय के बाद जब हम डॉक्टरी परीक्षण करवाते है तब तक वह लक्षण गंभीर बीमारी का रूप धारण कर नियंत्रण से बाहर हो जाते है। इसलिए यह जरूरी है कि हमें समय समय पर अपने शरीर की उचित मेडीकल जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज से जिला में खंड स्तरीय हेल्थ मेले का शुभारंभ हुआ है। जिला के अन्य खंडों में भी चरणबद्ध तरीके से अन्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव ने बताया कि नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निदेर्शानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले में खंड स्तर पर इस प्रकार के हेल्थ मेले लगाए जा रहे हैं। गुरुग्राम का पहला मेला आज मानेसर (खंड पटौदी) के सेक्टर एक स्थित सामुदायिक भवन में लगाया गया था।

## ऑटो-टैक्सी संचालकों की हड़ताल का गुडगांव में भी दिखाई दिया असर

**गुरुग्राम।** सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ दिल्ली में की जा रही 2 दिवसीय हड़ताल का असर पहले दिन गुडगांव में भी देखने को मिला। बतादें कि ऑटो, कैब व टैक्सी गुरुग्राम की लाईफ लाईन मानी जाती हैं। 2 दिवसीय हड़ताल के पहले दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसका असर रहा। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैण्ड पर यात्री परेशान नजर आए। ऑटो चालकों के अनुसार सीएनजी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण उनकी रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। कुछ ऑटो चालकों ने ऋण लेकर ऑटो लिया हुआ है, जिसकी किस्त भी भरनी पड़ती है। यदि किस्त समय पर नहीं भरी जाती हैं तो उनका ब्याज भी बढ़ जाता है। ऐसे ही दरें बढ़ती रही तो फिर ऑटो चालक कैसे कमा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करेंगे। पेट्रोल-डीजल व सीएनजी की कीमतों में कमी और किराए में संशोधन कर ऑटो चालकों की मदद के लिए सरकार द्वारा कोई कदम न उठाए जाने पर हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।

# 5 साल पूर्व कंपनी प्रबंधन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर पर श्रमिकों को अब किया जा रहा है तलब

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि आईएमटी मानेसर स्थित एसपीएम प्रबंधन ने वर्ष 2017 की 6 अप्रैल को यूनियन नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी नंबर 178 मानेसर पुलिस थाना में दर्ज कराई थी। जिसका यूनियन नेताओं ने विरोध करते हुए तत्कालीन पुलिस उपायुक्त से मामले की जांच कर प्राथमिकी रद्द करने की मांग भी की गई थी।

काउंसिल के सक्रिय सदस्य व एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि तत्कालीन पुलिस उपायुक्त ने मामले की जांच कर प्राथमिकी रद्द करने का आश्वासन दिया था। अब पुलिस थाना से प्रतिदिन फोन आ रहे हैं कि प्राथमिकी की जांच में श्रमिक नेता शामिल हों और अपनी जमानत करा लें। पुलिस की इस कार्यवाही से औद्योगिक क्षेत्र की सभी यूनियनों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। श्रमिक नेता का कहना है कि 5 साल पूर्व जब पुलिस के उच्चाधिकारियों से बातचीत हो गई थी और उन्होंने आश्वासन भी दिया था कि प्राथमिकी को रद्द कर दिया जाएगा, लेकिन अब इस प्राथमिकी पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि 5 वर्ष पूर्व दर्ज की गई इस प्राथमिकी को रद्द कराया जाए ताकि औद्योगिकी क्षेत्र में श्रमिक शांति बनी रहे। ज्ञापन पर एक दर्जन से अधिक श्रमिक नेताओं ने अपने हस्ताक्षर भी किए हैं।

**आश्वासन**
- पुलिस उपायुक्त ने एफआईआर रद्द करने का दिया था आश्वासन
- उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर की मांग, एफआईआर को किया जाए रद्द

# तिब्बत कभी भी चीन का हिस्सा नहीं था : इंद्रेश कुमार

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



भारत तिब्बत सहयोग मंच का दो दिवसीय सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। पहले दिन के प्रथम सत्र का उद्घाटन डा. इंद्रेश कुमार व अन्य अतिथियों एवं मंच के वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। डा. इन्द्रेश कुमार ने कहा कि दुनिया के कई प्रभावशाली देश अन्य देशों को अपने में मिलाकर मजबूत बनाने का काम किया है, किंतु भारत ऐसा देश है जिसने अपने क्षेत्रफल में से अन्य देशों को जन्म देने का काम किया। एक तरफ चीन ऐसा देश है, जिसने जबरन तिब्बत पर कब्जा किया, वहीं दूसरी तरफ भारत तिब्बत की आजादी के लिए पूरे विश्व में जन जागरण का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सदियों से भारतीय संस्कृति में सद्भाव की परंपरा रही है। डा. कुमार ने कहा कि 63 साल पहले 1959 में परम पावन दलाई लामा अपने समर्थकों के साथ भारत आये और भारत ने उन्हें शरण देने का काम किया। चीन ने 12 लाख तिब्बतियों का कत्लेआम कर वहां की सभ्यता एवं संस्कृति को बर्बाद करने का काम किया है। जबकि सच्चाई तो यह है तिब्बत कभी चीन का हिस्सा था ही नही। भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ता तिब्बत की आजादी के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। एक दिन ऐसा जरूर आएगा, जब चीन के खूनी चंगुल से तिब्बत आजाद होगा और तिब्बत की आजादी के साथ चीन के कब्जे से कैलाश मानसरोवर भी मुक्त हो जाएगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्वासित तिब्बत सरकार की डिप्टी स्पीकर डोलमा त्सेरिंग तेखनग ने कहा कि चीन तिब्बत की संस्कृति को तहस-नहस कर रहा है महिलाएं-बच्चे असुरक्षित हैं। चीन के लोगों को तिब्बत में कुछ भी करने की खुली छूट है। वहां की स्थिति बहुत चिंताजनक है। मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार में चीन को मुंह तोड़ जवाब देने में हमारी सेना को खूब मजा आ रहा है। मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल ने कहा कि मंच का कारवां लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में 46 प्रान्तों के 382 जिलों में मंच के लाखों कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। चीन ने भारत को बार-बार धोखा देने का काम किया है। राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल ने कहा कि चीन की चाल को भारत ने हमेशा ही नाकामयाब किया है। चीन के चेहरे को कई बार उजागर किया जा चुका है। अब भारत मजबूती के साथ चीन के साथ खड़ा है। वह दिन दूर नहीं जब तिब्बत भारत का हिस्सा हो जाएगा। इस सम्मेलन को रिटायर्ड ब्रिगेडियर श्रीप्रसाद एवं लखनऊ नगर निगम की महापौर संयुक्ता भाटिया ने भी संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह संयोजक मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकताओं ने किया। इस सम्मेलन के बाद दूसरा सत्र कार्यकताओं के परिचय का रहा।

**सूचना**
- हमारी सरकार चीन को मुंहतोड़ जवाब दे रही है : सरदार हरजीत सिंह ग्रेवाल
- एक दिन तिब्बत एवं कैलाश मानसरोवर जरूर आजाद होगा : पंकज गोयल

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य बनेगा : बंडारु दत्तात्रेय

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लेकर आए हैं जो कि रोजगारोन्मुखी होने के साथ नैतिक मूल्यों पर केंद्रित है। इस नीति को देशभर में सन 2030 तक लागू किया जाना है लेकिन हरियाणा सरकार ने इस नीति को 2025 तक लागू करने का निर्णय लिया है और देश में हरियाणा इस नीति को लागू करने वाला पहला राज्य होगा।

यह बात उन्होंने सेक्टर -109 स्थित स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह में कही। उन्होंने छात्रों को पुरुस्कृत भी किया। उन्होंने स्कूल परिसर में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी को भी देखा और कहा कि प्रदर्शनी में बच्चों की इनोवेटिव सोच देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे अच्छा समय और मूल्यवान होता है। प्राथमिक शिक्षा के स्तर और कॉलेज जाने से पहले विद्यार्थियों की हैबिट्स और वातावरण महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में आपको अच्छा वातावरण उपलब्ध है। इसके साथ राज्यपाल ने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि जीवन में सफलता के लिए समर्पित होकर परिश्रम करें। क्या पढना है और किसके लिए पढना है इन दो बातों का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो आप मन में बनने की ठान लेंगे तो उस लक्ष्य को आप जरूर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का पालन करने पर भी बल दिया और कहा कि अंग्रेजी सीखो परंतु अपने घर में अपनी मातृभाषा में बात करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप अंग्रेजी का गुलाम ना बने। केंद्रीय श्रम मंत्री होने के नाते उन्हें जेनेवा सम्मेलन में जाने का मौका मिला था जिसमें विश्व के 184 देशों ने भाग लिया। उस सम्मेलन में 3-4 देशों ने हीं अंग्रेजी में भाषण दिया और बाकी सभी ने अपनी मातृभाषा में संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वे भी वहां हिंदी में बोले थे। साथ ही राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री भी संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में हिंदी में भाषण देते है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नेशन फर्स्ट अर्थात सबसे पहले राष्ट्र को ध्यान में रखें।

## भगवान राम सीता के विवाह से शुरू हुई मधुबनी चित्र कला

**गुरुग्राम।** एक लंबे अरसे से बिहार व नेपाल में घरों की दीवारों की रौनक बढ़ाने वाली मधुबनी चित्रकला की विकास यात्रा आज आधुनिक पोशाकों तक आ पहुँची है। समय के साथ मधुबनी चित्र को बनाने के पीछे के मायने भी बदल चुके हैं, लेकिन ये कला अपने आप में इतना कुछ समेटे हुए हैं कि आज भी इस कला के कद्रदानों की कमी नही है। मधुबनी प्रिंटिंग की यह कला भौगोलिक दायरों को तोडो के साथ साथ आज विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय का प्रमुख साधन है। सरस मेले में स्टाल नम्बर ई 5 पर झारखंड के जिला बोकारो से आई रीता देवी बताती है की सीता-विवाह से शुरू हुई मधुबनी चित्रकला की यह परंपरा शताब्दियों तक शुभ कार्य के मौके पर घर की दीवार सजाने के काम में आती रही है। आज इन पेंटिंग्स में आध्यात्मिक, प्राकृतिक और सामाजिक स्थितियों का विशेष चित्रण किया जा रहा है।

# धर्म पर पहरा

विगत एक माह से देश के कई हिस्सों से आए समाचार और उन पर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं का रवैया बहुत ही खतरनाक संकेत दे रहा है। हिजाब विवाद से लेकर रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकाली गई शोभायात्राओं पर पथराव तक हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाओं का होना और उन पर सेकुलर दलों की रहस्यमयी चुप्पी देश के सामाजिक ताने बाने के लिए घातक है। हिंदू नववर्ष के दिन राजस्थान के करौली शहर में शोभायात्रा पर हमला हो या फिर रामनवमी के दिन देश के पांच राज्यों के नौ जिलों सहित दिल्ली स्थित जेएनयू में कथित बवाल, हर मौके पर समाज में जहर घोलने की कोशिश की गई। देश के पांच राज्यों के नौ जिलों में रामनवमी की शोभायात्रा पर जानबूझकर पथराव किया गया और फिर उसके बाद सुनियोजित तरीके से हिंसा व आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इन हिंसक वारदातों को भी करौली की घटना के तर्ज पर ही अंजाम दिया गया। रामनवमी के दिन गुजरात के हिम्मतनगर और खंभात में हिंसक झड़प हुई। साबरकांठा के छपरिया इलाके में शोभायात्रा पर हमला बोला गया। मध्य प्रदेश के खरगौन और बड़वानी में शोभायात्रा पर पथराव के बाद जमकर हंगामा और आगजनी हुई। बारूद के ढेर पर बैठे बंगाल के दो जिलों में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद व्यापक हिंसा और आगजनी की गई। झारखंड में भी उपद्रव किया गया। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि श्री रामनवमी के दिन जो हिंसा हुई है उसमें एक खास समुदाय के लोगों का ही हाथ था। अब दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में भी खास मकसद से विघ्न डाला गया। जब से अयोध्या विवाद का माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से समाधान कर दिया तब से देश के तथाकथित सेकुलर दलों, वामपंथियों व लेकर आजादी के नारे लगाने वाले लोगों को शोभायात्रा पसंद नहीं आ रही है। खैर, रामनवमी पर कई राज्यों में हुए बवाल की आग शनिवार को दिल्ली भी पहुंच गई। हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में निकाली जा रही शोभा यात्रा पर कुछ शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आकर पथराव करने लगे। छतों पर से शोभायात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव किया गया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े वाहनों के अलावा पुलिस के कुछ वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। यह पहली बार नहीं है जब हिंदुओं का त्योहार रामनवमी और मुसलमानों का रमजान साथ-साथ मनाया गया हो। यह भी पहली बार नहीं है जब साझे त्योहारों के मौसम में देश में सांप्रदायिकता फैलने का खतरा उमड़ा हो। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रही हैं और अक्सर पूरा भारतीय समाज इसका खमियाजा भुगतता रहा है। यह भी सही है कि समय के साथ अक्सर घाव भरते भी रहे हैं। लेकिन इस हकीकत से आंख नहीं चुराई जा सकती कि धर्म के नाम पर भारतीय समाज को बांटने की कोशिशें लगातार होती रही हैं। कभी राजनीतिक स्वार्थों के लिए यह काम होता है और कभी बहुसंख्यकों के अधिकारों की दुहाई देकर। सवाल यह नहीं है कि पहला पत्थर किस ओर से फेंका गया या पहले ज्यादती किसने की, सवाल यह है कि बहुधर्मी संस्कृति वाले भारत में जब-तब सांप्रदायिकता की आग क्यों जल उठती है? दशकों से (या सदियों से) साथ-साथ रहने वाले, साथ उठने-बैठने, खाने-पीने वाले, अचानक एक-दूसरे के दुश्मन कैसे बन जाते हैं? हमारा संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। हमारी सरकार किसी भी धर्म-विशेष से जुड़ी हुई नहीं है। हर नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपने विश्वास के अनुसार अपने धर्म का पालन करे। एक-दूसरे के धार्मिक व्यवहार में बाधा डालने का किसी का कोई अधिकार नहीं है। सवाल तो यह उठता है कि बाधा डालने की आवश्यकता ही क्यों पड़े? और सवाल यह भी उठता है कि हर नागरिक को यह क्यों न लगे कि जितना मुझे अपना धर्म प्रिय है, उतना ही प्रिय दूसरे को उसका धर्म हो सकता है? हम तो हजारों साल से एक ईश्वर की बात कहते-मानते रहे हैं। फिर ईश्वर और अल्लाह में आस्था का बंटवारा कैसे हो सकता है? परंपरा रही है हमारी ईद और दीवाली मिल-जुल कर मनाने की। यह परंपरा बनी रहनी चाहिए और मजबूत होनी चाहिए।

# उपचुनाव : घटते वोट फीसद ने बढ़ाई बंगाल भाजपा की चिंता

शंकर जालान



किसी भी दल या उम्मीदवार के लिए चुनाव में पराजय का सामना करना चिंताजनक होता है और हो सकता है, लेकिन दल के लिए उससे भी चिंताजनक यह कि उसका वोट फीसद बीते चुनाव की तुलना में घट जाए। चुनाव में कई दलों के उम्मीदवारों के साथ-साथ कुछ लोग निर्दलीय तौर पर भी भाग्य आजमाते हैं, लेकिन जीत किसी एक को ही नसीब होती, इसलिए चुनाव में हार के सामने को उतना गंभीर नहीं माना जाता, जितना गंभीर दल के जनाधार के घटने यानी वोट फीसद के कम होने को माना जाता है और फिलहाल प्रदेश भाजपा इसी चिंता में डूबी है। लोकसभा (आसनसोल) व विधानसभा (बालीगंज) के लिए हुए उपचुनाव में मिली पराजय के साथ-साथ घटते वोट फीसद ने प्रदेश भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। बीते आम चुनाव (2019) में भाजपा नेता जितनी बुलंद आवाज में बोलते थे कि तमाम विपक्ष एकजुट होकर भी भाजपा को नहीं हरा सकता, अब सूबे में हुए उपचुनाव के नतीजों ने यह बता दिया कि तमाम विरोधी दल एक होकर भी ममता यानी तृणमूल कांग्रेस को नहीं हरा सकते।

भाजपा के वोट फीसद में भारी गिरावट ने भगवा खेमे को चिंता में डाल दिया है। उपचुनाव के नतीजे ऐसे समय पर सामने आए हैं, जब अगला आम चुनाव (2024) करीब-करीब दो साल दूर है। दक्षिण कोलकाता स्थित बालीगंज विधानसभा इलाके में भाजपा उम्मीदवार केया घोष कुल मतों का मात्र 12.8 फीसद प्राप्त करके तीसरे स्थान पर रहीं। लगभग एक साल पहले यानी 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लोकनाथ चटर्जी यहां से न सिर्फ दूसरे स्थान पर रहे थे, बल्कि उन्होंने 20.50 फीसद वोट भी हासिल किया था।

आसनसोल लोकसभा सीट भाजपा उम्मीदवार ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। इस बार तृणमूल के शत्रुघ्न सिन्हा ने 3,03,209 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल कर अपनी पार्टी के लिए एक नहीं दो-दो रिकॉर्ड बनाए। सिन्हा इस लोकसभा क्षेत्र के निर्माण के बाद से न केवल आसनसोल से जीतने वाले पहले तृणमूल उम्मीदवार बने, बल्कि इस मामले में आसनसोल से उनके अंतर ने पिछले सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगभग 2 लाख मतों के पिछले अंतर को पाटने के बाद 3 लाख से अधिक वोटों का अंतर से जीत हासिल करना काफी दुर्लभ था, जिसे तृणमूल उम्मीदवार ने पूरा कर दिखाया।

आसनसोल में तृणमूल ने 2019 में प्राप्त अपने वोट फीसद को 35.19 से बढ़ाकर 56 फीसद तक बढ़ाया। वहीं, भाजपा का वोट फीसद 2019 में मिले 51.16 फीसद से घटकर इस बार केवल 30 फीसद रह गया।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद से भाजपा के वोट फीसद में गिरावट और हाल ही में हुए उपचुनावों में गिरावट भगवा खेमे को खतरे के संकेत है। ताजा नतीजों से लगता है कि भाजपा के पक्ष में कोई रणनीति या प्रचार अभियान काम नहीं कर रहा है।

### एक नजर, नतीजों पर

आसनसोल लोकसभा

| पार्टी | मत (2019) | मत (2022) |
|---|---|---|
| भाजपा | 6,33,378 | 3,53,149 |
| तृणमूल | 4,35,741 | 6,56,358 |
| माकपा | 87,608 | 90,412 |
| कांग्रेस | 21,038 | 15,035 |
| नोटा | 14,447 | 12,827 |

000000

बालीगंज विधानसभा

| पार्टी | मत (2021) | मत (2022) |
|---|---|---|
| तृणमूल | 1,06,585 | 51,199 |
| भाजपा | 31,226 | 13,220 |
| माकपा | 8,747 | 30,971 |
| कांग्रेस | उम्मीदवार नहीं | 5,218 |
| नोटा | 1,317 | 1196 |

# कोरोना की चौथी लहर, कितने तैयार हैं हम?

कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां, उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी।





आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

पिछले साल अप्रैल के महीने में आई कोरोना वायरस की भीषण लहर ने देश में प्रलय मचा कर रख दी थी। उन दिनों को याद करके भी घबराहट होने लगती है। एक साल के बाद फिर से कोरोना की चौथी लहर का खतरा हमारे सामने है। कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां,उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है।

देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी. लगभग तब ही कोरोना फिर से सामने आ गया। इसने लोगों को अपनी चपेट में लेना चालू कर दिया। स्कूल-कॉलेज खुले तो छात्रों में कोरोना फैलना शुरू हो गया है। तो बहुत साफ है कि कोरोना का असर कम भी होने पर मास्क लगाना ही होगा तथा सामाजिक दूरी अपनानी ही होगी।

हाल ही में आईआईटी-कानपुर ने अपने एक शोध के बाद दावा किया है कि भारत में जून में कोरोना की चौथी लहर आ सकती है। यह कहना होगा कि जिस प्रकार से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लगता है आईआईटी का दावा सही हो सकता है। पर क्या यह दूसरी लहर जितनी घातक होगी? इस सवाल का जवबा देने की स्थिति में तो अभी कोई नहीं है।

बहरहाल, जिस किसी ने कोरोना की दोनों डोज ले ली है, वे काफी हद तक सुरक्षित हो गए हैं। उन पर कोरोना के नए-नए वेरियंट का असर कम होगा। अब कहा जा रहा है कि 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को भी ऐहतियातन बूस्टर ज लगवा लेनी चाहिए।

लेकिन, यह जानना आवश्यक है कि टीका लगवाने के बाद जो ऐंटिबॉडी बनती है, वह ज्यादातर मामलों में 8 महीनों तक ही रहती है। एक बात और कि फिलहाल तीसरी डोज उन लोगों को लगवा लेनी चाहिए जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। इसे

अस्पतालों, पुलिस तथा बैंकों कर्मियों को लगवा लेनी चाहिए। कैंसर, लिवर, किडनी, हार्ट, लंग्स खासकर टीबी की बीमारी के रोगी भी इसे लगवा लें।

देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ पहले से अलग नए लक्षण लेकर आ रहे हैं। जैसे कि कंपकंपी के साथ बुखार होना या थकान महसूस करना,

शरीर में दर्द होना, गले में खराश, नाक का बहना या बंद होना आदि। खैर, यह तो सब मानते हैं कि अब हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ ही जिंदा रहना सीखना होगा। पर इसके लिए जरूरी है कि अगर हमने अभी तक भी दोनों टीके नहीं लगवाए तो हम अब देर न करें। हमारे अपने देश में अभी तक 65 प्रतिशत लोगों ने ही दोनों टीके लगवाए हैं। एक तिहाई जनता को एक ही टीका लगा है। बच्चों को टीके पूरे नहीं लगे। यह जान लें कि यदि टीका लग गया है तो कोरोना का वायरस कमजोर पड़ेगा। यह अफसोस की बात है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद अब भी बहुत से लोग टीका नहीं लगवा रहे हैं। वे अब भी इसको लेकर सवला खड़े कर रहे हैं। मेरे अपने सर्किल में कुछ लोग समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। इस तरह के लोग अपने को खतरे में डाल रहे हैं। अब वे लोग फिर से मास्क पहन लें जो इसे उतार चुके थे। निश्चित रूप से मास्क कोरोना के नया वेरिएंट के विरूद्ध खड़ा तो होता ही है।

हालांकि अभी कोरोना की चौथी लहर ने अपना असर दिखाना शुरू ही किया है, इसलिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए। जैसे कि कोरोना रोगियों के लिए अलग से वॉर्ड तथा बिस्तरों की व्यवस्था करना,पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई सुनिशिचत करना तथा एम्बुलेंस सेवा को तैयार करना। यह सब जानते हैं कि किसी भी राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था का काम राज्य सरकार ही देखती है। हमने देखा था कि स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन पर चलते हुए सभी राज्य और केंद्र शासित राज्य कोरोना की दूसरी लहर के वक्त इससे होने वाली मौतों की जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को दे रहे थे। हालांकि तब तमाम राज्यों और केंद्र शासित राज्यों में ऑक्सीजन की कमी से बहुत से लोग मारे भी गए थे। लेकिन, सरकारें नहीं मानती कि ऑक्सीजन की कमी के कारण लोग जान से हाथ धो बैठे थे। लेकिन, जरा उनसे भी तो पूछिए जिनके परिजन ऑक्सीजन की कमी के कारण संसार से विदा हो गए। मुझे नहीं पता कि सरकारी दावों का क्या आधार है कि कोरोना की दूसरी लहर के समय ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी की जान नहीं गई। हालांकि सच इससे बहुत ही अलग तथा बहुत कठोर है। तब ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लाखों लोग कितने बेबस और बेहाल थे, यह सबको पता है।

मुझे याद है तब इंडियन मेडिकल एसोसिशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय अग्रवाल तब हालातों से इतने खिन्न हो गए थे कि उन्होंने यहां तक कह दिया था कि यदि सरकारों ने ऑक्सीजन की सप्लाई को बेहतर न बनाया तो वे खुदखुशी कर लेंगे। जरा सोचिए कि देश के डॉक्टरों की सर्वोच्च संस्था का नेता कितना असहाय था तब। डॉ. अग्रवाल ने इस तरह की चेतावनी इसलिए दे डाली थी क्योंकि उनका कहना था कि ऑक्सीजन की कमी के कारण डॉक्टर रोगियों का सही से इलाज नहीं कर पा रहे हैं। इस विकट स्थिति से सैकड़ों डॉक्टर गुजरे थे। भगवान न करें कि अब वही स्थिति फिर कभी आए। तब सारा देश घरों में दुबका हुआ था और सड़कों पर सिर्फ एंबुलेंसों के सायरन बजने की आवाजें आती थीं। सारे माहौल में भय तथा डर था। ऐसे माहौल को फिर से कभी आने नहीं देना है।

# खाद्यान्न प्रचुरता का सुकूनदेह परिदृश्य

देश को अपने किसानों पर गर्व है। किसानों के सशक्तिकरण और कृषि व ग्रामीण विकास की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश में खाद्यान्न प्रचुरता के फायदों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि देश में खाद्यान्न प्रचुरता के कारण दो अभूतपूर्व सुकूनदेह अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, सरकार के मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम के कारण जहां कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन की मार से गरीबों को बहुत कुछ बचाया जा सका है, वहीं इस समय दुनिया की तुलना में देश में महंगाई कम है। दो, रूस-यूक्रेन के बीच भारत ने वैश्विक खाद्यान्न जरूरतों की पूर्ति के मद्देनजर गेहूं निर्यात का अभूतपूर्व मौका मुट्ठियों में लिया है। उल्लेखनीय है कि देश में गेहूं सहित खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। देश का कृषि उत्पादन आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहारा बन गया है।





डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

दस अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि से जुड़ी अनेक योजनाएं देश के करोड़ों किसानों को नई ताकत दे रही हैं। देश को अपने किसानों पर गर्व है। किसानों के सशक्तिकरण और कृषि व ग्रामीण विकास की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश में खाद्यान्न प्रचुरता के फायदों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि देश में खाद्यान्न प्रचुरता के कारण दो अभूतपूर्व सुकूनदेह अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, सरकार के मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम के कारण जहां कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन की मार से गरीबों को बहुत कुछ बचाया जा सका है, वहीं इस समय दुनिया की तुलना में देश में महंगाई कम है। दो, रूस-यूक्रेन के बीच भारत ने वैश्विक खाद्यान्न जरूरतों की पूर्ति के मद्देनजर गेहूं निर्यात का अभूतपूर्व मौका मुट्ठियों में लिया है। उल्लेखनीय है कि देश में गेहूं सहित खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। देश का कृषि उत्पादन आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहारा बन गया है। खाद्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित खाद्यान्न उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2021-22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.60 करोड़ टन पर पहुंच जाने का अनुमान है, जो पिछले फसल वर्ष में 31.07 करोड़ टन रहा था। इस वर्ष गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.13 करोड़ टन रहने का अनुमान है। गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष 10.95 करोड़ टन रहा था। 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन 12.79 करोड़ टन रिकॉर्ड अनुमानित है। साथ ही इस साल तिलहन उत्पादन 3.71 करोड़ टन रह सकता है जो पिछले साल 3.59 करोड़ टन से ज्यादा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक किसानों को दी जा रही पीएम सम्मान निधि, किसानों के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, कृषि शोध और किसानों के परिश्रम से खाद्यान्न उत्पादन वर्ष-प्रतिवर्ष रिकॉर्ड ऊंचाई बनाते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में खाद्य सबसिडी कार्यक्रम गरीब वर्ग को सहारा देते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक कार्य पत्र में कहा गया है कि सरकार के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी में कमी आ रही थी, उसे अकल्पनीय कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया और देश के अधिक जनसंख्या वाले बड़े प्रदेशों में गरीबी का स्तर बढ़ गया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2015-16 में भारत में 27.9 फीसदी लोग गरीब थे और इसमें लगातार कमी आती जा रही थी। कोरोना के एक साल ने गरीबी के मामले में देश को कई वर्षों पीछे धकेल दिया। आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सबसिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोड़कर अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। कार्य पत्र में अमेरिकी शोध संगठन प्यू रिसर्च सेंटर के द्वारा प्रकाशित की गई उस रिपोर्ट को खारिज किया गया है जिसमें कहा गया है कि कोरोना महामारी ने भारत में साल 2020 में 7.5 करोड़ लोगों को गरीबी के दलदल में धकेल दिया है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्यू का अध्ययन चलन से बाहर हो चुके संदर्भ पर आधारित था। कहा गया है कि यद्यपि 2020-21 के दौरान करीब 1.5 से 2.5 करोड़ लोग गरीबी में आ गए थे, लेकिन 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की व्यवस्था ने बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से उबारने में मदद की। गौरतलब है कि कोरोना महामारी शुरू होने के बाद मोदी सरकार ने अप्रैल 2020 में गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) की शुरूआत की थी। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभार्थी को उसके सामान्य कोटे के अलावा प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल 2020 से लेकर इस साल मार्च 2022 तक सरकार 2.60 लाख करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। इस साल अप्रैल से सितंबर तक 80 करोड़ जनता को मुफ्त में राशन देने से सरकार पर 80 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना पर सरकार इस साल सितंबर तक 3.40 लाख करोड़ रुपए खर्च कर देगी। खास बात है कि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड स्कीम के तहत कोई भी व्यक्ति देश के किसी कोने में इस योजना का लाभ ले सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के कारण मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति से गरीबों को राहत मिली है और करोड़ों लोगों को गरीबी के नए दलदल में फंसने से बचाया गया है। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिस तरह कोविड-19 की आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न की आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है, उसी तरह एक बार फिर रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते भारत से गेहूं सहित अन्य खाद्यान्नों की मांग कर रहे जरूरतमंद देशों को खाद्यान्नों के अधिक निर्यात बढ़ाने का मौका मुट्ठियों में लिया जा रहा है। चूंकि रूस और यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं आपूर्ति के करीब एक-चौथाई हिस्से का निर्यात करते हैं, लेकिन युद्ध के चलते इन देशों से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति रुक गई है। ऐसे में 24 फरवरी के बाद भारत से गेहूं निर्यात में तेज इजाफा हो रहा है। स्थिति यह भी है कि अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया के गेहूं आयात करने वाले अधिकांश देश जो गेहूं खरीदने के लिए रूस-यूक्रेन क्षेत्र पर निर्भर थे, उन्होंने अपनी जरूरत के लिए भारत को आपूर्ति आदेश भेजना शुरू कर दिए हैं। ऐसे में रूस और यूक्रेन की अनुपस्थिति की भरपाई भारत काफी हद तक कर रहा है। इस समय भारत ही एकमात्र देश है जिसके पास बड़ी मात्रा में अधिशेष गेहूं भंडार है। आसान उपलब्धता के अलावा भारत को इन देशों को गेहूं की आपूर्ति करने का भौगोलिक लाभ भी हासिल है। उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा और मध्यप्रदेश आदि लगातार निर्यात बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की कीमतें घरेलू बाजार से काफी अधिक हैं। ऐसे में निर्यातक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य की तुलना में ऊंचे दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करती है। चूंकि घरेलू गेहूं उत्पादन में भी कोई कमी आने की संभावना नहीं है, ऐसी स्थिति ने गेहूं और चावल को लाभप्रद वाणिज्यिक फसल बना दिया है जिस पर उत्पादकों को तयशुदा अच्छी कीमत मिलती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारत से 2021-22 में लक्ष्य से भी अधिक 75 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात हो चुका है।

# यूक्रेन के दर्द-बेबसी में छिपी बड़ी सीख

राजेंद्र मोहन शर्मा

यूक्रेन यूरोप के पूर्वी हिस्से में स्थित है तथा तीनों तरफ से रूस से घिरा हुआ है। यह रूस के बाद यूरोप का सबसे बड़ा देश है। इसमें लगभग 67 प्रतिशत यूक्रेनियन, 30 प्रतिशत रूसी व तीन प्रतिशत अन्य लोग हैं। प्रथम विश्व युद्ध में यूक्रेनियन, रूसी साम्राज्य की ओर से लड़े थे। वर्ष 1991 में सोवियत संघ (रूस) बिखरने लगा तथा यूक्रेन में भी स्वतंत्र देश की मांग बढ़ने लगी थी। वर्ष 1954 में रूस ने क्रीमिया देश को सौंप दिया था, हालांकि वर्ष 2014 में रूस ने क्रीमिया पर दोबारा कब्जा कर लिया था। जब वर्ष 1991 में सोवियत संघ का विखंडन हुआ, तब इससे अलग होकर 15 अन्य राज्य स्वतंत्र देश बन गए थे जिनमें यूक्रेन भी एक था। वास्तव में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने को कुछ विशेष कारण हैं जिनका विवरण देने की कोशिश करेंगे। वर्ष 1955 में सोवियत संघ ने नाटो संघ के समानांतर सात अन्य देशों के साथ मिलकर वारसा नामक संधि की थी जिसका मुख्यालय पोलैंड (वारसा) में बनाया गया था। इसके सदस्य देश इस तरह से थे- अलबानिया, बुलगारिया, चैकोस्लोवाकिया, पूर्वी जर्मनी, पोलैंड व सोवियत संघ। यह संघ पश्चिमी जर्मनी के नाटो संघ में प्रवेश के प्रतिशोध में बनाया गया था। मगर धीरे-धीरे यह सातों देश इस संधि को तोड़कर नाटो संघ में शामिल होते चले गए तथा सोवियत संघ अकेला पड़ता चला गया। वर्ष 1991 में इससे 15 राज्य अलग होकर स्वतंत्र राज्य बन गए। इसी होड़ में नाटो संघ ने यूक्रेन को भी अपने में शामिल करने की कवायद आरंभ कर दी, मगर यह प्रयास रूस को पसंद नहीं आया तथा इसी प्रतिशोध में उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया। वास्तव में रूस चाहता था कि यूक्रेन इस बात को लिखित रूप में प्रमाणित करे कि वह नाटो संघ में शामिल नहीं होगा। मगर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को यह बात स्वीकार्य नहीं थी। परिणामस्वरूप रूस ने यूक्रेन पर निरंतर आक्रमण करना शुरू कर दिया। अब इस युद्ध को 50 दिन से भी ज्यादा हो चुके हैं, मगर रूस पीछे हटने को तैयार नहीं है। नाटो संघ के बहुत से देश विशेषतः अमरीका, ब्रिटेन व फ्रांस इत्यादि ने रूस पर कई प्रकार के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं तथा यूक्रेन को आर्थिक व सैन्य सहायता भी उपलब्ध करवा रहे हैं, मगर अपने सैनिकों को युद्ध मे शामिल होने के लिए नहीं भेज रहे क्योंकि उन्हें पता है कि ऐसा करने से विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ये देश केवल तमाशबीन की तरह बड़े-बड़े भाषण कर रहे हैं, मगर केवल तमाशा देखने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। यूक्रेन की बेबसी का दूसरा पहलू कुछ इस तरह से है। वर्ष 1994 में बुडापेस्ट (हंगरी) नामक एक समझौता हुआ जिसमें अमरीका, ब्रिटेन व रूस ने यूक्रेन को यह विश्वास दिलवाया कि यदि यूक्रेन अपने देश में परमाणु शस्त्र न बनाए तथा एनपीटी (अप्रसार संधि) यानी न्यूकलियर प्रोलीफिरेशन ट्रीटी पर दस्तखत कर दे तो उसे किसी भी बाहरी देश द्वारा किए गए आक्रमण की घड़ी में हर प्रकार की सैन्य सहायता प्रदान की जाएगी। यूक्रेन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया तथा अपने परमाणु शस्त्रों पर विराम लगा दिया। मगर रूस ने धोखाधड़ी से पहले वर्ष 2014 में क्रीमिया को अपने अधीन किया तथा अब यूक्रेन को तहस-नहस कर रहा है। रूस कुछ अन्य पड़ोसी देशों जैसे कि स्वीडन, फिनलैंड जो कि नाटो के सदस्य बनने जा रहे हैं, उन पर भी अपना आक्रमण करके अपनी शक्ति का परिचय दे सकता है। यूक्रेन, जो कभी विश्व की तीसरी बड़ी परमाणु शक्ति थी, को अब अपनी गलतियों के कारण अपनी बेबसी पर आंसू बहाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यहां संयुक्त राष्ट्र संघ, जिसके वर्तमान में 195 सदस्य देश हैं, की भूमिका पर चर्चा करना भी महत्त्वपूर्ण है। द्वितीय विश्व युद्ध की आगामी विभीषिका को रोकने के लिए उस समय के अमरीकी राष्ट्रपति रुजवेल्ट ने पहल करते हुए 51 देशों को साथ लेकर एक चार्टर पर हस्ताक्षर करवाए तथा 24 अक्तूबर 1945 को यू. एन. की स्थापना की गई। इस संस्था का मुख्य कार्य अंतरराष्ट्रीय झगड़ों का शांतिपूर्ण निपटारा करना तथा सदस्य देशों के बीच परस्पर मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना व मानव के मूल अधिकारों के प्रति सम्मान में वृद्धि करना है। आज तक विभिन्न देशों में इसने 70 से अधिक सुरक्षा आपरेशन किए हैं तथा संबंधित देशों में आंतरिक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदस्य देशों की सेनाओं को शांति बहाली सेना के रूप में तैनात किया है। वर्तमान में भी कई देशों जैसे कि सूडान, वारूंडी, लाइबेरिया, कांगो, इथोपिया, इरीशिया, प. सहारा, साइप्रस व गोलान इत्यादि देशों अथवा प्रांतों में शांति सेना तैनात कर रखी है। मगर विडंबना यह है कि युद्धों को रोकने या युद्ध की स्थिति में इस संस्था के चार्टर में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि यह अपनी सेना को युद्ध रोकने के लिए तैनात करेगा। वास्तव में यूएन की सुरक्षा परिषद, जिसमें कुल 15 सदस्य देश होते हैं, में पांच स्थायी देश यूएस, रूस, यूके, फ्रांस व चीन ऐसे देश हैं जिनको विशेष सुविधाएं वीटो पावर के रूप में दी गई हैं। इस वीटो पावर का प्रयोग यह पांचों देश अपने-अपने स्वार्थ के रूप में करते रहते हैं तथा एक-दूसरे को लड़ाने का काम करते रहते हैं। यूक्रेन-रूस के इस युद्ध में जब रूस के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव लाया गया, तब रूस ने अपनी वीटो पावर का प्रयोग करते हुए इसे पास नहीं होने दिया। वैसे भी यदि देखा जाए तो यूएन में इन पांच स्थायी वीटो पावर वाले देशों में यूरोप का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है, जबकि यहां विश्व की कुल आबादी का मात्र 5 प्रतिशत ही निवास करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### खो नदी में बच्चे का शव बरामद, डूबने की आशंका

बढापुर। सोमवार को हमजला (09 वर्ष) पुत्र हाफिज अंसार निवासी ग्राम साहलीपुर कोटरा थाना बढापुर जनपद बिजनौर अपने पिता हाफिज अंसार के साथ खो नदी के पास अपने खेतों पर गया था। खेतों पर काम करते हुए हाफिज अंसार उपरोक्त अपने बैलों को पानी पिलाने खो नदी लेकर गया, उसके पीछे-पीछे उसका बच्चा भी साथ चलने लगा। हाफिज अंसार बैलों को पानी पिलाने के बाद वापस खेतों की तरफ चलने लगा तथा पीछे मुडकर देखा तो उसका बच्चा पीछे नही आ रहा था। बच्चे की तलाश की गई तो खो नदी में बच्चे का शव बरामद हुआ। प्रथम दृष्ट्या पैर फिसलकर नदी में गिरने से डूबकर मृत्यु होना प्रतीत होता है। स्थानीय पुलिस मौके पर है।

### नशीली गोलियों सहित पकड़ कर भेजा जेल



स्योहारा। एक अभियुक्त को नशीली सामग्री सहित पकड़ कर जेल भेजा गया है जिसकी जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मु0अ0सं0 184/22 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त शमशाद अहमद उर्फ माधव पुत्र भूरा उर्फ इलियास निवासी मोहल्ला भजड़ियों सराय मिलकियांन कस्बा व थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को उपनिरीक्षक यशवीर सिंह मलिक द्वारा गिरफ्तार कर माननीय श्रीमान न्यायालय बिजनौर भेजा गया।

### पत्नी को मारने वाला पति गिरफ्तार



स्योहारा। गत दिनों पूर्व क्षेत्र के ग्राम शरीफ पुर निवासी अरुणा नामक विवाहिता को मौत के घाट उतारने वाले फरार पति को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसको मुकदमा अपराध संख्या 173/22 धारा 323/498/304/भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त देवेंद्र कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ग्राम शरीफपुर थाना स्योहारा जनपद एसआई राजकुमार वर्मा द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बिजनौर भेजा गया।

### महिला ने गांव के तीन लोगों पर गाली-गलौज व मारपीट की

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव विजयनगर निवासी एक महिला ने गांव तुरतपुर निवासी तीन लोगों पर गाली गलौज व मारपीट कर पीड़िता का खेत ना जोतने देने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव विजयनगर निवासी पीड़िता गायत्री देवी पत्नी बसंत कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 मार्च 2022 को खेत पर थी मेरे देवर रंजीत सिंह, बलदेवा सिंह तथा सास कमला देवी खेत पर आये तथा मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट कर खेत न जोतने देने को लेकर मारपीट पर उतारू हो गए पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई।

# खालसा एकेडमी के स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों रोगियों को दवाइयां वितरित की गई

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



**वितरण**

● 325 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाई दीं

गांव अगवानपुर में मीरी पीरी खालसा एकेडमी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों रोगियों को दवाइयां वितरित की गई। जिसमें 325 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाई वितरित की गई। गांव अगवानपुर में स्थित मीरी पीरी खालसा एकेडमी में चीमा हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर रुद्रपुर के सौजन्य से वरिष्ठ सर्जन द्वारा नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया गया।

जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जी.एस चीमा, जनरल रोग विशेषज्ञ डा. अरविंद चैहान, डा. विशाल शर्मा सीनियर कंसलटेन्ट फिजियोथैरपिस्ट, डा.वीके राजपूत जनरल रोग विशेषज्ञ, डा. संदीप रंधावा द्वारा स्वास्थ परामर्श, कैल्शियम जांच, नसों की जांच और नि:शुल्क मरीजों को दवाई दी गई। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जी.एस चीमा ने बताया कि वह अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मोरझड़ी बिरला फार्म के रहने वाले है।

उन्होनें कहा कि उन्हें क्षेत्र के लोगों से विशेष लगाव होने के कारण उन्होनें फ्री कैम्प का आयोजन करने के साथ साथ हर बुधवार को अफजलगढ़ के गुरुद्वारे से नि:शुल्क बस द्वारा मरीजों को रुद्रपुर लाने व ले जाने की व्यवस्था थी जो कोरोना काल में बंद हो गई थी। डा.जी.एस चीमा ने बताया कि हड्डी रोग और शुगर के मरीज ज्यादा पाये जाने लगे है। उन्होनें कहा कि क्षेत्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने के कारण मरीज अन्य शहरों में जाने के लिए लापरवाही करते है जिस कारण उसकी परेशानी बढ़ जाती है। उन्होनें कहा कि वह अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करना अपना सौभाग्य समझते है।

इस नि:शुल्क जांच कैम्प मीरी पीरी खालसा एकेडमी के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवदीप सिंह, अमृतपाल सिंह,हरजौत सिंह, सुखमंत सिंह व स्कूल के संस्थापक सरदार ज्ञानी अमरजीत सिंह,कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह,अजविंदर सिंह बिस्ला,ज्ञान सिंह,सुरेन्द्र सिंह, हरप्रीत सिंह बिस्ला,सुखवीर सिंह तथा जसवंत सिंह आदि का कैम्प को कामयाब बनाने में विशेष सहयोग रहा। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवदीप सिंह ने कैम्प में शामिल सभी डाक्टरों और स्कूल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी जनता की सेवा के लिए नि:शुल्क स्वास्थ कैम्प समय समय पर लगता रहेगा।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने का आरोप

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

**रिपोर्ट**

● पति तथा सास ससुर सहित आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

गांव हिदायतपुर निवासी विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में अतिरिक्त चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी न करने पर मारपीट गाली गलौज सहित प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पति तथा सास ससुर सहित आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांव टांडा हिदायतपुर निवासी विवाहिता शबीना परवीन पुत्री शाहिद हुसैन ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व मौहम्मद शहजाद पुत्र शाहिद हुसैन निवासी फरीनगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक हुई थी।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति मौहम्मद शहजाद ससुर शाहिद हुसैन सास रिहाना, शबीना, सानिया, साजिदा, मूसाईदा तथा तासीन गांव फरीनगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी शादी के बाद से दहेज से खुश नही थे और दहेज की मांग करते चले आ रहे थे पीड़ित का कहना है कि यह लोग दहेज में एक चार पहिया गाड़ी लाने की मांग कर रहे थे ओर यह लोग कार न देने पर मारपीट कर उसका उत्पीड़न कर रहे थे ओर गाली गलौज दे रहे थे 13 अप्रैल 2022 को समय करीब शाम पांच बजे पीड़िता के पति ने फोन करके कहने लगे की मुझसे दहेज में चार पहिया की गाड़ी चाहिए पीड़िता के द्वारा विरोध करने पर ससुरालियों ने उसकी गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए जिसके चलते पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने पीड़ित शबीना परवीन की तहरीर पर पति मोहम्मद शहजाद सास रिहाना ससुर शाहिद सहित आठ लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# सुनीता मेमोरियल इंटर कालेज को राज्यपाल की स्वीकृति

## 50 लाख रुपए की जांच के लिए उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा

मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता



● जमीन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को एलॉट है जो लगभग 3 बीघा है जिसमे राज्यपाल के स्तर से स्कूल की मरम्मत कराने हेतु समय समय पर धन स्वीकृत हुआ

क्षेत्र के गांव भोजपुर भोपतपुर मे एक विद्यालय सुनीता मेमोरियल गर्ल्स इंटर कालेज है जिसे वर्तमान मे राजीव कुमार तोमर प्रबंधक के तौर पर चला रहा है उक्त जमीन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को एलॉट है जो लगभग 3 बीघा है जिसमे राज्यपाल के स्तर से स्कूल की मरम्मत कराने हेतु समय समय पर धन स्वीकृत हुआ जिसमे नई बिल्डिंग तथा पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत हेतु सन 2018-2019 मे राज्यपाल के स्तर से 50 लाख रूपए राजीव कुमार के खाते मे आए थे।

राजीव कुमार ने इस बजट को स्कूल मे लगाने की जगह अपने गांव मे रहने हेतु एक तीन मंजिला इमारत अपने व अपने परिवार के लिए बना ली तथा स्कूल इंटर कालेज हेतु स्वीकृत जमीन जिसमे तो चल रहा है उसके साथ ही स्कूल की जो खेल मैदान, प्रार्थना ग्राउंड खाली रहता है उसमे राजीव कुमार प्रबंधक द्वारा फसल बो दी जाती है जिससे बच्चे ना तो खेल पाते है और स्कूल की जो बिल्डिंग है वो बहुत ही जर्जर हालत मे खड़ी हुई जिन कमरों का निर्माण हुआ है उनमे घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है उक्त मामले को आभास महा संघ के जिलाध्यक्ष ओमवेश टिकैत उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया गया की इस मामले की जन हित के लिए जाँच कराई जाए और संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए और इसकी जाँच किसी सक्षम अधिकारी द्वारा होनी चाहिए।

### बहनों को पीटने वाले पिता पुत्र समेत तीन गिरफ्तार कर किया चालान

**गजरौला।** पुरानी रंजिश में दो बहनों के साथ मारपीट करने वाले पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करके शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया है। मारपीट की घटना शनिवार को हुई थी।थाना क्षेत्र के गांव कटाई निवासी भगवती की बेटी की शनिवार को शादी थी। शाम में बारात के विदा होने पर उसका अपने ही परिवार के एक सदस्य से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश भी चली आ रही है। आरोप है कि शनिवार शाम विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर भगवती व उसकी बहन गजरौला के सैफी नगर मोहल्ला निवासी सविता के साथ मारपीट कर दी थी। इतना ही नहीं दुपट्टे से सविता का गला घोंटने का प्रयास भी किया था। घायल दोनों बहनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि बलवीर व उसके बेटे पवन तथा देवराज को गिरफ्तार करके शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया गया है।

# केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें जनता के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर: सत्यपाल सैनी

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



● स्वास्थ्य मेले का किया उदघाटन

आयुष्मान भारत के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें जनता के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है।

उन्होंने सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन भाजपा एमएलसी सत्यपाल सैनी, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने संयुक्त रूप से फीता कांटकर किया। मुख्य अतिथि सत्यपाल सैनी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। कोरोना काल में सरकार के महत्वपूर्ण कार्य रहे। सरकार ने बीमारी के प्रति गंभीर होकर लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का काम किया है। मेले के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सर्वेश निराला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

वहीं अतिथियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एसीएमओ पीआर नय्यर, भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, मुकुल रंजन दीक्षित, जुगनेश कुमार, अरविंद शर्मा, संदीप पांडेय, अभिषेक त्यागी, विक्रांत चैधरी, रितेश सैन, सीमा कर्णवाल, जितेन्द्र शर्मा, राजकुमार प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा। मेले के दौरान मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित एवं परामर्श दिये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह व संचालन चै०ईसम सिंह ने किया।

# पत्रकार शेख आदिल ने कराया रोजा इफ्तार



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

बिजनौर मोहल्ला मिर्दगान में पत्रकार शेख मोहम्मद आदिल के आवास पर रोजा इफ्तार कराया गया। मोहम्मद आदिल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारा कायम रखना व आपसी सौहार्द को बढ़ाना हैं। जिसमे मोहल्ले के सभी सम्मानित व मुआजिज लोगो की रोजा इफ्तार कराई गई। जिसमें मुफ्ती मोहम्मद आवेश, मुफ्ती मोहम्मद कासिम ,मौलाना इफ्तेखार, हाजी नोशाद, डॉ शाहनवाज अहमद, रईस अहमद, अरशद राईन, अतीक अहमद, नवाजिश अहमद, सलीम अहमद, असगर अहमद, मोहम्मद जीशान, अतीक शेख, मोहम्मद अरहम, समीर अहमद, हम्माद अहमद, शाहनवाज शेख, मस्जिद मुतावल्ली मटाल्लू, शकील शेख, अतीक शेख, अब्दुल्ला भाई, सलीम अहमद, मोहम्मद शाद, जैद अहमद, जुनैद अहमद, साजिद, मोहम्मद शुऐब, राजा, अर्हम शेख,नसीम शैख, अनीस शेख पेंटर, शारुख शेख, सलमान आदि लोगो ने शिरकत की। अल्लाह ताला रमजान मुकद्दस के इस पाक महीने में इस गरीब खाने की रोजा इफ्तार कुबूल फरमा ले। रोजा इफ्तार में आये हुए सभी मेहमानों का पत्रकार शेख मोहम्मद आदिल ने दिल की गहराईयों ने शुक्रिया अदा किया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट पर गरजी भाकियू

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने किसानों की लंबित मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निस्तारण कराने की मांग की।भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार सुबह कलक्ट्रेट पहुंचे। किसानों की समस्याओं और मांगों को उठाया। कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। बिजली कटौती रोकते हुए किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए फ्री बिजली दी जाए। आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाए। ई-केवाईसी का कार्य जिला कृषि कार्यालय स्तर पर कराया जाए। चकबंदी प्रक्रिया में बरती जा रही धांधली भी रोकी जाए। इस दौरान बादशाह खान, धर्मेंद्र सिंह, मोहन बैनीवाल, समरपाल सिंह, मोहम्मद उमर, यशवीर, आलोक, सचिन, इंतजाम आदि मौजूद रहे।

# पाशा ने मुख्य विकास अधिकारी व जिले के समस्त अधिकारियों को दिव्यांगों की समस्याओं के लिए कराया अवगत


बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



कलेक्ट्रेट सभागार बिजनौर में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग जनों के समस्याओं के निदान तथा उनसे प्राप्त शिकायतों एवं प्रत्यावेदनो का समयबंध निस्तारण किए जाने के संबंध में जिला दिव्यांगजन बंधु जिला प्रबंधकीय समिति (डी0एम0टी), जिला दिव्यांगता समिति तथा जिला स्तरीय पुरस्कार समिति एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यू0डी0आई0डी) की बैठक मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह व जिले के समस्त अधिकारीगणों को राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने दिव्यांगों के विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारीगणों को अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने अवगत कराया कि दिव्यांगों को रोजगार व ऋण उपलब्ध कराया जाए। तथा शिक्षित दिव्यांग है उनको संविदा पर रखा जाए। दिव्यांग जनों की समस्या के निस्तारण हेतु हर थाने पर एक सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी की तैनाती व दिव्यांग की समस्या का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए। डूडा विभाग नीचे शिफ्ट किया जाए। दिव्यांगों की सुविधा के लिए सभी बैंकों में व्हीलचेयर व रैम की व्यवस्था की जाएं। दिव्यांगजन कार्यालय में दो कार्यालय शिफ्ट है दिव्यांग जनों के लिए अलग से कार्यालय की व्यवस्था की जाए। ओर मेडिकल बोर्ड में डॉ राधेश्याम हैं जो दिव्यांग जनों के सर्टिफिकेट पर रिपोर्ट लगाने पर सो रुपए वसूली करते हैं दिव्यांगजन वैसे ही कमजोर है कृपया अवैध वसूली रुक वाई जाए दिव्यांगजन पैसे नहीं देते तो डॉ राधेश्याम उनको मेरठ रेफर कर देते हैं जिससे दिव्यांगजनों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है दिव्यांग जनों को परेशान ना किया जाए। सभी नगर पालिका नगर पंचायत व जिले के विभिन्न थानों जैसे नांगल, किरतपुर, नगीना, शेरकोट, हेमपुर दीपा, शिवाला कला व क्षेत्राधिकारी कार्यालय चांदपुर व नगीना में रैम नहीं है दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम बनवाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह, एसपी ग्रामीण राम अर्ज, समस्त जिले के आला अधिकारी व राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों से इंसास राइफल लूट के मामले में दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता





● पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट सहित एनएसए की कार्यवाही शुरू की

थाना क्षेत्र मे पुलिस कर्मियों से इंसास राइफल लूट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट सहित एनएसए की कार्यवाही शुरू की। गौरतलब है कि अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भूतपुरी तिराहे पर 29 दिसम्बर 2021 को समय करीब 12 बजकर 45 मिनट पर भूतपुरी तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मी ललित कुमार, होमगार्ड भीम सिंह से मारपीट कर पुलिस कर्मी ललित कुमार से एक इंसास रायफल मय मैगजीन व 20 राउंड लूटकर ले जाने के आरोपी रहमान पुत्र जीशान निवासी मौहल्ला अली खां थाना काशीपुर,हैदर पुत्र सरताज निवासी विजयनगर थाना काशीपुर जिला ऊधम सिंह नगर को 24 घंटे के दौरान गिरफ्तार कर लूटी गई रायफल मय कारतूस बरामद कर घटना का सफल अनावरण किया गया था आरोपी रहमान को 30 दिसम्बर 2021 व आरोपी हैदर को 31 दिसम्बर 2021 को गिरफ्तार कर जिला कारागार बिजनौर भेजा गया। दोनों आरोपी जिला कारागार बिजनौर में निरूद्ध है। पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए अफजलगढ़ कोतवाल मनोज कुमार सिंह को आवश्यक निर्देश दिए गये थे। इसी दौरान एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह,अफजलगढ़ सीओ सुनीता दहिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना अफजलगढ़ पुलिस को अनुमोदित कराकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 83/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत किया गया आरोपियों द्वारा अर्जित की गयी सम्पत्ति की जांच कराकर जब्तीकरण व ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की जायेगी तथा आरोपियों के विरुद्ध एन०एस०ए की कार्यवाही भी प्रचलित है। इन शातिर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही से आम जनता द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गई है।

# पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित बदमाश किया गया गिरफ्तार



नगीना, प्रात: किरण संवाददाता

● 15 हजार रुपए का इनाम था घोषित

पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा वांछित बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी, नगीना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना नगीना देहात पुलिस टीम द्वारा थाना नगीना देहात पर पंजीकृत मु0/सं0 81/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15,000 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित बदमाश मौ0 आदिल पुत्र सज्जाद उर्फ शहजाद निवासी ग्राम पूरनपुर गढी थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। बदमाश आदिल बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, बिजनौर द्वारा 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

### 16.54 करोड़ से गांवों में बहेगी विकास की बयार

**अमरोहा।** विधानसभा व एमएलसी चुनाव के चलते अधर में लटके विकास कार्यों को अब पूरा कराया जाएगा। आचार संहिता का ग्रहण हटते ही नए निर्माण कार्य अब शुरू होंगे। 15वें वित्त आयोग योजना के तहत गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे। 16.54 करोड़ का बजट आवंटित हो चुका है।15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों के लिए 13 करोड़ 62 लाख रुपये का बजट आवंटित हुआ है। क्षेत्र पंचायत के लिए दो करोड़ 92 लाख रुपये का बजट आवंटित हुआ है। इस बजट से सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, परिषदीय स्कूलों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा नाली, खड़ंजा, तालाबों का निर्माण, इंटरलॉकिंग टायल्स, सीसी रोड आदि का निर्माण भी कराया जाएगा। गौरतलब है कि धनराशि 30 मार्च को आवंटित हुई थी। एमएलसी चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण अब तक विकास कार्य नहीं कराए गए। अब एमएलसी चुनाव की आचार संहिता हटते ही आवंटित धनराशि को विकास कार्यों पर खर्च करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# टीला मंदिर क्षेत्र में हुए झगड़े एंव फायरिंग करने के मामले में फरार

## अपराधी समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

टीला मंदिर क्षेत्र में हुए झगड़े एंव फयारिंग करने के मामले में फरार एक बाल अपचारी समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तो के पास से दो बाईक दो अदद नाजायज तमंचे व पांच जिन्दा कारतूस बरामद किये है। सराय चैकी प्रभारी सतेन्द्र पुनिया, उप निरीक्षक निरीक्षक राजेन्द्र कुमार का. समीर, रजनीश टेमपाल, अंकित कुमार के साथ गश्त पर थे। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो दिन पूर्व टीला मंदिर क्षेत्र में हुए झगड़े एंव फायरिंग करने वाले अभियुक्त न्यू तहसील के पास खड़े है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर एक बाल अपचारी समेत दो अभियुक्तों को बाईको के साथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से दो तमंचे 315 व पांच जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक नितिन पुत्र सुधीर ग्राम द्वारकापुरी थाना मंडावर व एक बाल अपचारी शामिल है। दोनो अभियुक्तो को न्यायालय मे पेश करने की कार्यवाही की जा रही थी। इनके अलावा उप निरीक्षक प्रदीप कुमार का. राहुल, अंकित कुमार ने मुकदमे में वांछित चल रहे सौरभ पुत्र विपिन निवासी गांव खिदरीपुरा नजीबाबाद को बशीरपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पर किए जा रहे कार्यक्रम आयोजित

मैनपुरी। डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव के संयोजन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व विरासत दिवस एवं बलिदान दिवस, तात्या टोपे शहीदी दिवस कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति में तात्या टोपे की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान एवं बलिदान पर विस्तार से जानकारी देते हुए याद किया।

### न्यायालय में न आने पर विद्युत चोरों के खिलाफ बिना जमानती वारंट जारी किए

मैनपुरी। विद्युत चोरी में न्यायालय सख्ती से कार्यवाही करते हुए सुनील कुमार पुत्र कृपाल सिंह निवासी डालुपुर थाना बरनाहल को विद्युत विभाग के जेई रावेंद्र प्रताप ने 06 जून 2007 को अवैध रूप से आटा चक्की चलाते हुए मोके पर पाया के बिल 11 हाथ बरामद की थी जिसका बजन 600 ग्राम था जिसका आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट में प्रेषित हुआ जमानत कराये जाने के बाद 2009 से न्यायलय में अनुपस्थित चल रहा था। लीलाधर पुत्र सरनाम सिह निवासी गोपियपुर थाना करहल को 11 जुलाई 2007 को धीरेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ अपने बाबा हरी शम पुत्र गिरधारी के नलकूप से बिना कनेक्शन के अवैध रूप से आटा चक्की चलते हुये लीलाधर को पाया था उनके हाथ से 07 हाथ केबल जब्त की थी आरोप पत्र आने के बाद न्यायालय में जमानत करने के बफी 2014 से कोर्ट में अनुपस्थित चल रहा है

### समीक्षा बैठक आज

मैनपुरी। शासन के नवीन विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में 19 अप्रैल को मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। उक्त आशय की जानकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने देते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों, कायदार्यी संस्थाओं के अभियंताओं, खंड विकास अधिकारियों को समय से अद्यावधिक सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।

# चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह: गोष्ठी आयोजित कर दी यातायात नियमों की जानकारी

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता




जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी अध्यक्षता में अतरासी रोड बैंकट हॉल में चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि जो सरकार द्वारा कानून बनाया गया है वह हमारे लिये और हमारे के परिवार की सुरक्षा के लिये ही है, हमें उन नियमों का पालन करना चाहिये। सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षाह्न है, यह अभियान विभिन्न उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगा,जिन्हें लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए अपनाना चाहिए और बाद में खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखना चाहिए। सड़क सुरक्षा एक आम और महत्वपूर्ण विषय है, आम जनता में खासतौर से नये आयु वर्ग के लोगों में अधिक जागरुकता लाने के लिये इसे शिक्षा, सामाजिक जागरुकता आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ा गया है। सभी को सड़क यातायात नियमों की अच्छे से जानकारी होनी चाहिये खासतौर से बच्चे और युवा लोगों को जो महत्वपूर्ण सड़क दुर्घटना के खतरे पर रहते हैं।उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के साथ ही इन दुर्घटनाओं में जान गवाने वालों की भी संख्या बढ़ती जा रही है। यदि इस समस्या पर समय रहते ध्यान नही दिया गया तो सड़क दुर्घटना की यह समस्या आगे चलकर और भी भयावह रुप धारण कर लेगी। सामान्यतः सड़क दुर्घटनाओं का मूल कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना, अपरिपक्व चालक द्वारा वाहन चलाना, सीमा गति से अधिक गति में वाहन चलाना, सुरक्षा उपायों की अनदेखी करना, यातायात नियमों का पालन ना करना, सड़को की स्थिति खराब होना आदि हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जानकारी देते हुये कहा कि यातायात सुरक्षा के जो आवश्यक तत्व है वह सभी को अवगत है, इसलिये सुरक्षा के नियमों का पालन करें। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर चलाये जाने वाले चालान काटने का अभियान का कोई राजस्व वसूली करने का उद्देश्य नही है बल्कि यह आपकी सुरक्षा के लिये होता है, जिससे आप लोग सुरक्षित

- जिले में कड़ाई से कराया जाएगा यातायात नियमों का पालन : डीएम

रहें। उन्होने कहा कि यदि हम घर से निकलते हुये हेलमेट लगाते हैं तो हमसे जो छोटे भाई या अन्य सदस्य है वह भी आपको देखकर यातयात के सुरक्षा का पालन अवश्य करें। उन्होने कहा जनपद में वाहनों की चेकिंग में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जायेगी, बाईक पर बिना हेलमेट, चार पहिया वाहनों पर सीटवेल्ट के बिना कोई भी नजर नही आना चाहिये। इस पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा सख्ती बरती जायगी और ओवरलोड वाहन, जैसे- टैम्पो, प्राईवेट बस, मैजिक आदि नही चलनी चाहिये, ऐसे वाहन को सीज कर एफ0आई0आर0 दायर की जाये।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुये कहा कि दुर्घटना होने पर सबसे पहले घायल व्यक्ति को अस्पताल अवश्य पहुंचाये, जिसके लिये आपसे कोई पुलिस द्वारा जबावदेही नही जायेगी और ऐसा करने पर सरकार द्वारा घायल व्यक्ति के मदद के लिये उस व्यक्ति को 5000 रू0 तक की मदद की जायेगी।

# राकेश टिकैत और ओम प्रकाश राजभर ने आशीष मिश्रा की जमानत रद होने के फैसले को सराहा

लखनऊ, एजेंसी





लखीमपुर खीरी जिले के के तिकुनियां में बीते वर्ष तीन अक्टूबर की हिंसा के मुख्य आरोपित आशीष मिश्रा उर्फ मोनू की जमानत को सुप्रीम कोर्ट के रद करने देने के फैसले को किसान नेता राकेश टिकैत के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने काफी सराहा है। इस कांड के बाद भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने लखीमपुर खीरी का कई बार दौरा किया था। इनके साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने केन्द्र के साथ राज्य सरकार पर कटाक्ष किया है। टिकैत तथा राजभर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब भरोसा जताया है कि लखीमपुर खीरी के मृत मृत किसानों के परिवारीजन को अब न्याय मिलेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को महसूस होने लगा था कि तिकुनियां कांड में उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट में तथ्य प्रस्तुत नहीं किए, इसी कारण आशीष मिश्रा उर्फ मोनू की जमानत को रद किया गया है। टिकैत ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि आने वाले समय में किसानों को न्याय मिलेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि अब तो इस प्रकरण में केन्द्र सरकार में गृह मंत्री अजय मिश्रा टेनी को इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वह इस्तीफा नहीं देते हैं तो सरकार को उनको मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मैं तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं, क्योंकि आठ लोगों की हत्या के मामले में किसी भी आरोपित को जमानत मिलना अन्याय है। अब तो किसानों को तभी न्याय मिलेगा जब दोषी को सख्त से सख्त सजा मिलेगी।

लखीमपुर खीरी की हिंसा में मृत पत्रकार रमन कश्यप के भाई ने भी शीर्ष कोर्ट के फैसले को मील का पत्थर बताया। पवन कश्यप ने कहा कि मैं न्याय देने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं। मैं वकीलों को भी मामले को मजबूती से रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। आज न्यायपालिका पर हमारा भरोसा और बढ़ गया है।

# बिना पढ़े कक्का, घर घर खाएं धक्का




मैनपुरी, प्रात: किरण संवाददाता

जनपद मैनपुरी के ब्लॉक सुल्तानगंज की ग्राम सभा रजवाना पर स्थित प्राथमिक विद्यालय रजवाना पर छात्रों ने अध्यापकों के साथ मिलकर ग्रामीण जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया जिसको ग्राम प्रधान राजवीर सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उपस्थित समस्त अभिभावकों को सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यदि अपना अपने परिवार का भविष्य सुधारना है तो अपने बच्चों को शिक्षित करें यही आपका उजव्वल भविष्य हैं रैली में छात्रों ने अपने हाथों से लिखे स्लोगन की तख्तियां पकड़ी थी जिसमें स्कूल चलो अभियान से जुड़े स्लोगन लिखे थे प्रधानाध्यापक मोहम्मद इशरत अली ( राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक ) ने बताया कि एक अप्रैल से नवीन शैक्षिक सत्र आरंभ हो चुका है यह रैली समस्त ग्राम सभा के सम्मानित अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है इसके माध्यम से हम बताना चाहते हैं कि शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की कुंजी है यदि हम अपने बच्चों का नामांकन समय रहते सरकारी विद्यालय में करवाते हैं तो अनेक खर्चों से बचते हुए गुणवत्ता परक शिक्षा हासिल करवा सकते हैं विद्यालय पर सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं के साथ साथ अध्यापकों की ओर से निर्धन और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले छात्रों को निशुल्क कॉपी, पेन,पेंसिल, रबर, कटर आती उपलब्ध करवाया जा रहा है। सहायक अध्यापक अरुण प्रताप सिंह ने सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय समय से भेजने के लिए प्रोत्साहित किया तथा श्रीमती अनुपम,निर्मला राजपूत ने महिला अभिभावकों से संवाद स्थापित कर विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन करवाने का वचन लिया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राम सेवक व सदस्य रामवीर,संतोष कुमार,रणवीर,अंगद कुमार,पीर मोहम्मद , अल्लाह दीन,राम गोपाल,सुनीता देवी, राधा देवी,सुषमा देवी आदि उपस्थित रहीं।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों के क्रम में सोमवार को सी0एच0सी0 मौह0 कोट, विकास खण्ड अमरोहा में आयोजित स्वास्थ्य मेले का जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी एवं मुख्य अतिथि शशि जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अमरोहा द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं अध्यक्षा द्वारा स्वास्थ्य मेले में विभागवार जैसे- आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग तथा आयुष्मान भारत,पंचायती, पशुपालन, कृषि, आंगनबाड़ी, पूर्ति सहित अन्य विभाग के द्वारा लगाये स्टॉलो पर जाकर बारीकी से निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की ।

स्टॉलो पर कार्मिकों को निर्देश भी दिये कि इस मेले का आयोजन लोगो तक स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य सरकार की योजनाओं का पहुंचाना है इसलिये लापरवाही न की जाये। स्वास्थ्य मेले में जिलाधिकारी एवं अध्यक्षा द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी की गई।

## कार्यक्रम






कायस्थ सम्मान समारोह लखनऊ में आदरणीय गुरुजी गौतम ऋषि जी संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष (अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान सँस्थान) एवं ज्योतिष रत्न, हस्तरेखा व वास्तु विशेषज्ञ जी को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मोर्य जी।

# ब्लॉक स्वास्थ्य मेले में मिली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

शाहजहांपुर, प्रात: किरण संवाददाता




आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जनपद के सभी विकास खंडों में 18 अप्रैल से विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन शुरू किया गया । 23 अप्रैल तक चलने वाले इन मेलों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां होंगी। सोमवार को आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद के तीन ब्लॉक भांवलखेड़ा, ददरोल एवं कांट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया` ब्लॉक भांवलखेड़ा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी.गौतम वही ददरोल और कांट ब्लॉक में माननीय श्री मानवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर उदघाटन किया` स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग, सहायक आयुक्त खाद्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष, शिक्षा, सूचना एवं प्रसार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग विभाग, आयुष्मान भारत के स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सोमवार को भांवलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में विभाग की ओर से 12 स्टाल लगाई गईं। मेला के दौरान काफी संख्या में मरीजों से स्वास्थ्य लाभ लिया। महिलाओं को परिवार कल्याण सेवाओं, प्रसव पूर्व जांच, पोषण स्वास्थ्य एवं योग और व्यायाम के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ. एस.पी.गौतम ने बताया कि मेले में सामान्य रोग , महिला रोग , बाल रोग, दन्त रोग, टीबी , कुष्ठ रोग परामर्श , अंधता निवारण कार्यक्रम, ईएनटी, त्वचा रोग, खून की जांच , परिवार नियोजन परामर्श, टेलीमेडिसिन परामर्श , आयुर्वेद, यूनानी , होमियोपैथी, कोरोना जांच , गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सहित केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी बैनर और पम्पलेट के माध्यम से दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक इमरान खान , जिला कम्युनिटी प्रकिर्या प्रबंधक पुष्प राज गौतम, प्रधानमन्त्री मातृ वंदना योजना के जिला प्रोग्राम समन्वयक भुवनेश दीक्षित, आयुष्मान भारत कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. योगेन्द्र आदि सहित स्वास्थ्य विभाग व एनी विभाग का स्टाफ मौजूद रहा ।

## इमाम हसन की विलादत पर शायरों ने पेश किया कलाम

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

पैगंबरे इस्लाम के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन की यौमे विलादत के सिलसिले में महफिल का आयोजन किया गया। शायरों ने एक के बाद एक बेहतरीन कलाम पेश कर लोगों से खूब वाहवाही हासिल की।नगर के मोहल्ला घेर करम अली खां स्थित अजाखाना तकी हादी में रविवार रात जश्ने सिब्ते अकबर के उन्वान से सजी महफिल की शुरूआत इरफान हैदर बाकरी ने तिलावते कलामे पाक से किया। नाते पाक कमाल हैदर अमरोहवी ने पेश किया। इसके बाद शायरों ने मनकबती कलाम पेश किए।

इस बीच मौलाना कौसर मुज्तबा ने कहा कि हम अगर हजरत इमाम हसन की सीरत पर अमल करते हैं तो हमारी राहे आसान हो जाती हैं। उन्होंने रमजान के मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की बात कही।

आखिर में मुल्क में अमन-चैन और कौम की खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस दौरान सलमान अली, गदीर अली, अबुल कासिम, अबुजर अमरोहवी, शोजब मुज्तबा, शुजा अब्बास, फजल हैदर, गुफरान राहिल, रामिश नकवी, शबीब हैदर आदि मौजूद रहे।

# ज़िला अल्पसंख्यक कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



रामनवमी से ले कर अभी तक कई राज्यों में मजारों और मस्जिदों पर हमले की घटनाएं हुई हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड व दिल्ली मे हुई इन सभी घटनाओं में भाजपा और संघ परिवार से जुड़े गुंडों की भूमिका उजागर हुई है। लेकिन सरकारों ने उनके खिलाफ विधिक कार्यवाई करने के बजाए उन्हें संरक्षित करने का काम किया है।

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक मस्जिद पर अताताइयों द्वारा भगवा झंडा फहरा दिया गया। यहां पारू थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में डाक बंगला मस्जिद पर कुछ युवकों ने मस्जिद के मीनार पर चढ़कर भगवा झंडा लहराया तथा दर्जन भर लोगों ने तलवार व हाकी स्टिक हाथ मे लेकर झण्डा लगाने वाले युवक का उत्साह वर्धन किया। जिसके साक्ष्य सोशल मीडिया पर वाइरल हैं।

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई घटना में न सिर्फ मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है बल्कि उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उन्हीं के घरों को जमींदोज कर दिया गया। खरगोन के चार इलाकों में मुसलमानों के 60 घर और 29 दुकानों को अवैध कब्जा बताकर तोड़ दिया गया। 100 से ज्यादा सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लोग ही गिरफ्तार किए गए हैं। गुजरात के हिम्मत नगर और खंबात में मस्जिदें जलाई गयीं लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। हनुमान जयन्ती पर दिल्ली के जहाँगीरपुरी में जानबूझ कर हिंदू बहुल इलाकों के बजाए मुस्लिम बहुल इलाकों से जुलूस निकाले गए और मस्जिदों के सामने आपत्तिजनक नारे लगाए गए और भीड़ में से ही पत्थर चला कर इसे मुसलमानों पर आरोपित कर दंगा किया गया। देश के बिगड़ते आंतरिक स्थितियों पर पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों के हस्तक्षेप की समृद्ध परंपरा रही है। उम्मीद है आप इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इन आपराधिक घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कार्यवाई के लिए राज्य सरकारों को निर्देशित करेंगे। इस अवसर पर तोकीर अहमद शहर अध्यक्ष. आरिफ खान तनवीर ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग सलाहउद्दीन सैफी शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक. अकील अहमद. सुभानी. सरफराज हुसैन आदि मौजूद रहे।

## सेवा से वंचित स्वास्थ्य कर्मियों ने अखिलेश को ज्ञापन सौंपा

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेंटकर उन्हें अचानक नौकरी से हटाए जाने की जानकारी देते हुए सेवा में पुनः बहाली की मांग का ज्ञापन सौंपा। सेवा से वंचित स्वास्थ्य कर्मियों ने ज्ञापन में कहा है कि विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में 30 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की समय सीमा मार्च 2020 से 5 मार्च 2022 तक बढ़ाई गई थी। गत 5 मार्च 2022 को उनकी सेवाएं बिना नोटिस दिए अचानक स्थाई रूप से समाप्त कर दी गई। 5 मार्च 2022 से सभी स्वास्थ्यकर्मी बेरोजगारी में भुखमरी के कगार पर पहुँच गए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाएं पुनः बहाल की जाएं जब तक कि उनकी उम्र 60वर्ष न हो जाए। आज श्री अखिलेश यादव से मिलने वाले स्वास्थ्यकर्मियों में प्रमुख थे सर्वश्री राम कुमार तिवारी, राजीव गुप्ता, गौरीशंकर, शुभम वर्मा, आदित्य पटेल, रितम्भरा, शिल्पी पाण्डेय, मैना चौधरी, शशी, सीमा, शिखा, प्रियंका गौतम, कुलदीप, बबिता यादव, राहत अली, हर्ष श्रीवास्तव, अनुभव मिश्रा, प्रिंसी देवी, अंजू, सागर जायसवाल आदि।

# आयोजित होने वाले अप्रेन्ट्रिसशिप मेले के क्रियान्वयन हेतु बैठक

शाहजहाँपुर, प्रात: किरण संवाददाता




जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ०प्र०,एवं शुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उ०प्र० के समन्वय से, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शाहजहाँपुर मे दिनांक 21 अप्रेल-2022 को आयोजित होने वाले अप्रेन्ट्रिसशिप मेले के क्रियान्वयन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार दिनांक 21 अप्रेल- 2022 को प्रातः 10:00 से अपरान्ह 3:30 बजे तक बृहद् अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शाहजहाँपुर मे किया जा रहा है जिसमें जनपद के प्रतिष्ठित सरकारी/ सहकारी/ निजी उद्योग/ प्रतिष्ठान संस्थानों/ द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त मेले में आईटीआई उत्तीर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थी भारत सरकार के अप्रेंटिसशिप पोर्टल https://apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराते हुए ऑनलाइन आवेदन की प्रति के एवं मूल अभिलेखों की छाया प्रति तथा फ्रेशर प्रशिक्षार्थी भी मूल अभिलेखों की छाया प्रति के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार, अप्रेन्टिशिप प्रभारी आईटीआई, संजय सिंह एवं बैंक ऑफ बड़ौदा गोविन्द गंज से तवस्सुम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों को अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित



सम्भल, प्रात: किरण संवाददाता

जनपद सम्भल के कस्बा गवाँ की नगर पंचायत कार्यालय में विश्व विरासत दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रजनीश अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक एवं मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के अनुज दीपक यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को लॉकडाउन के दौरान की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रजनीश अग्रवाल ,अमरीश शर्मा, अभिषेक शर्मा, ललित भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# सपा जिला सचिव सईदअख्तर इसराइली ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली ने इस भीषण गर्मी एवं टूटी हुई सड़कें तथा स्ट्रीट लाइट को ध्यान में रखते हुए उप जिला अधिकारी संभल को ज्ञापन दिया और उन्होंने कहा की काफी समय से सड़कें स्ट्रीट लाइट वाटर कूलर खराब पड़े हुए हैं जोकि सांसद निधि एवं विधायक निधि से लगाए गए थे वे वाटर कूलर शोपीस बने हुए हैं और किसी किसी वाटर कूलर में तो ठंडे पानी की जगह गरम पानी निकल रहा है ऐसे में राहगीर ऐसी भीषण गर्मी में प्यास कैसे भुजाएं और उन्होंने कहा की इनको सही कराने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है जो अधिकारी की उदासीनता के कारण ठीक नहीं कराएं जा सकी है और शहर वे देहात क्षेत्र से आने वाली जनता ठंडे पानी को तरस रही है जबकि कल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की शोभा यात्रा भी निकाली जानी है और इसके अलावा गरीब व्यक्तियों को भी ठंडे पानी से राहत मिल सके और उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी को वाटर कूलर सड़कें स्ट्रीट लाइट सही कराने का आदेश दें दौरान ज्ञापन देने वाले डॉक्टर मुस्तकीम इरशाद सत्तार वशी तारीख की दवाई बिट्टू बारसी मुनीश आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### कांग्रेसी नेता नरेश शर्मा व श्रवण महेश्वरी ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

फरीदाबाद। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेश शर्मा व उनके साथी श्रवण महेश्वरी ने आज कांग्रेस पार्टी को छोडकर दिल्ली में फरीदाबाद के सह प्रभारी विधायक सहीराम पहलवान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव भाई आभास चंदीला के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। नरेश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए हमेशा एक जमीनी कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी में आईटी कोऑर्डिनेटर और इंटक संगठन में प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य किया। उनकी गिनती कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में की जाती थी और उनका और उनकी टीम के साथियों का कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व में अच्छा प्रभाव था। वह कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल के बहुत करीबी माने जाते थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी की अदरूनी कलह और कमजोर नेतृत्व के कारण आज उन्हें कांग्रेस पार्टी छोडकर आम आदमी का दामन थामना पड़ा।

### समस्त हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन की हुई बैठक

फरीदाबाद। समस्त हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन की आज एक आपातकालीन बैठक एन.एच. तीन सैन्ट्रल ग्रीन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्ष यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वासदेव अहेरिया ने की जबकि मंच का संचालन जिला प्रधान भोपाल सिंह ने किया। उपस्थित कार्यकारिणी व आटो चालकों को सम्बोधित करते हुए श्री अहेरिया ने हरियाणा सरकार व प्रदेश के परिहवन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा से मांग करते हुए कहा कि वह एनसीआर के आटो के परमिट दिए जाए ताकि पढ़े-लिखे युवा को आटो बिना रोक-टोक के दिल्ली, गुरूग्राम, गाजियाबाद व नोएड़ा से सवारियों को लेकर आ जा सकें। आटो पासिंग कराते समय जो मीटर लगाया जाता है वह मीटर कैंसल किया जाये। यह दिल्ली व मुम्बई नहीं है, यह उद्योग नगरी है। यहां आटो में गरीब वर्ग के लोग बैठते है। जो मीटर से किराया नहीं दे सकते है। प्रत्येक आटो चालकों के परिवार का आयुष्मान कार्ड योजना में शामिल किया जाए, यह आयुष्मान कार्ड गरीब आटो परिवार के लिए संजीवनी का काम करेगा।

### जीवन नगर में केएमसी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की शुरूआत, लोगों को रियायती दरों में मिलेगा इलाज

फरीदाबाद। जीवन नगर पार्ट-2 में केएमसी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल आज भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व गोस्वामी कृष्णलाल सुपुत्र विकास गोस्वामी ने जनता को समर्पित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना वार्ड-8 के पार्षद प्रतिनिधि कविंद्र चौधरी, निवर्तमान पार्षद सुरेंद्र अग्रवाल, वार्ड नम्बर-10 के निर्वतमान पार्षद मनवीर भड़ाना, भावी पार्षद पद उम्मीदवार और शिक्षाविद् अजय यादव, शिक्षाविद् अमित जैन, एस.के. आहूजा, शिक्षाविद् व जेजीपी नेता सतीश फोगाट, अरुण पुंडीर, मानव शर्मा, सचिन तंवर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर केएमसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजेश मदान और चेयरमैन एलपी मदान ने सभी अतिथियों का बुक्के देकर स्वागत किया।

# टोल संघर्ष समिति ने टोल के विरोध में किया घामडोज टोल पर जोरदार प्रदर्शन

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



- डिप्टी सीएम ने कल तक टोल स्थगित करने की दिए निर्देश
- डिप्टी सीएम आज मंगलवार को लेंगे टोल संघर्ष समिति, उपायुक्त, एनएचएआई की मीटिंग

गुरुग्राम सोहना रोड पर गांव घामडोज में टोल संघर्ष समिति ने टोल के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमे टोल संघर्ष समिति के सभी सदस्यों के अलावा,व्यापार मंडल संघ सोहना, सभी राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेतागण,वा आस पास के दर्जनों गांवों के लोग मौजूद थे। वहीं ए सी पी परवीन मालिक, सोहना, भोंडसी, बादशपुर की पुलिस फोर्स मोजूद थी। गुप्तचर विभाग के अधिकारी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे और पल पल की अपडेट से उचाधिकारीयो को अवगत करा रहे थे। प्रदर्शन करते हुए पहलवान सतबीर खटाना ने कहां की बीते 4 अप्रैल को टोल संघर्ष समिति की सोहना के एसडीएम जितेंद्र गर्ग के समक्ष टोल कलेक्टर की मीटिंग के दौरान आश्वासन दिया था कि जल्द ही टोल को लेकर कोई ना कोई निष्कर्ष निकाला जाएगा लेकिन टोल कलेक्टर ने टोल संघर्ष समिति व एसडीएम सहित जिला प्रशासन को अंधेरे में रखा और टोल संघर्ष समिति ने निर्णय लेते हुए आज गांव घमरोज में बने टोल पर दर्जनों गांव क लोगों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। उन्होंने कहा कि टोल किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जब एन एच ए आई द्वारा रोड का निर्माण पूरा नहीं किया तो टोल किस लिए लिया जाए। 20 किलोमीटर तक टोल फ्री किया जाए। करीब चार घंटे चले प्रदर्शन में 10 मिनट के लिए प्रदर्शनकारियों ने रोड को भी जाम कर दिया था। हालात को संभालते हुए पुलिस ने तुरंत ही जाम खुलवा दिया था। प्रदर्शन को देखते हुए सोहना एसीपी प्रवीन कुमार पुलिस बल के साथ सुबह से ही मौके पर मौजूद थे। भोंडसी, अलीपुर और घामडोज गांव के निवासियों के लिए पहले ही टोल फ्री हो चुका है ग्रामीणों के लिए टोल फ्री करने के लिए टोल संघर्ष समिति केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत संह से मुलाकात भी कर चुकी है। प्रदर्शनकारियों से बात करने पहुंचे सोहना एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने पहले प्रदर्शनकारियों की बात मानते हुए सोमवार शाम पांच बजे तक के लिए टोल फ्री किया था। लेकिन डिप्टी सीएम के आदेश के बाद टोल फ्री की मियाद मंगलवार तक बढ़ा दी गई। टोल संघर्ष समिति की मांग है कि टोल के दोनों तरफ 20 किलोमीटर तक के दायरे के गांवों को टोल फ्री किया जाए। उनका कहना है कि भोंडसी के पास बने टोल से आस-पास के गांवों के लोगों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी टोल देकर गुजरना पड़ता है। टोल के खिलाफ टोल संघर्ष समिति को संघर्ष करते हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है। लेकिन टोल संघर्ष समिति का कहना है कि एसडीएम के आदेश के बाद भी ग्रामीणों से टोल वसूला गया। चार अप्रैल को टोल की तरफ से पहुंचे अधिकारी ने ग्रामीणों के टोल को लेकर अभी तक कोई जवाब प्रशासन को नहीं दिया है। प्रदर्शन में पहुंचे जेजेपी नेता अनंतराम तंवर ने मौके पर डिप्टी सीएम से टोल को लेकर बात की, जिसके बाद सोहना एसडीएम जितेंद्र गर्ग को फोन पर ही डिप्टी सीएम ने टोल वसूलने पर आज शाम पांच बजे तक के लिए रोक लगाने का आदेश दे दिया। प्रदर्शन में पहुंचे अधिवक्ता कुशल भारद्वाज ने बताया कि एनएचएआई की वेबसाइट में एनएचएआई द्वारा संचालित 400 से ज्यादा टोल का नाम वेबसाइट में है ,लेकिन भोंडसी घामड़ोज गांव के बीच में बना इस टोल का नाम वेबसाइट में अंकित नहीं है। शम्सुद्दीन ने पंचायत में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का जिक्र करते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में टोल नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए इस टोल को यहां से हटाना चाहिए। कहा की जल्द ही हाईकोर्ट में इसके खिलाफ अपील की जाएगी। टोल संघर्ष समिति के अध्यक्ष सतबीर खटाना ने कहा कि ग्रामीणों के लिए टोल फ्री करवाने के लिए हर संघर्ष किया जाएगा। उनका कहना है कि पूरे भारत में सोहना क्षेत्र ही ऐसा है जिसके चारों तरफ नौ टोल है, सोहना क्षेत्र के निवासियों सोहना से किसी भी तरफ चले जाए उन्हे टोल देकर ही गुजरना पड़ात। उन्होंने बताया कि आज टोल संघर्ष समिति के सदस्य चंडीगढ़ में डिप्टी सीएम से मिलकर इस समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेगी।

## दुकानदार पर गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

रंजिशन मीट बेचने वाले दुकानदार पर गोली चलाने वाले युवक को थाना छांयसा प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आसिफ उर्फ छोटे खान है जो पलवल जिले के बलई गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास तथा अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें उसने अपने साथी आरोपी रवि के साथ मिलकर दुकानदार को जान से मारने का प्रयास किया था। छांयसा में पीड़ित प्रताप ने दी अपनी शिकायत में बताया कि वह फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच गांव का रहने वाला है और मोहना गांव में मीट की दुकान करता है। दोपहर आरोपी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी दुकान पर आए जिन्होंने मोटरसाइकिल खड़ी करके वहीं पर शराब पी तथा बाद में उससे मीट लेने आए और उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने लगे। इसी झगड़े में आरोपी रवि में देसी कट्टा से दुकानदार पर गोली चला दी जो उसके बाएं हाथ की कलाई से होते हुए गोली उसके पेट के बाईं साइड में लग गई।

## बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को दबाने के लिए भाजपा करा रही हिंदू मुस्लिम के नाम पर दंगे : महेंद्र चौधरी

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्र में बैठी भाजपा सरकार हिंदू समाज के नाबालिग युवाओं के हाथों में चाकू, छुरी व तलवार देकर उनके अंदर धर्म के नाम पर जहर भरने का काम कर रही है। आज देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा कोई ना उठाए इसलिए देश में जगह जगह दंगे, फसाद कराए जा रहे हैं। भाजपा की नीति रही है जब जब देश में कहीं चुनाव आते हैं तो लोगों को हिंदू मुस्लिम के नाम पर लड़ाकर चुनावी फायदा उठाना होता है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के हरियाणा साउथ जोन के सह प्रभारी महेंद्र चौधरी ने जिला नूंह हेडक्वाटर पर आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता फकरुद्दीन एडवोकेट द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। महेंद्र चौधरी ने कहा कि मेवात वीर शहीदों की धरती है, मेवात के मुसलमानों ने ही नहीं बल्कि पूरे देश के मुसलमानों ने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानियां दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य व आम आदमी की सुविधाओं के लिए ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। जिनकी बदौलत पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा कायम करते हुए आम आदमी पार्टी के हाथों में सत्ता की चाबी सौंपने का काम किया है। महेंद्र चौधरी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट फ्री बिजली देने का काम किया जाएगा। उन्होंने मेवात के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी का साथ देकर आम आदमी की सरकार बनाए ताकि आम आदमी की मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जा सके। इस मौके पर साहब खा पटवारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस मेवात को वोटों के नाम पर यूज करती रही है। इतना ही नहीं जहां भाजपा ने लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाने का काम किया है वहीं कांग्रेस आपसी गुटबाजी का शिकार होकर जनता के लिए अपना कर्तव्य भूल गई है। इस मौके पर संगठन मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, जिला अध्यक्ष जफरुद्दीन गुमल, ताहिर अल्वी, जहीर हकीम सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बस चलवाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

तावडू, प्रात : किरण संवाददाता



शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के लिए बस की सुविधा न होने के कारण बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से परेशान विद्यालय के विद्यार्थियों ने सोमवार को तावडू एसडीएम के नाम एक ज्ञापन शोप कर जल्द से जल्द बस चलाने की मांग की है। आपको बता दें कि तावडू मेवात मॉडल स्कूल पहले के एम दी ए आधीन आते थे। लेकिन कुछ समय पहले ये सरकार ने अपने आधीन कर लिए ओर विद्यालय का नाम बदल कर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय कर दिया है। विद्यालय के विद्यार्थी मानसी, दिव्या, रुचि,सानिया,चित्रा, परी व उनके अभिभावक प्रभु बागड़ी,अशोक ,दीपक, राजेश ,अजय आदि ने बताया कि विद्यालय में पहले तो बच्चो को लाने लेजाने के लिए बस की सुविधा थी। लेकिन जब से इस विद्यालय को सरकार ने अपने अधीन लिया है तभी से बस की सुविधा बंद है। जिस कारण बच्चो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय शहर से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है जहां जाने के लिए कोई और साधन भी जल्दी से नहीं मिलता। बच्चों को पैदल या अपने निजी साधनों से विद्यालय में पहुंचना पड़ रहा है। जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों के अभिभावकों ने बताया की वे पहले भी इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन आज तक इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस समस्या से परेशान होकर आज फिर विद्यालय के बच्चों ने एक ज्ञापन एसडीएम के नाम उनके कार्यालय में सौंपा और जल्द से जल्द बस चलवा कर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस बारे में तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि यह शिकायत उन्हें मिली है और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा कर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## क्राइम ब्रांच ने 9 किलोग्राम गांजे सहित युवक को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने एक नशा तस्कर को 9.210 किलोग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम उदय है जो बिहार के भोजपुर जिले का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस थाना मुजेसर एरिया में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद चेकिंग के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बरामद प्लास्टिक के कट्टे से 9.210 किलोग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी से जब गांजे का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जहां उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके शुरू की गई।

## बास को नगर पालिका का दर्जा बनाए रखने में लोगों की दिलचस्पी एक बार फिर बढ़ी

नारनौंद, प्रात : किरण संवाददाता



बास के लोगों द्वारा लगातार धरना देने के बाद हरियाणा सरकार द्वारा घोषणा की गई कि बास की नगर पालिका का दर्जा हटाकर गांव की पंचायतों को बहाल किया जाएगा। शहरी निकाय मंत्री द्वारा इस घोषणा को एक हफ्ता भी नहीं बीता इससे पहले ही गांव के लोगों ने एकत्रित होकर शनिवार को नायब तहसीलदार बास को एक ज्ञापन देकर उन्होंने मांग जाहिर की कि नगर पालिका बास का दर्जा ज्यों का त्यों भाल रखा जाए।

इस बारे में नायब तहसीलदार ने कहा कि आप द्वारा दिया गया ज्ञापन जल्द ही विभागीय मंत्री के पास भेज दिया जाएगा। लोगों ने इसका इंतजार नहीं करते हुए अगले ही दिन आज डॉक्टर कमल गुप्ता शहरी निकाय मंत्री के आवास पर जाकर नगर पालिका बास वासियों ने अपनी मांग को दोहराया तथा हिसार रेस्ट हाउस जाकर उनको एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें यह मुख्य मांग रखी गई की हमारे नगरपालिका बास का दर्जा कायम रखा जाए। नहीं तो हम बास वासियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम ग्रामीण न रहकर नपा नागरिक बनना चाहते हैं।

नगरपालिका के साथ ही हमारे पास का विकास संभव है। इस अवसर पर बास नगर पालिका से बलवंत चेयरमैन, मास्टर राजकुमार, पृथ्वी सिंह मोर, वजीर सिंह, धर्मपाल शर्मा, बलबीर शर्मा, शमशेर मोर जिला महामंत्री बीजेपी, अनिल नरवाल, योगी नरवाल, जग महेंद्र सिंह, ,सोनू राठी, बलवंत फ्रेंड, एक्स सरपंच राजवीर, एक्स सरपंच रोशन लाल शर्मा, शिवचरण मोर, जसवीर मोर, कृष्ण टाक, पवन नरवाल सहित सैकड़ों नागरिकों ने इक्ठे होकर मांग पत्र सौंपा।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओपन परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

- सभी परीक्षार्थियों को केंद्र के बाहर से ही स्लिप देखकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की हरियाणा ओपन कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। जानकारी देते हुए केंद्र अधीक्षक दिनेश राघव ने बताया कि हरियाणा बोर्ड द्वारा जारी हरियाणा ओपन की परीक्षाएं जिला मुख्यालय पर कंट्री ग्रामर स्कूल मैं जिला प्रशासन के सहयोग से पूर्ण रूप से नकल पर रोक लगाने के साथ कराई गई है। केंद्र अधीक्षक दिनेश राघव ने बताया कि हरियाणा ओपन की परीक्षाओं में बड़े ही सुचारू रूप से परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है बोर्ड द्वारा नकल पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही जिले में शिक्षा विभाग द्वारा भी नकल पर रोक लगाने का हर संभव प्रयास किया गया जिसके चलते सोमवार को विज्ञान के पेपर के साथ दसवीं कक्षा के पेपर शांतिप्रिय तरीके से संपन्न हो गए। केंद्र अधीक्षक ने बताया कि पहली बार जिला मुख्यालय पर पूरी पारदर्शिता के साथ नकल रहित परीक्षाएं कराई गई है जिसको लेकर उन्होंने अपने सभी साथी केंद्र सुपरवाइजर का भी आभार जताया।

## प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में जुटी : मुकेश वशिष्ठ

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



- रोजगार मेले में 90 युवाओं को नौकरी देने पर सहमति मिली

क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए दूसरा रोजगार मेले का आयोजन आज विश्वास कान्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ तथा पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर विशेष रूप से सीएम फ्लाईंग के डीएसपी राजेश चेची, फेडरेशन ऑफ प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान विमल पाल मौजूद रहे। रोजगार मेले के आयोजक एवं युवा समाजसेवी सचिन तंवर ने आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर व बुक्के भेंट कर स्वागत किया। वहीं स्कूल के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता तथा प्रिंसीपल ज्योति गुप्ता ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

इस बार रोजगार मेले में आई कुल 16 कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए थे। जिन पर लगभग 436 पंजीकरण हुए। इस अवसर पर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का इंटरव्यू किया और लगभग 90 युवाओं को मौके पर ही नौकरी देने पर सहमति जता दी। इन सभी लोगों को इसी हफ्ते नौकरी के लिए ऑफर लैटर मिल जाएगा। उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि रोजगार मेला बहुत पुण्य का कार्य है। सभी सामाजिक धार्मिक संगठनों को इस तरह के आयोजन करने चाहिए जिससे कि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिले सकें। प्रदेश की खट्टर सरकार भी अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने में जुटी हुई है। पुलिस विभाग, चिकित्सा सेवाएं, हरियाणा सिविल सर्विस व अन्य विभागों में रोजगार उपलब्ध करवा रही है।

पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने रोजगार मेला लगाने पर आयोजक सचिन तंवर व शिक्षाविद् प्रदीप गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनआईटी क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो यह उनका प्रयास रहता है। उन्होंने अपने विधायक कार्यकाल में क्षेत्र के हजारों युवाओं को सरकारी व प्राईवेट संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध करवाया था। सीएम फ्लाईंग के डीएसपी राजेश चेची ने कहा कि आज के समय में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना पुण्य का कार्य है। एक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करवाने से उसका तथा उसके परिवार का भला होता है।

इस रोजगार मेले में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, वार्ड नम्बर-10 के निर्वतमान पार्षद मनवीर भड़ाना, शिक्षाविद् विमल पाल, अमित जैन, शिक्षाविद् एल.पी. मदान, अजय यादव, नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, गुरूप्रीत सिंह नागी(गोल्डी), मनीष झा, रमेश जोशी, शैली बब्बर, प्रीत कौर, समाजसेवी संजीव कुशवाहा, अशोक तंवर, आम आदमी पार्टी के नेता राजकुमार खरवार, अवधेश कुमार ओझा, भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, नगर निगम यूनियन के नेता राकेश चिंडालिया, यूथ सोसायटी हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश सिंह, अशोक डी स्टार, राकेश, शिक्षाविद् अमित जैन, भोपाल खटाना, लोधी समाज के अध्यक्ष लाखन सिंह लोधी, रूप सिंह लोधी, यशवंत मौर्य सहित अन्य लोग शामिल थे।

## डीसीपी सेंट्रल ने किया कोर्ट परिसर में औचक निरीक्षण

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा ने सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को कोर्ट परिसर में एक संयुक्त चेकिंग टीम तैयार करके सुरक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। टीम के साथ पहुंचकर डीसीपी में कोर्ट परिसर में बार रूम, बंदी हवालात, कोर्ट रूम व सुरक्षा से संबंधित सभी जगहों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही ज्यूडिशियल इंचार्ज निरीक्षक अशोक कुमार तथा कोर्ट परिसर की सुरक्षा में तैनात सभी पुलिसकर्मियों के सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर न्याय का मंदिर है जहां हर वर्ग का व्यक्ति न्याय के लिए अदालत में गुहार लगाता है। इसीलिए यह महत्वपूर्ण स्थानों में से एक हैं और इसकी सुरक्षा करना अति आवश्यक है। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए की कोर्ट परिसर में आने वाले वाहनों तथा संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों कि अच्छे से तलाशी लेकर उनपर निगरानी रखी जाए। कई बार आपसी रंजिश के चलते दो पक्ष कोर्ट परिसर में ही हिंसा की बड़ी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं इसीलिए आवश्यक है कि पुलिसकर्मी चौक्कने रहकर संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी रखें और किसी भी वारदात को अंजाम देने से पहले ही उनको काबू करके कानून व्यवस्था को सुद्दढ़ करें। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर में शांति व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखने के दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा ने आज सेक्टर 12 स्थित कोर्ट परिसर का औचक निरीक्षण किया। फरीदाबाद पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा सुरक्षा से संबंधित समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जाते हैं ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक ना हो पाए तथा सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### पूर्वांकर की बिक्री बुकिंग 2021-22 में नौ प्रतिशत बढ़कर 2,406 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। रियल एस्टेट फर्म पूर्वांकर लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसकी बिक्री बुकिंग नौ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,406 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने बताया कि आवासीय संपत्ति की मांग बढ़ने के कारण यह तेजी आई। इससे पिछले वित्त वर्ष के दौरान पूर्वांकर की बिक्री बुकिंग 2,202 करोड़ रुपये थी। पूर्वांकर ने शेयर बाजार को बताया कि कुल बिक्री मात्रा 35.2 लाख वर्ग फीट रही, जिसका कुल बिक्री मूल्य 2,406 करोड़ रुपये है।

### जेएसपीएल का इस्पात उत्पादन मार्च तिमाही में बढ़ा

नई दिल्ली। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने सोमवार को बताया कि मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका इस्पात उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 21.1 लाख टन हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च में उसकी बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 20.7 लाख टन रही। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने रिकॉर्ड 81 लाख टन इस्पात उत्पादन किया, जबकि बिक्री 76.3 लाख टन रही। जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक वी आर शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2022-23 में 90 लाख टन से अधिक उत्पादन करना है।

### एसबीआई ने आईएफएससी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए 50 करोड़ डॉलर जुटाए

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी आईएफएससी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (3,800 करोड़ रुपये से अधिक) जुटाए हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई ने अपनी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए पहली बार विदेश से अमेरिकी डॉलर में सुरक्षित ओवरनाइट वित्तपोषण दर (एसओएफआर) से जुड़ा ऋण जुटाया है। यह सुविधा 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लिए है, जबकि इसमें 10 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प शामिल है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक अश्विनी तिवारी ने कहा कि बेहद अच्छी कीमत पर सिंडिकेटेड ऋण जुटाने से विदेशी वित्तीय बाजारों में एसबीआई की प्रतिष्ठा का पता चलता है।

### लागत बढ़ने के चलते मारुति ने बढ़ाईं कीमतें

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने तत्काल प्रभाव से अपने सभी मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसने लागत में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला किया। कंपनी ने कहा कि सभी मॉडलों की कीमतों में औसतन 1.3 प्रतिशत (दिल्ली में शोरूम कीमत) बढ़ोतरी की गई है। एमएसआई ने छह अप्रैल को शेयर बाजार को बताया था कि कच्चे माल में तेजी के चलते उसके वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एमएसआई ने जनवरी 2021 से मार्च 2022 तक अपने वाहनों की कीमतों में लगभग 8.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

# विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठक में शामिल होंगी सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन संकट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की बैठकों में भाग लेने के लिए देर रात अमेरिका दौरे पर रवाना हो गईं। सीतारमण अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के साथ होने वाले बैठक में शामिल होंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

वित्त मंत्रालय के जारी कार्यक्रम के मुताबिक वित्त मंत्री की आधिकारिक यात्रा 18 अप्रैल, 2022 से शुरू हो रही है। सीतारमण इस यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात करेंगी। इसके अलावा वित्त मंत्री इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी हिस्सा लेंगी। अमेरिका यात्रा के दौरान सीतारमण का विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मेलपास से मिलने का कार्यक्रम है। वित्त मंत्री आईएमएफ के प्रबंध निदेशक द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में भी शामिल होंगी। इसके अलावा निर्मला सीतारमण वाशिंगटन स्थित थिंक-टैंक अटलांटिक काउंसिल के एक कार्यक्रम में शामिल होने के साथ-साथ स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शिक्षकों एवं छात्रों से भी संवाद करेंगी।



- सीतारमण इस यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात करेंगी।

## बंगाल वैश्विक कारोबार सम्मेलन में ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा

कोलकाता, एजेंसी

दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन (बीजीबीएस) में ब्रिटेन से 49 वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में व्यवसायों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के शीर्ष लोग 20-21 अप्रैल को यहां बीजीबीएस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एक विज्ञप्ति में कोलकाता में पदस्थ ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त निक लो के हवाले से कहा गया, ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त और ब्रिटिश काउंसिल कोलकाता बीजीबीएस में ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल को भेजेंगे।

लो ने कहा, पिछले वर्ष मई में दोनों देशों के प्रधानमंत्री 2030 की जिस रूपरेखा पर सहमत हुए थे उसमें ब्रिटेन और भारत के बीच कारोबार और निवेश में आमूलचूल परिवर्तन का वादा किया गया था। इसीलिए हम यहां पर हैं। मैं पश्चिम बंगाल में ब्रिटेन के निवेश और साझेदारी पार्टफोलिया को बढ़ाना चाहता हूं।

उन्होंने बताया कि ब्रिटेन की कंपनियां राज्य में मौजूदा निवेश में विस्तार करना चाहती है, नई कंपनियों ने भी इसमें काफी दिलचस्पी दिखाई है। विज्ञप्ति के मुताबिक दो दिवसीय कार्यक्रम में ज्यादा जोर शिक्षा, अनुसंधान, रचनात्मक अर्थव्यवस्था और सतत पर्यटन होगा।

## एसबीआई ने एमसीएलआर दर में 0.10 फीसदी का किया इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। एसबीआई ने सोमवार को फंड की सीमांत लागत पर आधारित उधारी दरों (एमसीएलआर) में 0.10 फीसदी का इजाफा किया है। नई दरें 15 अप्रैल से लागू हो गई है। स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक इस बदलाव के बाद एक रात की अवधि से तीन महीने तक के लिए एमसीएलआर की दरें 6.65 फीसदी से बढ़कर 6.75 फीसदी हो जाएंगी। वहीं, 6 माह के लिए यह दर बढ़कर 7.05 फीसदी हो जाएगा। एक वर्ष के लिए एमसीएलआर की दर 7.10 फीसदी होगा, जबकि दो और तीन साल के लिए एमसीएलआर दर बढ़कर क्रमशः 7.30 फीसदी और 7.40 फीसदी होगा। उल्लेखनीय है कि एसबीआई के एमसीएलआर दर में बढ़ोतरी से एक ओर जहां ईएमआई बढ़ जाएगी। वहीं, दूसरी ओर बैंक से होम या ऑटो लोन या पर्सनल लोन और भी महंगा हो जाएगा। इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर दर में 0.05 फीसदी का इजाफा किया था।

# राजस्थान के श्रीगंगानगर में पेट्रोल की कीमत 123 रुपये प्रति लीटर पर पहुंची

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सोमवार सुबह पेट्रोल की कीमत बढ़कर 123 रुपये प्रति लीटर हो गई। जिसके बाद यह देश भर में सबसे महंगा पेट्रोल की कीमत वाला शहर बन गया। पेट्रोल पंप मालिकों ने पुष्टि की है कि अभूतपूर्व वृद्धि ने 80 प्रतिशत से अधिक पेट्रोल पंपों को बंद होने के कगार पर ला दिया है।

वास्तव में, यहां डीजल की कीमत 105.31 रुपये प्रति लीटर है, जो अभी भी भारत में सबसे अधिक कीमतों में से एक है। हालांकि, पड़ोसी राज्य पंजाब में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 17 रुपये और 11 रुपये प्रति लीटर सस्ता है। राजस्थान के पेट्रोल उपभोक्ताओं को पंजाब के फिलिंग स्टेशनों पर लाइन लगाते देखा जा सकता है, जबकि श्रीगंगानगर में बहुत सीमित उपभोक्ता हैं।

श्रीगंगानगर जिला पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने कहा कि वास्तव में, ईंधन लागत में इस भारी अंतर के प्रभाव के रूप में 80 प्रतिशत पेट्रोल पंप बंद होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा, हमारा जिला देश का सबसे महंगा पेट्रोल बेच रहा है। इसका कारण यह है कि इस जिले से डिपो 500 किमी से अधिक दूर है और इसलिए लगभग 1,100 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे यहां अतिरिक्त लागत आती है।

गुप्ता ने आगे कहा, मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की और उनसे पूछा कि क्या राज्य सरकार तीन महीने के लिए पेट्रोल डीजल की कीमतों को पंजाब के बराबर ला सकती है और प्रभाव की समीक्षा कर सकती है। अगर मुमकिन है, तो हम मॉडल जारी रख सकते हैं और यदि नहीं, तो इसे छोड़ दिया जाएगा।



- वास्तव में, यहां डीजल की कीमत 105.31 रुपये प्रति लीटर है, जो अभी भी भारत में सबसे अधिक कीमतों में से एक है।

# लगभग 25 हजार रुपये की कीमत में भारत आ रहा है सैमसंग गैलेक्सी एम53

नई दिल्ली, एजेंसी

सैमसंग ने सोमवार को कहा कि वह 22 अप्रैल को अपने अगले एम सीरीज स्मार्टफोन गैलेक्सी एम53 5जी लॉन्च करेगी, जिसकी कीमत लगभग 25,000 रुपये हो सकती है। गैलेक्सी एम53 5जी सेगमेंट-सर्वश्रेष्ठ 108 एमपी कैमरा, ऑटो डेटा स्विचिंग और एसएमोएलईडी डिस्प्ले के साथ आता है। कंपनी के मुताबिक, ऑटो डेटा स्विचिंग फीचर उपभोक्ताओं को कॉल या डेटा स्ट्रीमिंग के लिए सेकेंडरी सिम के जरिए कनेक्टेड रहने में मदद करता है। डिवाइस में एसएमओएलईडी प्लस डिस्प्ले होता है जबकि 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट वाला इंफिनिटी-ओ डिस्प्ले गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ आता है और कंटेंट को ब्राइट और विविड बनाता है।

गैलेक्सी एम53 5जी भी ऑब्जेक्ट इरेजर, वीडियो कॉल इफेक्ट्स और फोटो रीमास्टर फीचर्स के साथ आता है। कंपनी ने कहा, वीडियो कॉल इफेक्ट्स आपको वीडियो कॉल के दौरान अपनी पसंद बेकग्राउंड सेट करने की सुविधा देता है। उपभोक्ता फोटो रीमास्टर फीचर के साथ आप अपनी पुरानी या कम गुणवत्ता वाली तस्वीरों में भी जान डाल सकते हैं।



गैलेक्सी एम53 5जी इस साल सैमसंग की दूसरी एम सीरीज स्मार्टफोन है। इस महीने की शुरूआत में, सैमसंग ने देश में 6000 एमएएच की बड़ी बैटरी और 120 हट्र्ज एफएचडी प्लस डिस्प्ले के साथ गैलेक्सी एम33 5जी लॉन्च किया था। गैलेक्सी एम33 5जी की कीमत 6 जीबी प्लस 128 जीबी के लिए 18,999 रुपये और 8 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट के लिए 20,499 रुपये है। स्मार्टफोन में 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.6-इंच एफएचडी प्लस डिस्प्ले है।

# हैदराबाद में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देगी ढाका के साथ सीधी हवाई कनेक्टिविटी

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे ने सोमवार को हैदराबाद से ढाका के लिए इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के साथ अपने पोर्टफोलियो में एक और अंतर्राष्ट्रीय डेस्टिनेशन जोड़ा है। बांग्लादेश और तेलंगाना के बीच पर्यटन और अवकाश यात्रा को बढ़ावा देने के अलावा, सीधी उड़ानों से हैदराबाद के लिए चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इंडिगो फ्लाइट 6ई 1931 दोपहर 12.45 बजे जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना होगी। ढाका से वापसी इंडिगो फ्लाइट 6ई 1932 शाम 6.50 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। दो घंटे पैंतालीस मिनट की उड़ान जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे और ढाका के बीच सप्ताह में दो बार शनिवार और सोमवार को संचालित होगी। भारतीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इलाज के लिए भारत आने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा विजिटर्स में से लगभग 54 प्रतिशत बांग्लादेश से हैं। इस क्षेत्र में कुछ बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं के साथ, हैदराबाद बांग्लादेश के चिकित्सा पर्यटकों के लिए पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में उभरा है। शहर में चिकित्सा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, एयरलाइंस चिकित्सा पर्यटकों के लिए लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय डेस्टिनेशन्स से जुड़ने वाले नए उड़ान मार्गों को जोड़ रही हैं। जीएचआईएएल के सीईओ, प्रदीप पणिकर ने कहा, हैदराबाद में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थलों के अलावा, शहर चिकित्सा पर्यटन के लिए भी एक प्रमुख केंद्र रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हमने अवकाश यात्रियों के साथ-साथ चिकित्सा पर्यटकों की भारी आमद देखी है। वहाँ हैदराबाद और ढाका के बीच सीधे संपर्क की एक बड़ी मांग है। यह नई कनेक्टिविटी न केवल बांग्लादेशियों को हमारे शहर और चिकित्सा सुविधाओं का पता लगाने की अनुमति देगी बल्कि हैदराबादियों को ढाका के अद्वितीय आकर्षण का अनुभव करने का मौका भी देगी।

हैदराबाद से ढाका के लिए इंडिगो की पहली सीधी उड़ान सेवा ने जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीएचआईएएल) लिमिटेड से दोपहर 12.45 बजे उड़ान भरी। इंडिगो के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्सव के माहौल के बीच पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई।

इंडिगो के मुख्य रणनीति और राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा, हम भारतीय फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी के केंद्र को बांग्लादेश की सांस्कृतिक और आर्थिक राजधानी से जोड़ने वाली नई उड़ानें शुरू करने के फैसले से खुशी हो रही है। हैदराबाद ने पिछले कुछ हफ्तों में हवाई यातायात में महत्वपूर्ण सुधार देखा है। ढाका के यात्री देश के 70 से अधिक शहरों को जोड़ने के लिए हैदराबाद को हब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये उड़ानें दोनों देशों में उच्च यातायात, अवकाश और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देगी।

हैदराबाद देश का एकमात्र हवाईअड्डा है जहां सभी दस घरेलू एयरलाइंस उड़ान भरती हैं। समर-22 शेड्यूल के लिए इंटरनेशनल एयरलाइंस ने 20 अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन्स के लिए फ्लाइट स्लॉट दाखिल किए हैं। दायर किए गए अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन स्लॉट पूर्व-कोविड समय का 103 प्रतिशत है। जीएचआईएएल ने कहा कि हैदराबाद से थाईलैंड और हांगकांग के लिए उड़ानें जल्द ही फिर से शुरू होंगी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार को भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। तेल विपणन कंपनियों ने पिछले 12 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थी। कंपनियों ने पिछले 25 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार लगातार 12वां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# स्पाइसजेट 26 अप्रैल से नई घरेलू अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी

मुंबई, एजेंसी

स्पाइसजेट 26 अप्रैल से अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अतिरिक्त नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी। विमानन कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह नई एवं उभरती मांगों को पूरा करने के लिए नई उड़ानें शुरू करेगी।

चरणबद्ध रूप से शुरू की जा रही इन उड़ानों में अहमदाबाद को मस्कट से, मुंबई को ढाका से, कोझीकोड को जेद्दा और रियाद से तथा मुंबई को सऊदी अरब में रियाद और जेद्दा से जोड़ने वाली सेवाएं शामिल हैं।

स्पाइसजेट ने बताया कि घरेलू नेटवर्क में अहमदाबाद से गोवा, बागडोगरा और शिरडी के लिए नई उड़ानें शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही तिरुपति और गुवाहाटी को मुंबई से जोड़ा जाएगा। कंपनी ने कहा कि दिल्ली-जबलपुर, दिल्ली-लेह, अहमदाबाद-देहरादून, हैदराबाद-शिरडी, मुंबई-गोवा और मुंबई-श्रीनगर रूट पर उड़ानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सभी नई और अतिरिक्त उड़ानों के लिए बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। स्पाइसजेट की मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा कि इस पहल से आम यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ेगी और साथ ही पर्यटन तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।




## अफगानिस्तान को 32 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता मिली

**काबुल।** अफगानिस्तान के केंद्रीय बैंक के अनुसार, मानवीय सहायता के रूप में देश को 32 मिलियन डॉलर की राशि मिली है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने युद्ध के बाद के देश को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखा है। दा अफगानिस्तान बैंक (डीएबी) ने रविवार को ट्विटर पर कहा कि अफगानिस्तान को मानवीय सहायता की एक श्रृंखला के बाद, रविवार, 17 अप्रैल को 32 मिलियन डॉलर नकद की सहायता मिली है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डीएबी ने स्थानीय बाजार में विदेशी मुद्रा डालने और देश की राष्ट्रीय मुद्रा अफगानी को स्थिर करने के लिए सोमवार को 13 मिलियन डॉलर की नीलामी की भी घोषणा की। डीएबी लगातार विदेशी मुद्रा के मुकाबले अफगानी के मूल्य को एक निश्चित और वांछनीय स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

# स्विगी, जोमैटो ने रेस्टोरेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म अर्बनपाइपर में किया निवेश

बेंगलुरु, एजेंसी

रेस्तरां प्रबंधन प्लेटफॉर्म अर्बनपाइपर ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मौजूदा निवेशकों सेक्वॉया कैपिटल इंडिया और टाइगर ग्लोबल और नए निवेशकों स्विगी और जोमैटो के नेतृत्व में 24 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

मंच का लक्ष्य अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग टीमों को बढ़ाने के लिए धन का उपयोग करना है और अगले दो वर्षों में वैश्विक स्तर पर 200,000 से अधिक रेस्तरां स्थानों में विस्तार करना चाहता है।

अर्बनपाइपर के सीईओ सौरभ गुप्ता ने कहा, इस निवेश के साथ, हम अपनी प्लेटफॉर्म क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ रेस्तरां पारिस्थितिकी तंत्र में कई और डिजिटल अवसरों को पूरा करने के लिए अर्बनपाइपेर की पेशकशों का विस्तार करना जारी रखेंगे। अर्बनपाइपर के उपयोगकर्ता आधार में मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, केएफसी, सबवे, क्योर फूड्स, टैको बेल, रिबेल फूड्स आदि जैसी रेस्तरां चेन हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह वर्तमान में भारत में हर महीने दिए जाने वाले सभी ऑनलाइन खाद्य आदेशों का 18 प्रतिशत से अधिक संसाधित करता है, और इसने पिछले दो वर्षों में 10 गुना वृद्धि हासिल की है।

रेस्तरां प्रबंधन मंच आठ देशों में 27,000 से अधिक रेस्तरां स्थानों में काम कर रहा है। अर्बनपाइपर के माध्यम से, रेस्तरां एग्रीगेटर्स को एक डैशबोर्ड पर एकीकृत कर सकते हैं और इसे अपने बिक्री के बिंदुओं से जोड़ सकते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डर विफलता में 70 प्रतिशत की कमी आती है। यह वर्तमान में प्रति माह 14 मिलियन ऑर्डर संसाधित करता है, जो सालाना अनुमानित ऑर्डर मूल्य के लगभग यूएस 750 मिलियन डॉलर के बराबर है। स्विगी के सीईओ श्रीहर्ष माजेटी ने कहा, अर्बनपाइपर हमारे प्रमुख भागीदारों में से एक है जो हमें रेस्तरां के साथ सहजता से जुड़ने और उनके पॉइंट-ऑफ-सेल समाधानों के माध्यम से तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाता है। सेक्वॉया कैपिटल इंडिया के प्रिंसिपल श्रेयांश ठाकुर ने कहा, सेक्वॉया कैपिटल इंडिया अर्बनपाइपर टीम के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्साहित है क्योंकि वे वैश्विक स्तर पर रेस्तरां को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं और इस साझेदारी में जोमैटो और स्विगी का स्वागत करते हैं।

# वैश्विक दबाव में लुढ़का शेयर बाजार सेंसेक्स में 1200 अंक से ज्यादा की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद आज शुरू हुए नए सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार में जोरदार गिरावट का रुख बना हुआ है। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार 2 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर कारोबार कर रहा है। बीएसई का सेंसेक्स अभी तक के कारोबार में 1,200 अंक से अधिक लुढ़क चुका है। इसी तरह एनएसई के निफ्टी में भी 325 अंक से अधिक की गिरावट आ चुकी है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 1000.35 अंक की गिरावट के साथ 57,338.58 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में खरीदारों ने लिवाली करके शेयर बाजार को कुछ सहारा देने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक उछल कर 57,420.80 अंक के स्तर तक पहुंचा।

लेकिन इसके बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स तेज गिरावट का शिकार हो गया। बाजार में जारी गिरावट के बीच हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके सेंसेक्स को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना ज्यादा था कि ये सूचकांक संभल नहीं सका और लगातार गिरता चला गया। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 1,225.82 अंक की गिरावट के साथ 57,113.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 292.20 अंक टूटकर 17,183.45 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। निफ्टी को भी शुरूआती कारोबार में खरीदारों की ओर से की गई लिवाली का सहारा मिला, जिसके कारण निफ्टी ओपनिंग लेवल से 52.30 अंक उछल कर 17,237.75 अंक के स्तर तक पहुंच गया। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार के बाद शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो की ओर शुरू की गई तेज बिकवाली के कारण निफ्टी भी गोता लगाने के लिए मजबूर हो गया।

लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक लगातार टूटता चला गया। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 327.25 अंक की गिरावट के साथ 17,148.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के जानकारों के मुताबिक दुनिया भर में लगातार बढ़ रही महंगाई और रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों को और कड़ा किए जाने के संकेत की वजह से वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में दबाव की स्थिति बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शेयर बाजारों में आई गिरावट के दबाव के कारण आज घरेलू शेयर बाजार भी लगातार दबाव में ही कारोबार कर रहा है। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो आईटी इंडेक्स अभी तक 4 प्रतिशत टूट चुका है, जबकि कैपिटल गुड्स शेयरों में 1 प्रतिशत की गिरावट बनी हुई है। इसके विपरीत शुरूआती कारोबार में मेटल इंडेक्स में मजबूती का रुझान नजर आ रहा है।

कमजोर ग्लोबल संकतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी शेयर बाजार ने कमजोरी के साथ शुरूआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 984.45 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,354.48 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 325.40 अंक यानी 1.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,150.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 237.44 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 58,338.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 54.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,475.65 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।



- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 1000.35 अंक की गिरावट के साथ 57,338.58 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

# क्यूआईपी से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल जमीन खरीदने, कर्ज भुगतान में करेगी इंडियाबुल्स

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ने सोमवार को कहा कि वह संस्थागत निवेशकों को शेयर जारी कर जुटाए गए 865 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मुख्य रूप से जमीन अधिग्रहण और कर्ज के भुगतान के लिए करेगी। इंडियाबुल्स रियल एस्टेट लिमिटेड (आईबीआरईएल) सात मार्च को अपना पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निर्गम लेकर आई थी जो 12 अप्रैल को बंद हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा है कि उसने क्यूआईपी के जरिये 101.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 865 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। इन शेयरों का सोमवार को बीएसई एवं एनएसई में कारोबार भी शुरू हो गया। बहरहाल क्यूआईपी के जरिये हिस्सेदारी बेचने से इंडियाबुल्स के मौजूदा प्रवर्तकों की हिस्सेदारी में कुल 15.8 फीसदी की कमी आई है।

आईबीआरईएल ने कहा, कंपनी के पास पर्याप्त नकदी है और क्यूआईपी से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल भूमि अधिग्रहण, भूमि विकास अधिकार खरीदने, दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरत और कर्ज के भुगतान के लिए किया जाएगा। क्यूआईपी दौर में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, निप्पन लाइफ इंडिया ट्रस्टी लिमिटेड, कॉपथाल मॉरीशस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनले एशिया (सिंगापुर), सोसायटी जनरल और बैली गिफॉर्ड पैसिफिक फंड ने शिरकत की।

आईबीआरईएल के गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक के जी कृष्णमूर्ति ने कहा, हम मौजूदा भू-राजनीतिक चुनौतियों और अस्थिर बाजार के बीच निवेशक समुदाय से मिले समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके आभारी हैं। मुंबई और एनसीआर क्षेत्र के रियल एस्टेट बाजार में मौजूदगी रखने वाली आईबीआरईएल एक सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी है और मध्यम आय से लेकर प्रीमियम एवं लग्जरी आवासीय खंड में सक्रिय है।

## वरुण बेवरेजेज के शेयरों के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** वरुण बेवरेजेज के शेयरों के दाम सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये।

गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक और अन्य बेवरेज की मांग में उछाल के दम पर पिछले कुछ कारोबारी दिवस से कंपनी के शेयरों में लगातार तेजी देखी जा रही है। यह कंपनी बोतलबंद बेवरेज बनाती है और उसका वितरण करती है।

इसने पेप्सिको की फ्रेंचाइजी ली हुई है। दोपहर ढाई बजे के करीब कंपनी के शेयर 2.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,036 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहे थे, जो इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर है।

इस साल की शुरूआत से कंपनी के शेयरों में करीब 18 फीसदी का उछाल देखा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने ला रोडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीता

कास्टिला ला मंचा (स्पेन)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 48वां ला रोडा इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है जिन्होंने नौ दौर में आठ अंक बनाये। चेन्नई के 15 वर्ष के गुकेश पूरे नौ दौर में अपराजेय रहे। उन्होंने आखिरी दौर में इस्राइल के विक्टर मिखालेवस्की को हराकर जीत दर्ज की। आर्मेनिया के हाइक एम मार्तिरोसियान 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने सात अंक बनाये। भारत के ही रौनक साधवानी समेत चार अन्य के भी सात अंक थे लेकिन बेहतर टाइब्रेकर स्कोर के आधार पर प्रज्ञानानंदा को तीसरा स्थान मिला। साधवानी चौथे स्थान पर रहे। गुकेश ने सात बाजियां जीती और दो ड्रॉ रही। इनमें से एक ड्रॉ प्रज्ञानानंदा के खिलाफ खेला।

### सिटसिपास ने मोंटे कार्लो खिताब जीता

मोनाको। यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने गैर वरीय अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6.3, 7.6 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस खिताब फिर जीत लिया। कोरोना महामारी के कारण 2020 सत्र नहीं हुआ था और 2021 में दर्शकों के बिना यह टूर्नामेंट खेला गया था यानी अर्से बाद यहां दर्शकों की वापसी हुई है। दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच को हराने वाले फोकिना का यह पहला एटीपी फाइनल था। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच से हारने वाले सिटसिपास 2018 में रफेल नडाल के बाद मोंटे कार्लो खिताब बरकरार रखने वाले पहले चैम्पियन बन गए।

### लाहिड़ी आरबीसी हेरिटेज में संयुक्त 66वें स्थान पर

अमेरिका। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी आखिरी दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए आरबीसी हेरिटेज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 66वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने तीन ओवर 74 का स्कोर किया। उन्होंने प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था जहां वह उपविजेता रहे जबकि टैक्सास ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर रहे। जोर्डन स्पियेथ ने पैट्रिक केंटले को हराकर खिताब जीता।

### सेविला को हराकर मैड्रिड स्पेनिश लीग खिताब के करीब

मैड्रिड। दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में करीम बेंजीमा के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने सेविला को 3.2 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार स्पेनिश लीग खिताब की ओर कदम रख दिया है। मैड्रिड ने पहले हाफ में चार मिनट के भीतर दो गोल गंवाये लेकिन दूसरे हाफ में वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब उसके पास 15 अंक की बढत हो गई है जबकि छह दौर बाकी हैं। मैड्रिड को बार्सीलोना से चुनौती मिल सकती है जिसके दो मैच बाकी हैं। तीसरे स्थान पर सेविला है जिसका अपराजेय अभियान खत्म हो गया। बेंजीमा का यह दस मैचों में 15वां गोल था।

### चेल्सी एफए कप के फाइनल में, लीवरपूल से होगा मुकाबला

लंदन। रूबेन लोफतुस-चीक और मेसन माउंट के द्वारा 11 मिनट के अंदर किये गये दो गोल से चेल्सी ने रविवार को एफए कप के सेमीफाइनल में क्रिस्टल पैलेस को 2-0 से हराकर फुटबॉल की सबसे पुरानी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की की। वेम्बले स्टेडियम में 14 मई को खेले जाने वाले फाइनल में उसका सामना लीवरपूल से होगा, जिसने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से हराया था। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद रूबेन ने 65वें मिनट में चेल्सी का खाता खोला जबकि माउंट ने 76वें मिनट में टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। आठ बार की चैंपियन टीम जब फाइनल मुकाबले के लिए उतरेगी तब तक फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिल जायेगा।

### जोस बटलर (103) ने जड़ा शानदार शतक, बटलर का यह मौजूदा सीजन में दूसरा शतक

# राजस्थान ने कोलकाता को दिया 218 रन का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी

2 बार की चैंपियन टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल के 15वें सीजन का 30वां मुकाबला मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेला गया। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर राजस्थान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। राजस्थान ने जोस बटलर (103) के शानदार शतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 217 रन बनाए जिससे कोलकाता को जीत के लिए 218 रन का लक्ष्य मिला।



शिवम मावी के आखिरी (पारी के 19वें) ओवर की 5वीं गेंद पर करुण नायर को पैट कमिंस ने लपका। करुण महज 3 रन बना सके। रविचंद्रन अश्विन बल्लेबाजी को उतरे। रियान पराग ने लॉन्ग ऑन दिशा में शॉट खेला लेकिन पैट कमिंस ने उसे लपका। हालांकि उन्होंने बाउंड्री के पास गिरते हुए शिवम मावी की तरफ गेंद को फेंका और मावी ने भी कोई गलती नहीं की। रियान पराग 5 रन बनाकर आउट। करुण नायर बल्लेबाजी को उतरे। राजस्थान रॉयल्स ने 17 ओवर में 3 विकेट खोकर 189 रन बना लिए हैं। जोस बटलर को पैट कमिंस ने वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। राजस्थान रॉयल्स का तीसरा विकेट 183 के टीम स्कोर पर लगा। बटलर ने 61 गेंदों की अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े। जोस बटलर ने पैट कमिंस की गेंद पर लॉन्ग ऑन दिशा में 90 मीटर लंबा छक्का जड़ा। इसी के साथ उनका निजी स्कोर 102 रन पहुंच गया। बटलर का यह मौजूदा सीजन में दूसरा शतक है जिसके लिए उन्होंने 59 गेंद खेलीं। जोस बटलर ने आंद्रे रसेल के पारी के 16वें ओवर की चौथी गेंद पर चौका जड़ा और अगली गेंद पर सिंगल से निजी स्कोर 96 रन पहुंचा दिया। 16 ओवर में राजस्थान ने 2 विकेट खोकर 174 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर ने भी ओवर की अंतिम गेंद पर चौका लगाया।

राजस्थान रॉयल्स को दूसरा झटका 164 के टीम स्कोर पर लगा, जब आंद्रे रसेल ने कप्तान संजू सैमसन (38) को शिवम मावी के हाथों कैच करा दिया। संजू ने 19 गेंदों की अपनी पारी में 3 चौके और 2 छक्के जड़े।

### स्कोरकार्ड


राजस्थान 217/5 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जोस बटलर<br>कॉट वरुण चक्रवर्ती बोल्ड पैट कमिंस | 103 | 61 | 9 | 5 |
| देवदत्त पडिकल<br>बोल्ड सुनील नरेन | 24 | 18 | 3 | 1 |
| संजू सैमसन<br>कॉट शिवम मावी बोल्ड आंद्रे रसेल | 38 | 19 | 3 | 2 |
| शिमरन हेटमायर *<br>बल्लेबाज़ी | 22 | 11 | 1 | 2 |
| रियान पराग<br>कॉट शिवम मावी बोल्ड सुनील नरेन | 5 | 3 | 1 | 0 |
| करुण नायर<br>कॉट पैट कमिंस बोल्ड शिवम मावी | 3 | 5 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन<br>बल्लेबाज़ी | 2 | 2 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 16 Runs (B: 3, LB: 6, WD: 6, NB: 1 | | | |
| कुल | 217/5 (20.0/) (RR: 10.85) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W |
|---|---|---|---|---|
| उमेश यादव | 4 | 0 | 44 | 0 |
| शिवम मावी | 4 | 0 | 34 | 1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 2 | 0 | 30 | 0 |
| पैट कमिंस | 4 | 0 | 50 | 1 |
| सुनील नरेन | 4 | 0 | 21 | 2 |
| आंद्रे रसेल | 2 | 0 | 29 | 1 |

## श्रेयस अय्यर में कप्तानी के स्वाभाविक गुण: रवि शास्त्री

मुंबई, एजेंसी



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप अपना प्रभाव छोड़ने वाले श्रेयस अय्यर को लेकर भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री कर मानना है कि मुंबई का यह खिलाड़ी स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है। श्रेयस को आईपीएल 2022 से पहले केकेआर का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मैचों में जीत हासिल की है जबकि इतने में ही उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। शास्त्री का दावा है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा श्रेयस कप्तान के तौर पर और बेहतर होते जाएंगे।

शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, कप्तानी श्रेयस (अय्यर) के लिए स्वाभाविक चीज है। उनकी आक्रामक कप्तानी को देखें, आपको लगेगा ही नहीं कि वह पहली बार केकेआर का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह उनके पिछले तीन या चार सत्र टीम का नेतृत्व कर रहे है और यह बात उनके विचारों की स्पष्टता में दिखाई देती है। भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, उनके दिमाग में यह बात साफ है कि उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है। साथ ही, उन्हें पता है कि एक कप्तान के रूप में उन्हें अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचाना और फिर खिताब जिताना है। शास्त्री ने कहा, मैच से पहले और बाद के संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने जिस तरह से बात की है, वह मुझे पसंद आया और इससे पता चलता है कि वह योजना को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं। मुझे विश्वास है कि कप्तान के तौर पर वह एक लंबा सफर तय करेंगे।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने भी इस मुद्दे पर शास्त्री का समर्थन किया। बिशप ने कप्तान के तौर पर श्रेयस का समर्थन किया और कहा कि उनके पास एक अच्छा दिमाग है और केकेआर में मौजूद कुछ अनुभवी खिलाड़ियों का सहयोग और समर्थन भी प्राप्त है। बिशप ने कहा, मुझे लगता है कि लगातार दो हार हार झेलने के बावजूद, श्रेयस के लिए अपनी टीम के साथ जोरदार वापसी करना संभव है।

## जर्मनी के खिलाफ मिली दोनों जीत वास्तव में टीम के लिए अच्छी रही : अमित रोहिदास

भुवनेश्वर, एजेंसी

जर्मनी के खिलाफ अपने आखिरी होम लेग डबल हेडर से सभी छह अंक हासिल करने के बाद, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग अंक तालिका में 12 मैचों में 27 अंकों के साथ शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। भारत के पास अब दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के साथ 10 अंकों का अंतर है।



अमित रोहिदास की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पिछले हफ्ते जर्मनी के खिलाफ 3-0 और 3-1 से जीत दर्ज करके होम लेग का शानदार समापन किया। भारतीय टीम के प्रदर्शन पर कप्तान अमित ने कहा, जर्मनी के खिलाफ दूसरा मैच कठिन था। उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला। मुझे लगता है कि हमारे पास फिनिशिंग में थोड़ी कमी है। मुझे लगता है कि यह वह क्षेत्र है जिसमें हमें आगे खेलते समय सुधार करने की आवश्यकता है। लेकिन, कुल मिलाकर दोनों जीत वास्तव में टीम के लिए अच्छी रही। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, सबसे पहले, जर्मनी के खिलाफ पूर्ण अंक पाना हमारे लिए बेहतर रहा और मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि दोनों मैचों में हमारे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, मैंने लड़कों से कहा कि इन दोनों खेलों से हमें सीखने के नजरिए से बहुत कुछ हासिल होगा। हमने खुद को छह अंक हासिल करने का लक्ष्य रखा है, और लगातार अंक प्राप्त करना हमेशा अच्छा होता है। लेकिन हम जर्मनी के खिलाफ पिछले दो मैचों को भी ऐसे देख रहे थे जैसे हम सेमीफाइनल और गोल्ड मेडल का मैच खेल हों। इसलिए, हमने खेल को कुछ महत्व देने की कोशिश की क्योंकि प्रो लीग में कभी-कभी एक चीज जो हमें याद आती है, वह है क्वार्टर या सेमी या फाइनल खेलने का अवसर।

बेल्जियम और नीदरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ बचे चार मैचों को लेकर भारतीय मुख्य कोच ने कहा, हमारे पास जितने अंक हैं, वह हमारे द्वारा खेले गए खेलों की संख्या के कारण है, इसलिए हाँ, हम इस समय शीर्ष पर हैं।, लेकिन हमारे पास बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ चार मैच बचे हैं, और वे ही निर्धारित करेंगे कि हम कहां खड़े हैं।

## वेदांत माधवन ने डेनिश ओपन तैराकी में स्वर्ण जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत के उदीयमान तैराक वेदांत माधवन ने कोपेनहेगन में डेनिश ओपन में पुरूषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सोलह वर्ष के माधवन ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8:17.28 की टाइमिंग निकाली। उन्होंने स्थानीय तैराक अलेक्जेंडर एल ब्योर्न को 0.10 सेकंड से हराया। वेदांत ने इस स्पर्धा में भले ही स्वर्ण जीत लिया हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर से यह काफी पीछे हे। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के राबर्ट फिंके ने 7:41.87 का समय निकाला था। विश्व रिकॉर्ड 7:32.12 का है। मशहूर अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने हालांकि अपने प्रदर्शन में काफी सुधार लाया है। उनका प्रदर्शन टूनार्मेंट दर टूनार्मेंट बेहतर होता जा रहा है। इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना टाइमिंग दुरूस्त किया। भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश पुरूषों की 100 मीटर बटरफ्लाय ए के फाइनल में 54.24 सेकंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं तानिश जॉर्ज मैथ्यू सी फाइनल में 56.44 के साथ शीर्ष रहे। हीट्स के शीर्ष आठ तैराक ए फाइनल के लिये क्वालीफाई करते हैं। अगले आठ बी में और उसके अगले आठ सी में उतरते हैं। महिला वर्ग में शक्ति बालाकृष्णन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 42 तैराकों में 34वें स्थान पर रही।



## हमने अंतिम पांच ओवरों में अपनी योजनाओं पर अमल नहीं किया : रवीन्द्र जडेजा

पुणे, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ पांचवीं हार का सामना करने के बाद निराश चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रवींद्र जडेजा ने कहा कि उन्होंने शानदार शुरूआत की लेकिन उनकी टीम मैच के आखिरी पांच ओवर में अपनी योजनाओं पर अमल करने में नाकाम रही। डेविड मिलर के नाबाद अर्धशतक और राशिद खान की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत रविवार को यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुजरात ने चेन्नई को तीन विकेट से हरा दिया। मैच के बाद जडेजा ने कहा, हमने शानदार ढंग से शुरूआत की। पहले छह ओवर एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अच्छे थे, लेकिन क्रेडिट मिलर को दिया जाना चाहिए, उन्होंने कुछ अच्छे क्रिकेट शॉट्स खेले। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, विकेट धीमा था और गेंद रूक कर आ रही थी, इसलिए हमने माना कि 169 का स्कोर एक सम्मानजनक स्कोर था। मिलर के नाबाद 94 और कप्तान राशिद खान के 21 गेंदों में बनाए गए 40 रनों की विस्फोटक पारी की बदौलत गुजरात ने सीएसके को सात विकेट से हराया। गुजरात को अंतिम तीन ओवरों में 48 रन चाहिए थे, राशिद ने क्रिस जॉर्डन द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 3 छक्कों और एक चौके की बदौलत 25 रन बनाए। जिसके बाद गुजरात को अंतिम 12 गेंदों पर 23 रनों की जरूरत थी, जिसे गुजरात ने आसानी से बना लिया। जडेजा ने कहा, हमने अंतिम पांच ओवरों में अपनी योजनाओं पर अमल नहीं किया। मुझे लगता है कि क्रिस जॉर्डन अनुभवी हैं, इसलिए मैंने सोचा कि मुझे उनके साथ जाने दिया जाए। वह 4-5 यॉर्कर फेंक सकते हैं। दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हुआ।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और आरसीबी के बीच आईपीएल में वर्चस्व की लड़ाई

नवी मुंबई, एजेंसी

जीत के रथ पर सवार लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आईपीएल के मैच में आज भिड़ेंगे तो मुकाबला केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक के बल्ले और दिनेश कार्तिक तथा ग्लेन मैक्सवेल के धुआंधार फॉर्म के बीच होगा। लखनऊ ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को और आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया है। दोनों के छह मैचों में आठ अंक है और जीत की लय को वे कायम रखना चाहेंगे।



**बल्लेबाजी**

- लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा

लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा। पहले मैच के बाद से कप्तान फाफ डु प्लेसी चल नहीं सके हैं और सलामी बल्लेबाज अनुज रावत भी लगातार फॉर्म में नहीं हैं। विराट कोहली का बल्ला भी खामोश है और अच्छे फॉर्म में दिखने के बावजूद वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। मैक्सवेल के आने से बल्लेबाजी मजबूत हुई है। आस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला ने दिल्ली के खिलाफ 34 गेंद में 55 रन बनाये थे। वहीं कार्तिक अपने दम पर टीम को मैच जिताते आ रहे हैं और एक फिनिशर की भूमिका उन्होंने बखूबी निभाई है। इस सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक का नया ही रूप देखने को मिला है। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे कार्तिक का बल्ला जमकर चला है जिसके दम पर आरसीबी लीग तालिका में शीर्ष चार में हैं। इंजीनियर से क्रिकेटर बने शाहबाज अहमद ने भी बल्लेबाजी में प्रभावित किया है। गेंदबाजी में जोश हेजलवुड ने दिल्ली के खिलाफ शानदार स्पैल डालकर मैच का रुख बदल दिया और आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज इस फॉर्म को जारी रखना चाहेगा। श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा पर भी सभी की नजरें होंगे जबकि डैथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे। दूसरी ओर लखनऊ के कप्तान राहुल 235 रन बना चुके हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ शतक जमाया और सर्वाधिक रनों के मामले में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर (272) से ही पीछे हैं।

डिकॉक भी अच्छे फॉर्म में हैं जबकि युवा आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा और कृणाल पंड्या बड़ी पारियां खेल सकते हैं। जैसन होल्डर और मार्कस स्टोइनिस टीम को मजबूती देते हैं। तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई पर भी सभी की नजरें होंगी।

## दिल्ली कैपिटल्स का विदेशी खिलाड़ी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव, टीम की पुणे यात्रा में विलंब

मुंबई, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स टीम के एक विदेशी खिलाड़ी के कोरोना वायरस संक्रमित पाये जाने के बाद फ्रेंचाइजी को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने अगले मैच के लिए पुणे की यात्रा स्थगित करनी पड़ी। टीम को बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए पुणे रवाना होना था। समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलिया के एक हरफनमौला खिलाड़ी में बीमारी के कुछ लक्षण दिखे, जिसके बाद रैपिड एंटीजन जांच का नतीजा पॉजिटिव आया।



**कोविड**

- जांच में जिनके परिणाम नेगेटिव होंगे वे कल आगे की यात्रा पर जाएंगे

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने सोमवार को बताया, दिल्ली कैपिटल्स को आज पुणे की यात्रा करनी थी, लेकिन दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने कमरे में ही रुकने के लिए कहा गया है। यह पता लगाने के लिए आरटी पीसीआर किया जा रहा है कि दल में कोविड-19 का कोई प्रकोप तो नहीं है या यह पैट्रिक फरहार्ट जैसा इकलौता मामला है। समझा जाता है कि सहयोगी स्टाफ के एक अन्य सदस्य में भी इसके लक्षण हैं लेकिन उसके आरटी-पीसीआर जांच के नतीजे का इंतजार है। सूत्र ने कहा, सभी टीमें पुणे के कोनराड होटल में ठहरी हुई हैं, जहां बीसीसीआई ने बायो-बबल बनाया है। दिल्ली कैपिटल्स को यात्रा करनी थी, लेकिन अब इसमें देरी हो गई है। जाहिर है कि जांच में जिनके परिणाम नेगेटिव होंगे वे कल आगे की यात्रा पर जाएंगे। टीम फिजियो फरहार्ट के पिछले सप्ताह जांच में पॉजिटिव आये थे।

टीम के एक सूत्र ने कहा, हमें आज यहां से रवाना होना था, लेकिन अगली सूचना तक कमरे में रहने के लिए कहा गया है। आईपीएल बायो-बबल के बाहर कोविड-19 के मामले बढ़ने लगे है। बायो-बबल के अंदर भी वायरस का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले सत्र में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच टूर्नामेंट को स्थगित करना पड़ा था। इसे सितंबर-अक्टूबर में यूएई में पूरा किया गया।

## भारत की महिला सॉफ्टबॉल टीम एशियाई खेलों में करेगी पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम वाइल्ड कार्ड मिलने के बाद हांगझोऊ में आयोजित होने वाले आगामी एशियाई खेलों में पदार्पण करेगी। भारतीय हैंडबॉल संघ ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि सॉफ्टबॉल एशिया ने 23 फरवरी को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान भारतीय टीम की वाइल्डकार्ड प्रविष्टि को मंजूरी दी थी। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, वाइल्ड कार्ड के जरिये एशियाई खेलों में महिला टीम का प्रवेश वास्तव में भारत में सॉफ्टबॉल के लिए एक मील का पत्थर है। हांगझोऊ खेलों से हमें महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें तैयार करने का एक अवसर मिलेगा क्योंकि सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में महिलाओं की श्रेणी शामिल है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेलों में प्रदर्शन करना हमारा पहला कदम है। इससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ेगी क्योंकि हम 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले एक मजबूत टीम बनने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से और अधिक सहयोग मिलने की उम्मीद जतायी। सॉफ्टबॉल तोक्यो ओलंपिक का हिस्सा था और 2028 के लॉस एंजिल्स खेलों में भी शामिल होगा।

## रॉब की इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का प्रबंध निदेशक नियुक्त

लंदन, एजेंसी

ब्रॉडकास्टिंग के क्षेत्र में अपने एक सफल करियर के बाद केंट व इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉब की को इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वह तत्काल ही पदभार ग्रहण करेंगे। इसके लिए उन्हें स्काय स्पोर्ट्स के साथ अपने काम से त्यागपत्र देना होगा।



अब रॉब इंग्लैंड क्रिकेट टीम की रणनीति और उसके प्रदर्शन के प्रति जवाबदेह होंगे। इसके साथ ही वह मौजूदा अंतरिम मैनेजिंग डायरेक्टर ऐंड्रयू स्ट्रॉस द्वारा शुरू की गई उच्च कोटि के प्रदर्शन की समीक्षा को सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका अदा करेंगे। भले ही रॉब अतीत में किसी प्रशासनिक पद पर नहीं रहे हैं, इसके बावजूद वह इस पद के प्रबल दावेदारों में से एक थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस रेस से मार्कस नॉर्थ के बाहर होने ने रॉब के मार्ग को और प्रशस्त कर दिया। रॉब ने ऐसे वक्त में पदभार संभाला है, जब इंग्लैंड क्रिकेट टीम उधेड़बुन की स्थिति से गुजर रही है। जो रूट ने हाल ही में इंगलैंड की टेस्ट कप्तानी छोड़ी है। रॉब के सामने सबसे बड़ी चुनौती इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच की नियुक्ति है। अपनी नियुक्ति को लेकर रॉब ने कहा, ₹इस भूमिका का मिलना निश्चित तौर पर मेरे लिए गौरव की बात है। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के आगामी दौर को स्वर्णिम दौर बनाने के लिए मैं भरपूर प्रयास करूंगा। स्काय के साथ बिताए क्षणों का मैंने बहुत लुत्फ उठाया। कभी सोचा नहीं था कि इस अभूतपूर्व अवसर के लिए मुझे स्काय का साथ छोड़ना होगा। मैं व्यक्तिगत तौर पर ब्रायन हेंडरसन और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। रॉब ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा हालात पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, ₹भले ही इस समय इंग्लैंड क्रिकेट टीम चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। लेकिन मेरे लिए याद रखने के लिए यह एक रोचक समय है।

मैं इंग्लैंड टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सबको साथ लाने का प्रयास करूंगा।₹ रॉब स्ट्रॉस की बागडोर को अपने हाथों में संभालेंगे। ऐशेज में मिली 0-4 की करारी हार के बाद पहले एश्ले जाइल्स की बर्खास्तगी और कैरेबियाई धरती पर मिली एक और हार के बाद रूट के कप्तानी से विदा लेने के बाद रॉब पदभार ग्रहण करने जा रहे हैं। टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है। पिछली पांच सीरीज में वह एक भी मर्तबा जीत हासिल नहीं कर पाई है। इतना ही नहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भी वह अंतिम पायदान पर है।

स्ट्रॉस ने कहा है कि उच्च कोटि के प्रदर्शन की समीक्षा का लक्ष्य इंग्लैंड को हर फॉर्मैट की टॉप बनाने का होगा। हालांकि इस संबंध में अभी और विस्तृत जानकारी आना बाकी है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने रॉब की नियुक्ति पर बात करते हुए उनके अंदाज की सराहना की है। हैरिसन ने कहा, ₹अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू स्तरीय खेल के प्रति उनकी समझ और खेल के प्रति उनका जुनून काबिल-ए-तारीफ है। मुझे पूरी उम्मीद है कि टीम के खिलाड़ी और स्टाफ को रॉब के साथ काम करने में बहुत आनंद आएगा।₹

## हरियाणा ने सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप में पंजाब को हराया

रांची, एजेंसी

कप्तान शेफाली वर्मा के 23 गेंद में 50 रन की मदद से हरियाणा ने सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप में पंजाब को तीन विकेट से हरा दिया। हरमनप्रीत ने 38 गेंद में नाबाद 64 रन बनाकर पंजाब को 20 ओवर में तीन विकेट पर 155 रन तक पहुंचाया। हरियाणा ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।



शेफाली ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। वहीं सुमन गूलिया ने 25 गेंद में 31 और मानसी जोशी ने 16 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये। राजकोट में गत चैम्पियन रेलवे ने हिमाचल प्रदेश को 64 रन से हराया। एस मेघना के 40 गेंद में 47 और स्वागतिका रथ के 44 गेंद में 69 रन की मदद से रेलवे ने चार विकेट पर 181 रन बनाये। नियमित कप्तान मिताली राज ने यह मैच नहीं खेला जिनकी जगह स्नेह राणा ने कप्तानी की। जवाब में हिमाचल की टीम 19.2 ओवर में 117 रन पर आउट हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर में मिसाइल हमलों से कई विस्फोट

कीव। पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर में सोमवार तड़के संभवतः मिसाइल हमलों के कारण कई विस्फोट हुए। प्रत्यदर्शियों ने यह जानकारी दी। ल्वीव और पश्चिमी यूक्रेन के बाकी हिस्से, देश के अन्य हिस्सों की तुलना में रूसी आक्रमण में कम प्रभावित हुए हैं और अभी तक शहर को अपेक्षाकृत सुरक्षित आश्रय माना जाता रहा था। ल्वीव के मेयर एंड्री सदोवी ने सोशल मीडिया मंच ह्यफेसबुकह्व पर बताया कि शहर पर पांच मिसाइलें दागी गईं और आपात सेवाएं कर्मी मौके पर मौजूद हैं। विस्तृत जानकारी जल्द दी जाएगी।

### अब तक यूक्रेन के 470 से अधिक ड्रोनों को किया गया नष्ट : रूस

मास्को। रूस ने यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन के 470 से अधिक ड्रोन नष्ट करने का दावा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने रविवार को कहा कि सैन्य अभियान की शुरूआत के बाद से कुल मिलाकर 136 विमान, 471 मानव रहित हवाई वाहन, 249 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, 2,308 टैंक और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 254 मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम, 998 फील्ड आर्टिलरी बंदूकें और मोर्टार तथा 2,171 विशेष सैन्य वाहनों को नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि रूसी रॉकेट बलों और तोपों ने चार यूक्रेनी कमांड पोस्ट, चार तोपखाने बैटरी, दो ईंधन डिपो और 100 से अधिक अन्य यूक्रेनी लक्ष्यों को भेदा है। उल्लेखनीय है कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में अपना सैन्य अभियान शुरू किया है।

### अफगानिस्तान में हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 44 हुयी

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत खोस्त में पाकिस्तान की ओर से किये गये हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है। अफगानिस्तान के प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने शनिवार को बताया था कि अफगानिस्तान के खोस्त और कुनार प्रांतों में हवाई हमले में कई लोगों की मौत हुयी है। इन हमलों में कुल 39 लोगों की जान गई है, जिनमें पांच बच्चे और एक महिला शामिल है। वहीं अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने हवाई हमलों पर विरोध दर्ज कराने के लिए काबुल में पाकिस्तान के राजदूत को तलब किया है। सूत्र ने रविवार को बताया कि हवाई हमले में मारे गए कुछ लोगों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### अमेठी सड़क हादसे में हुई मौतों पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बारातियों से भरी एक जीप और एक ट्रक के बीच भीषण टक्कर के कारण हुई जनहानि पर सोमवार को गहरा शोक जताया और इस हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश में अमेठी के गौरीगंज में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। ज्ञात हो कि रविवार रात अमेठी जिले के गौरीगंज क्षेत्र में बाबूगंज सगरा आश्रम के पास बारातियों से भरी एक जीप और एक ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में छह लोगों की मौत हो गयी तथा चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# हमारे खिलाफ "कोई छोटा सा कदम" उठाने पर भी इजराइल को भुगतना पड़ेगा अंजाम : ईरान

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर इजराइल उनके देश के खिलाफ कोई छोटा सा कदम भी उठाता है, तो ईरानी सशस्त्र बल उसे निशाना बनाएंगे। उन्होंने यह बात तब कही जब ईरान की परमाणु क्षमताओं पर लगाम लगाने के लिए एक समझौते पर बातचीत रुकी हुई है। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का दावा करता है। इजराइल, यह कहते हुए समझौते का विरोध करता है कि यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम या पूरे क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि वे अपने देश की रक्षा के लिए एकतरफा कदम उठाएंगे। रायसी ने ईरान के सशस्त्र बलों की वार्षिक परेड में एक भाषण के दौरान सीधे इजराइल को संबोधित किया।

तेल अवीव का जिक्र करते हुए रायसी ने कहा, यदि आप ईरान के खिलाफ कोई छोटे से छोटा कदम भी उठाते हैं, तो हमारे सशस्त्र बलों का निशाना जायनी (यहूदीवादी) शासन



- तेल अवीव का जिक्र करते हुए रायसी ने कहा, यदि आप ईरान के खिलाफ कोई छोटे से छोटा कदम भी उठाते हैं, तो हमारे सशस्त्र बलों का निशाना जायनी (यहूदीवादी) शासन का केंद्र होगा।

का केंद्र होगा। रायसी ने विस्तार से नहीं बताया, लेकिन कहा कि ईरान इजराइल के हर कदम पर बारीकी से नजर रखता है। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से इजराइल को मान्यता नहीं दी है। इस क्रांति ने पश्चिम समर्थक राजशाही को हटा दिया और इस्लामवादियों को सत्ता में पहुंचाया। यह हमास और हिजबुल्लाह जैसे इजराइल विरोधी आतंकवादी समूहों का समर्थन करता है। रायसी ने कहा कि ईरान की सैन्य शक्ति एक प्रतिरोधक है। उन्होंने कहा कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर देश पर वर्षों से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद सेना अपनी क्षमताओं में सुधार करने में सफल रही है। सोमवार की परेड में जेट लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियों के साथ-साथ सैन्य टैंक, मिसाइल और नौसेना के जहाजों का प्रदर्शन किया गया।

इजराइल ने हाल के वर्षों में फारस की खाड़ी में पड़ोसी अरब देशों के साथ संबंधों में सुधार किया है, जिससे ईरान के नेता नाराज हैं। तेहरान ने अपने परमाणु स्थलों की तोड़फोड़ और अपने परमाणु वैज्ञानिकों की हत्याओं के लिए इजराइल को भी दोषी ठहराया है। परमाणु समझौता चार साल पहले टूट गया था जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने देश को इस समझौते से अलग करते हुए ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। इस बीच, ईरान ने अपने परमाणु कार्य का व्यापक विस्तार किया है।

### यूक्रेन युद्ध के अगले चरण में शामिल होने को तैयार हैं सीरियाई लड़ाके

**बेरूत।** यूक्रेन के विभिन्न शहरों में लगातार हमले कर रहे रूसी सैनिकों की मदद के लिए कुछ सीरियाई लड़ाके भी इस युद्ध में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2017 में सीरिया की अपनी यात्रा के दौरान सीरियाई सेना के एक जनरल की प्रशंसा करते हुए कहा था कि भविष्य में सीरिया और रूसी सेना के सहयोग से बड़े उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। सीरियाई सेना के इस जनरल ने देश में लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध में विद्रोहियों को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुतिन का वह वक्तव्य अब सही साबित होता दिखाई दे रहा है और ब्रिगेडियर जनरल सुहेल अल-हसन की टुकड़ी के सैकड़ों सीरियाई लड़ाके रूसी सैनिकों की ओर से यूक्रेन में कथित तौर पर लड़ने के लिए तैयार हैं। सीरिया के रेगिस्तान में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ वर्षों तक लड़ाई लड़ने वाले सीरियाई सैनिकों, पूर्व विद्रोहियों और अनुभवी लड़ाकों को यूक्रेन में रूसी सेना की मदद के लिए भेजा जा सकता है। रूस के अधिकारियों ने युद्ध की शुरूआत में दावा किया था कि पश्चिम एशिया से 16 हजार से अधिक लड़ाकों ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने की इच्छा जताते हुए प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि रूस पूर्वी यूक्रेन में बड़े पैमाने पर हमले के साथ युद्ध के अगले चरण की तैयारी कर रहा है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया

**कोलंबो, एजेंसी**



- देशभर में हजारों लोग आपातकाल और कर्फ्यू की अवहेलना करते हुए सरकार की निंदा करने के लिये सड़कों पर उतर आए थे, जिसके बाद प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को छोड़कर मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था।

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने सोमवार को 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया, जिसमें उनके भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे, राजपक्षे परिवार की ओर से एक मात्र सदस्य हैं। इस महीने की शुरूआत में देशभर में हजारों लोग आपातकाल और कर्फ्यू की अवहेलना करते हुए सरकार की निंदा करने के लिये सड़कों पर उतर आए थे, जिसके बाद प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को छोड़कर मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति को विपक्षी सदस्यों को साथ लेते हुए समावेशी कैबिनेट के गठन का रास्ता साफ करने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि विपक्ष ने पेशकश को ठुकरा दिया था।

महिंदा राजपक्षे ने सोमवार को 17 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ शपथ ली। इससे पहले तीन मंत्रियों को नियुक्त किया गया था। नये मंत्रिमंडल में परिवार की ओर से पूर्व सदस्यों चामल राजपक्षे और महिंदा के बेटे नामल राजपक्षे को जगह नहीं दी गई है। ये दोनों कैबिनेट मंत्री थे जबकि शशिंद्र राजपक्षे राज्यमंत्री थे। श्रीलंका 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद, अब तक के सबसे बदतर आर्थिक हालात से गुजर रहा है।

आर्थिक संकट के चलते देश में राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। इसके चलते लोग पिछले दिनों घंटों बिजली गुल रहने व ईंधन, खाद्य सामग्री, तथा रोजमर्रा की जरूरत के सामान की कमी के कारण सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करने लगे।

# 'टेस्ला' शेयरधारकों के एक समूह ने मस्क के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**डेट्रॉयट (अमेरिका), एजेंसी**

टेस्ला कम्पनी के शेयरधारकों के एक समूह ने कम्पनी को निजी बनाने के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के 2018 के कुछ ट्वीट को लेकर उन पर मुकदमा कर दिया है और संघीय न्यायाधीश से मस्क को मामले पर टिप्पणी करना बंद करने का आदेश देने का अनुरोध किया है।

अदालती दस्तावेजों में टेक्सास स्थित कम्पनी के शेयरधारकों के वकीलों ने कहा कि मामले में एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया था कि टेस्ला को निजी बनाने के लिए निधि सुरक्षित रखने से जुड़े मस्क के ट्वीट झूठे थे और उनकी टिप्पणी 2018 के अदालती समझौते का भी उल्लंघन करती है। समझौते के तहत मस्क और टेस्ला ने दो-दो करोड़ डॉलर का जुमार्ना देने पर सहमति व्यक्त की थी।

गौरतलब है कि मस्क ने बृहस्पतिवार को टेड 2022 सम्मेलन में एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि



उनके पास 2018 में टेस्ला को निजी बनाने के लिए धन था। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल इसलिए समझौता कर लिया क्योंकि बैंक अधिकारियों ने उन्हें कहा था कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे धन मुहैया करना बंद कर देंगे और टेस्ला कम्पनी दिवालिया हो जाएगी।

टेस्ला शेयरधारकों के वकीलों ने शुक्रवार को दायर अदालती दस्तावेजों में आरोप लगाया कि मस्क मुकदमे में संभावित ज्यूरी के सदस्यों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

वकीलों का कहना है कि मस्क संभावित ज्यूरी के सदस्यों को प्रभावित करने के लिए अभियान चला रहे हैं, क्योंकि मामले पर जल्द सुनवाई शुरू होने वाली है। उन्होंने तर्क दिया कि मस्क ने 2018 के ट्वीट में टेस्ला को निजी बनाने के लिए 420 डॉलर प्रति शेयर की कीमत केवल शेयर की कीमतों में फेरबदल करने के लिए बताई थी।

वकीलों ने सैन फ्रांसिस्को में न्यायाधीश एडवर्ड एम. चेन से अनुरोध किया कि सुनवाई पूरी होने तक मस्क को इस मुद्दे पर आगे सार्वजनिक टिप्पणी करने से रोका जाए। इसके बाद, चेन ने मस्क के वकीलों से बुधवार तक मामले पर अपला रुख स्पष्ट करने को कहा।

मुकदमा ऐसे समय में दायर किया गया है, जब ट्विटर को खरीदने की पेशकश को लेकर पिछले कुछ दिनों से मस्क एक बार फिर चर्चा में बने हैं। मस्क ने ट्विटर के प्रत्येक शेयर के लिए 54.20 डॉलर की पेशकश की है। कुल मिलाकर यह पेशकश 43 अरब डॉलर से अधिक की है।

# शंघाई में कोविड-19 की मौजूदा लहर के दौरान संक्रमण से तीन मरीजों की मौत

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक वित्तीय केंद्र शंघाई में कोविड-19 की मौजूदा लहर के दौरान सोमवार को संक्रमण के कारण तीन मरीजों की मौत दर्ज की गयी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को बताया कि शंघाई में रविवार को कोविड-19 से तीन मरीजों की मौत हुई। मृतकों में सभी की उम्र 89 से 91 वर्ष बताई जा रही है तथा तीनों ने ही टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। करीब 2.6 करोड़ की आबादी वाले शंघाई में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमितों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में एक मार्च से अब तक कोविड-19 के 3,72,000 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

चीन में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,723 नये मामले दर्ज किए गए, जिसमें से केवल शंघाई में ही 2,417 नये मामले सामने आए। राष्ट्रींगय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक चीन में रविवार को स्थानीय स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण के 20,639 मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें बीमारी का कोई लक्षण मौजूद नहीं था।

शंघाई की स्थानीय सरकार ने शहर में उत्पादन इकाईयां फिर से शुरू करने के लिए रविवार को औद्योगिक उद्यमों के लिए कोविड-19 संबंधी नये दिशा-निर्देश जारी किए। इस बीच, शंघाई में कई दिनों से लोगों को लॉकडाउन समेत अन्य कोविड-19 संबंधी पाबंदियों का कड़ाई से पालन करना पड़ रहा है। शंघाई में तीन बार व्यापक स्तर पर लोगों की जांच की जा चुकी है। सामुदायिक स्तर पर बनाए गए पृथकवास केंद्रों में रह रहे लोगों को भयावह परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। बेबेई (30) नामक एक महिला ने अपने अनुभवों के बारे में बताया कि उन्हें एक ऊंची छत वाले केंद्र में रखा गया है जहां चारपाइयों की कतारें हैं और हजारों अजनबियों की मौजूदगी में उन्हें एक ही छत के नीचे सोना पड़ता है। बेबेई का कहना है कि लाइटें 24 घंटे जली रहती हैं और नहाने के लिए गर्म पानी भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है।

### शहबाज ने जतायी भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध की इच्छा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंधों की इच्छा व्यक्त की है और कहा है कि जम्मू-कश्मीर सहित सभी पुराने विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से ही इसे सबसे अच्छी तरह हासिल किया जा सकता है। स्थानीय अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से रविवार को बताया कि यह पत्र श्री मोदी के बधाई वाले ट्वीट के जवाब में लिखा गया है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री ने आतंक-मुक्त वातावरण में संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी। श्री मोदी ने 11 अप्रैल को श्री शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, भारत क्षेत्र में आतंक से मुक्ति तथा शांति एवं स्थिरता चाहता है, ताकि हम अपनी विकास चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें और अपने लोगों की भलाई एवं समृद्धि सुनिश्चित कर सकें।

# यमन में हादी ने सऊदी अरब के दबाव में राष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

**साना, एजेंसी**

यमनी के राष्ट्रपति अब्दराबुह मंसूर हादी ने सऊदी अरब के दबाव में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वे नजरबंद हैं।

अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अखबार ने रविवार को सऊद अरब और यमन को अधिकारियों के हवाले से रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने कथित तौर पर रियाद में बातचीत के दौरान श्री हादी को एक लिखित आदेश दिया, जिसमें राष्ट्रपति परिषद की शक्तियों का उपयोग करने के लिए प्रतिनिधिमंडल का प्रावधान है। अखबार के मुताबिक सऊदी अरब अधिकारियों ने श्री हादी पर पद छोड़ने के लिए दबाव डाला और उसकी कथित भ्रष्ट गतिविधियों के सबूत जारी करने की धमकी दी। सऊदी अरब के



एक अधिकारी ने बताया कि सऊदी अधिकारियों ने श्री हदी को रियाद में उसके घर तक सीमित कर दिया है और उसके साथ संचार को प्रतिबंधित कर दिया है। इन दावों को हालांकि कुछ अन्य अधिकारियों ने खारिज किया है। उल्लेखनीय है कि श्री हादी ने इस महीने की शुरूआत में यमन के देश में सात साल से चल रहे युद्ध के बाद पद छोड़ दिया था और अपनी शक्ति नव निर्मित राष्ट्रपति परिषद को सौंप दी, जिसमें आठ राजनीतिक नेता शामिल हैं।

### विश्व विरासत दिवस के मौके पर सभी स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश

**नई दिल्ली।** विश्व विरासत दिवस के मौके पर देश भर के ऐतिहासिक स्मारकों में लोग नि:शुल्क प्रवेश कर सकेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारक जैसे लालकिला, कुतुबमीनार, ताजमहल में लोगों का प्रवेश नि:शुल्क होगा। इसके साथ संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय बावलियों पर अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। सुबह 11.30 बजे से इस प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। हमारे पूर्वजों और पुराने समय की यादों को संजोकर रखने वाले इन अनमोल वस्तुओं की कीमत को ध्यान में रखकर ही संयुक्त राष्ट्र की संस्था युनेस्को ने वर्ष 1983 से हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इससे पहले हर साल 18 अप्रैल को विश्व स्मारक और पुरातत्व स्थल दिवस के रुप में मनाया जाता था। युनेस्को ने हमारे पूर्वजों की दी हुई विरासत को अनमोल मानते हुए इस दिवस को विश्व विरासत दिवस में बदल दिया।

पुन्हाना नगरपालिका से चैयरमैन पद के भावी प्रत्यासी जुबेर खान पार्षद की ओर से
रमजान माह की हार्दिक शुभकामनाएं
जुबेर खान
संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा, नूंह
सम्पर्क: 9812195786

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

LIC health insurance car insurance
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS DRIVEN | HOLSET TURBOCHARGERS | Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS | LIS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106

**चर्चा** स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र के विचारशील नेताओं ने हीमोफिलिया और अन्य रक्तस्राव विकारों और देश में देखभाल व उपचार के लिए स्थायी और न्यायसंगत पहुंच बढ़ाने पर चर्चा

# स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से HFI द्वारा आयोजित एक संवेदीकरण कार्यक्रम और भविष्य की राह

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

हीमोफिलिया फेडरेशन (इंडिया) (HFI) देश में हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्तियों (PwH) के कल्याण के लिए सामूहिक स्तर पर काम करने वाला एक शीर्ष संगठन है। इस संगठन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से होटल इन, एयरो सिटी में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार में संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल थे। कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि हीमोफिलिया फेडरेशन इंडिया हीमोफिलिया केयर VI कॉन्फ्रेंस 2022 की के तौर पर देशभर के बेहतरीन चिकित्सा पेशेवरों



- इस संगठन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से होटल इन, एयरो सिटी में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

को एक मंच पर लाया है। यह लोग मिलकर इस समस्या का सबसे अच्छा समाधान खोजने और नीति स्तर पर आवश्यक परिवर्तनों पर चर्चा कर रहे हैं। यह एक बहुत अच्छा कदम है। इस विषय पर जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण है और इस तरह के आयोजन हीमोफिलिया की जानकारी पूरे देश के साथ साझा करने में मदद करते हैं। माननीय श्री मोहम्मद फैजल पी पी, सांसद, लक्षद्वीप, एनसीपी और माननीय श्री हर्ष मंगला, आईएएस, निदेशक, एनएचएम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने भारत में दुर्लभ बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा करने व सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए नए कदमों और नई नीतियों के बारे में बताया। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर HFI के प्रेसिडेंट श्री प्रेमरूप अल्वा ने कहा, विश्व हीमोफिलिया दिवस दुनियाभर में 140 देशों में मनाया जाता है। यह हमारी मुख्य पहलों में से एक है। इस दिन हमारे साथ जितने अधिक लोग जुड़ेंगे और इस विषय पर बात करेंगे, उतना ही हीमोफिलिया समुदाय को अपने मुद्दों को सबके सामने रखने के अवसर प्राप्त होंगे। हमें खुशी है कि स्वास्थ्य मंत्रालय हीमोफीलिया की व्यापक देखभाल के लिए HFI के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है। हमने एक लंबा सफर तय किया है। हमें आगे भी बहुत लंबा सफर तय करना है। हीमोफिलिया समुदाय के सामने कई तरह की मुश्किलें हैं, जैसे- पहचान न कर पाना, सरकारी खरीद में भारी अभाव, असमान वितरण। यह ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें राज्य और केंद्रीय स्तर पर अच्छी हीमोफिलिया नीति बनाकर दूर किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129